श्रावण शुक्ल पक्ष अष्टमी 9:31 उपरांत नवमी, विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 13 अगस्त 2024

वर्ष 4, अंक 177, पृष्ठ 14

2 राज्य, 6 संस्करण

मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

फाइनल में पहुंचीं अमांडा-जेसिका 13

कैंसर का दौर बहुत कठिन था : मनीषा कोइराला 14

खुदरा महंगाई घटी, 3.54% पर आई

नई दिल्ली, एजेंसी

इस वर्ष जुलाई में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित खुदरा महंगाई पांच वर्ष के निचले स्तर 3.54 प्रतिशत पर आ गई, जबकि पिछले वर्ष जुलाई में यह 7.44 प्रतिशत पर रही थी और इस वर्ष जून में यह 5.08 प्रतिशत पर थी।

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार महंगाई में यह गिरावट बेहतर बेस इफेक्ट की वजह से आई है। जुलाई में खुदरा महंगाई अगस्त 2019 के बाद के निचले स्तर पर आई है। जुलाई में ग्रामीण इलाकों में महंगाई 4.1 प्रतिशत रही, जबकि जून में 5.66 प्रतिशत थी।

- पांच साल बाद 4 प्रतिशत से नीचे पहुंचा आंकड़ा, जून में थी 5.08%

इसी तरह से जुलाई में शहरी इलाकों में महंगाई 2.98 प्रतिशत रही, जबकि जून में 4.39 प्रतिशत थी। जुलाई में खाद्य महंगाई दर 5.42 प्रतिशत रही, जबकि जून में 9.36 प्रतिशत थी।

इस वर्ष जुलाई में अनाज की महंगाई 8.14 प्रतिशत रही, जबकि जून में 8.75 प्रतिशत थी। इसी प्रकार से जुलाई में दालों की महंगाई 14.77 प्रतिशत रही, जबकि जून में 16.07 प्रतिशत थी। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि जुलाई-सितंबर 2024 के लिए आरबीआई के 4.4 प्रतिशत महंगाई दर के अनुमान की तुलना में महंगाई दर में गिरावट आश्चर्यजनक हो सकती है।

जून में औद्योगिक उत्पादन 4.2% बढ़ा

सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार जून महीने में औद्योगिक उत्पादन 4.2 प्रतिशत बढ़ा। एक साल पहले इसी अवधि में इसमें 4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। अप्रैल-जून तिमाही में औद्योगिक उत्पादन 5.2 प्रतिशत बढ़ा, जबकि एक साल पहले इसमें 4.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

एनआईआरएफ रैंकिंग-2024 | विश्वविद्यालय श्रेणी में बीएचयू पांचवें नंबर पर, तो ओवरऑल रैंकिंग में आईआईटी रुड़की को आठवां स्थान

आईआईटी मद्रास शीर्ष संस्थान, आईआईटी कानपुर पांचवें नंबर पर

नई दिल्ली, एजेंसी

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को नेशनल इंस्टीट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क 2024 (एनआईआरएफ) की सूची जारी कर दी है। देश के सर्वश्रेष्ठ शिक्षण संस्थान का ताज आईआईटी मद्रास के सिर लगातार छठी बार बंधा है। वहीं, भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) बेंगलुरु को भी लगातार नौवीं बार सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय चुना गया है

इस सूची में संपूर्ण श्रेणी में आईआईएससी बेंगलुरु दूसरे स्थान पर और आईआईटी मुंबई तीसरे स्थान पर रहा है। वहीं, कानपुर आईआईटी पांचवें स्थान पर तो आईआईटी रुड़की आठवें पायदान पर रहे। देश के शीर्ष दस संस्थानों में आठ आईआईटी के साथ नई दिल्ली स्थित एम्स और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) हैं। विश्वविद्यालय श्रेणी में आईआईएससी बेंगलुरु टॉप पर रहा, जबकि जेएनयू दूसरे और जामिया मिलिया इस्लामिया तीसरे स्थान पर रहा। वहीं बीएचयू, वाराणसी पांचवें पायदान पर रहा। इंजीनियरिंग कॉलेजों की सूची में शीर्ष दस संस्थानों में नौ आईआईटी शामिल हैं। प्रबंधन संस्थानों की बात करें तो आईआईएम अहमदाबाद ने अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदू कॉलेज और मिरांडा हाउस ने भी कॉलेज श्रेणी में एक दूसरे का स्थान ले लिया है। अब हिंदू कॉलेज शीर्ष पर है। विधि संस्थानों में नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी बेंगलुरु शीर्ष पर। मेडिकल कॉलेजों की श्रेणी में एम्स नई दिल्ली अव्वल रहा है।

टॉप-10 में उत्तर प्रदेश की धाक

ओवरऑल रैंकिंग में आईआईटी कानपुर पांचवें नंबर पर रहा। इंजीनियरिंग श्रेणी के तहत शीर्ष संस्थान में भी आईआईटी कानपुर पांचवे पायदान पर रही, जबकि आईआईटी-बीएचयू वाराणसी को दसवां स्थान मिला। शीर्ष प्रबंधन संस्थानों की सूची में आईआईएम लखनऊ सातवें पायदान पर रहा। विश्वविद्यालय श्रेणी में बीएचयू वाराणसी पांचवें और एएमयू अलीगढ़ आठवें नंबर पर रहा।

आर्किटेक्चर-प्लानिंग श्रेणी में आईआईटी रुड़की अव्वल

समग्र श्रेणी में शीर्ष 10 संस्थानों में आईआईटी रुड़की आठवें पायदान पर रहा। इंजीनियरिंग श्रेणी में आईआईटी रुड़की छठे नंबर पर रही, जबकि आर्किटेक्चर और प्लानिंग श्रेणी के तहत शीर्ष संस्थानों में आईआईटी रुड़की पहले नंबर पर काबिज है।

एक नजर

प्रत्यक्ष कर संग्रह बढ़कर 6.93 लाख करोड़ हुआ

नई दिल्ली। चालू वित्त वर्ष में 11 अगस्त तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 22.48% बढ़कर 6.93 लाख करोड़ रुपये हो गया। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार संग्रह में 4.47 लाख करोड़ रुपये का व्यक्तिगत आयकर संग्रह और 2.22 लाख करोड़ रुपये का कॉरपोरेट कर संग्रह है। प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) से 21,599 करोड़ रुपये एकत्र हुए, जबकि अन्य करों से सरकार को 1,617 करोड़ की कमाई हुई। इस साल एक अप्रैल से 11 अगस्त के बीच 1.20 लाख करोड़ के रिफंड जारी हुए, जो 33.49% की वृद्धि है। 2023-24 में अर्जित आय के लिए दाखिल हुए रिटर्न में उछाल से कर संग्रह बढ़ा।

यूजीसी-नेट परीक्षा दोबारा ही होगी, याचिका खारिज

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कथित रूप से प्रश्नपत्र लीक होने के बाद यूजीसी-नेट (राष्ट्रीय योग्यता परीक्षा) परीक्षा रद करने के सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली कुछ परीक्षार्थियों की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि इस पर इस समय सुनवाई करने से अव्यवस्था पैदा होगी। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि सरकार 21 अगस्त को नए सिरे से परीक्षा आयोजित कर रही है और छात्रों के मन में इस समय एक प्रकार की तसल्ली की भावना होनी चाहिए।

बिहार: वक्फ की जमीन पर बनेंगे मैरिज हॉल

पटना। बिहार सरकार सुन्नी और शिया वक्फ बोर्ड के तहत पंजीकृत संपत्तियों के विकास के लिए बहुउद्देशीय भवन, विवाह भवन, बाजार परिसर और अन्य संरचनाओं के निर्माण की तैयारी कर रही है। अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खान ने कहा कि सरकार ने राज्य के विभिन्न हिस्सों में 21 नए मदरसे स्थापित करने का भी निर्णय लिया है। खान ने बताया कि पटना, पूर्णिया, कैमूर, कटिहार, किशनगंज, नवादा और सीवान में 2023-24 में बहुउद्देश्यीय भवन, बाजार परिसर और पुस्तकालय के निर्माण के लिए दस परियोजनाएं प्रस्तावित की गई थीं। उन्होंने कहा कि 2024-25 में सीवान और भागलपुर जिलों में बहुउद्देशीय भवनों, गेस्ट हाउस, विवाह भवन, वक्फ कार्यालय भवनों और बाजार परिसरों का निर्माण किया जाएगा।

बांग्लादेश में दंगाइयों ने भारतीय सेना की जीत का स्मारक तोड़ा

कांग्रेस नेता शशि थरूर ने साझा की तस्वीर, अंतरिम सरकार से हालात संभालने की अपील

ढाका/नई दिल्ली, एजेंसी

बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार का तख्तापलट होने के बाद दंगाइयों और उपद्रवी अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हमले तो कर ही रहे हैं, मुक्ति संग्राम का इतिहास बताने वाली ऐतिहासिक निशानियों को भी नहीं छोड़ रहे हैं। दंगाइयों ने 1971 के युद्ध के बाद पाकिस्तान सेना के आत्मसमर्पण वाली मूर्तियों को भी नष्ट कर दिया। कांग्रेस नेता शशि थरूर ने इन तस्वीरों को ट्वीट करते हुए कहा कि बांग्लादेश की आजादी के उपलक्ष्य में बनाई गई एक मूर्ति को भारत विरोधी उपद्रवियों ने नष्ट कर दिया है।

तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस सांसद ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 1971 के शहीद स्मारक परिसर, मुजीबनगर में भारत विरोधी उपद्रवियों द्वारा नष्ट की गई मूर्तियों की ऐसी तस्वीरें देखकर दुख हुआ। उन्होंने कहा कि कई स्थानों पर भारतीय सांस्कृतिक केंद्र, मंदिरों और हिंदू घरों पर हमलों के बाद इसे भी निशाना बनाया गया। हालांकि मुस्लिम नागरिकों द्वारा अल्पसंख्यक घरों और पूजा स्थलों की रक्षा करने की खबरें भी आईं। शशि थरूर ने मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली नई कार्यवाहक सरकार से कानून और व्यवस्था बहाल करने के लिए तत्काल कदम उठाने का आग्रह किया। बता दें कि 1971 के युद्ध ने न केवल बांग्लादेश को आजाद कराया, बल्कि पाकिस्तान को भी झटका दिया था।

गृह मामलों के सलाहकार सखावत हुसैन ने अल्पसंख्यकों से मांगी माफी

ढाका। बांग्लादेश में गृह मामलों के सलाहकार ब्रिगेडियर जनरल (रिटायर्ड) एम सखावत हुसैन ने अल्पसंख्यकों को सुरक्षा देने में नाकामी पर माफी मांगी है। उन्होंने कहा, मैं अपने अल्पसंख्यक भाइयों से माफी चाहता हूं। भाई हमें माफ करें। अभी भी हमारे यहां हालात अस्थिर हैं। हम हर जगह आपको सुरक्षा नहीं दे पाए। कुछ जगहों पर सिविल सोसाइटी के लोगों ने अल्पसंख्यकों को सुरक्षा दी है। पुलिस और रैपिड एक्शन फोर्स की हालत अभी भी अच्छी नहीं है, लेकिन हालात सुधरेंगे।

हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करे बांग्लादेश की अंतरिम सरकार: प्रियंका गांधी

नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमलों की खबरों को लेकर सोमवार को चिंता प्रकट की और उम्मीद जताई कि मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार हिंदू, ईसाई और बौद्ध धर्म को मानने वाले लोगों की सुरक्षा व सम्मान सुनिश्चित करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी सभ्य समाज में धर्म, जाति, भाषा या पहचान के आधार पर भेदभाव, हिंसा और हमले अस्वीकार्य हैं। बांग्लादेश में शेख हसीना के नेतृत्व वाली सरकार के अपदस्थ होने के बाद से वहां हिंदुओं के खिलाफ हिंसा की घटनाएं हो रही हैं। प्रियंका गांधी ने 'एक्स' पर कहा, 'पड़ोसी देश बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर लगातार हमलों की खबरें विचलित करने वाली हैं।

कर्ज से परेशान सहारनपुर का सर्राफा कारोबारी पत्नी समेत गंगा में कूदा

ब्यूरो, हरिद्वार

अमृत विचार : कर्ज के जाल में सहारनपुर के सराफा कारोबारी अपनी पत्नी समेत गंगा में कूद गया। पति का शव सोमवार सुबह गंगनगर से बरामद हुआ है, जबकि पत्नी का अभी तक पता नहीं चल पाया है। सुसाइड से पहले दंपति ने सेल्फी व लोकेशन परिजनों को भेजी थी। परिजन व पुलिस उनकी तलाश में जुटे थे।

रानीपुर कोतवाली क्षेत्र के जमालपुर खुर्द गांव के पास गंगनहर से सोमवार सुबह करीब 9.30 बजे एक शव दलदल फंसा हुआ मिला। पुलिस ने शव को दलदल से बाहर निकलवाया। मृतक की जेब से मोबाइल और पर्स मिला। पर्स से मिले कुछ कागजातों से मृतक की शिनाख्त सौरभ बब्बर पुत्र दर्शनलाल बब्बर (35) निवासी किशनपुरा, सहारनपुर के रूप में हुई। पुलिस ने मृतक के परिजनों से संपर्क किया। पुलिस की जांच में सामने आया कि सौरभ बब्बर ने अपनी पत्नी मोना के साथ हरिद्वार हरकी पैड़ी के आसपास सुसाइड किया था। क्योंकि वहीं से सौरभ ने 10 अगस्त को अपने परिजनों को व्हाट्सएप पर सुसाइड नोट और लोकेशन भेजी थी। इस पर सौरभ के परिजनों ने हरिद्वार पुलिस से संपर्क भी किया था। पुलिस सौरभ और उसकी पत्नी की खोजबीन में जुटी थी, कि आज सौरभ की लाश मिली। वहीं उसकी पत्नी का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

रानीपुर कोतवाली प्रभारी विजय सिंह के मुताबिक सौरभ की साईं ज्वेलर्स के नाम से सहारनपुर में ज्वैलर्स की दुकान है। वह किट्टी संचालित किया करता था, पैसे भी उसी के पास जमा होते थे। इसमें नुकसान होने वजह से उस पर काफी कर्जा हो गया था। उसने स्थानीय लोगों से काफी उधार ले रखा था। जिसके चलते पति-पत्नी दोनों परेशान चल रहे थे। दोनों 10 अगस्त को सहारनपुर से हरिद्वार आ गए थे, जहां उन्होंने सुसाइड कर लिया।

- कारोबारी का शव गंगनहर में मिला पत्नी के शव की तलाश जारी
- सुसाइड नोट, सेल्फी और लोकेशन परिजनों को भेजी

मैक्स गाड़ी पर पहाड़ी से गिरा पत्थर, चालक की मौत

देहरादून, अमृत विचार : उत्तरकाशी में यमुनोत्री हाईवे पर मैक्स गाड़ी पर पहाड़ी से बड़ा पत्थर गिर जाने से चालक की मौत हो गई और दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार मैक्स गाड़ी सोमवार सुबह बड़कोट से उत्तरकाशी जा रही थी। ओरछा बैंड के पास अचानक टैक्सी के ऊपर पहाड़ी से बड़ा पत्थर गिर गया। हादसे में वाहन के परखच्चे उड़ गए, जिससे चालक की मौके पर ही मौत हो गई। गाड़ी में सवार दो अन्य लोग घायल हो गए। बड़कोट एसओ दीपक कठैत ने बताया कि दो घायलों को अस्पताल भेजा गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी देदी गई। मृतक चालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज गया है।

गड्ढे में गिरने से दो मजदूरों की मौत

ब्यूरो, हरिद्वार

अमृत विचार : हल्द्वानी के बाद सोमवार को रुड़की में शौचालय के गड्ढे में गिरे दो मजदूरों की जहरीली गैस से दम घुटने से मौत हो गई। एक और ग्रामीण गैस की चपेट में आने से बेसुध हो गया। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। शटरिंग हटाते वक्त शौचालय के गड्ढे पर पड़ा स्लैप टूट जाने से हादसा हुआ। रविवार को हल्द्वानी में गोमूत्र के टैंक की सफाई को उतरे दंपति की जहरीली गैस की चपेट में आने से मौत हो गई थी।

रुड़की के पास जौनपुर गांव में एक मकान का निर्माण चल रहा है। सोमवार को रणसुरा गांव निवासी राशिद और उस्मान मकान के लिंटर की शटरिंग खोलने आए थे। बताते हैं कि शटरिंग खोलकर जाने लगे तो वहां मौजूद शौचालय के गड्ढे पर पड़ा स्लैप टूट गया, जिससे और राशिद गड्ढे में जा गिरा। राशिद को बचाने के लिए उस्मान और एक अन्य ग्रामीण भी गड्ढे में कूद गए। गड्ढे में जहरीली गैस (मीथेन) की वजह से तीनों बेसुध हो गए। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने जैसे-तैसे तीनों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक राशिद व उस्मान की मौत हो चुकी थी। जबकि तीसरा व्यक्ति बेसुध था, उसे तत्काल अस्पताल भिजवाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

शौचालय का वह गड्ढा, जिसमें हादसा हुआ। ● अमृत विचार

- रुड़की में शौचालय के गड्ढे पर पड़ा स्लैप टूटने से हुआ हादसा, जहरीली गैस से एक अन्य गंभीर

भतीजे ने गला रेत कर चाची को मौत के घाट उतारा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : कोतवाली थाना क्षेत्र के कुल्यालपुरा में भतीजे ने चाकू से चाची का गला रेत कर मौत के घाट उतार दिया। हमलावर ने गले के साथ ही छाती, पेट, दोनों हाथ और पुट्ठे पर चाकू से ताबड़तोड़ वार किए। चीख-पुकार सुन बचाने पहुंचे दुकानदार को भी हमलावर ने मारने की कोशिश की। वारदात के बाद हमलावर टहलते हुए फरार हो गया। पुलिस ने बुरी तरह लहूलुहान हालत में महिला को निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। पुलिस फरार आरोपी की तलाश में जुट गई है।

गली नंबर दो कुल्यालपुरा निवासी कालीचरण गुप्ता पत्नी कुसुमलता (55 वर्ष) के साथ रहते हैं। बेटी शुभांशी गुड़गांव में नौकरी करती है। सोमवार को कालीचरण सामान लेने बाजार गए थे। घर पर कुसुमलता अकेली थीं। तभी मुखानी चौराहे के पास रहने वाला कालीचरण का भतीजा गौरव गुप्ता पुत्र नरेश गुप्ता उनके घर पहुंचा। अचानक भतीजे को देख कर कुसुमलता को आश्चर्य नहीं हुआ, लेकिन जब भतीजे ने पुराने विवाद छेड़े तो कहासुनी हो गई। तभी मौका पाते ही गौरव ने कुसुमलता पर हमला कर उन्हें चाची बेड पर गिरा दिया। इसके बाद कमर में छिपा कर रखे चाकू से उन पर ताबड़तोड़ वार करने लगा। पहला हमला उसके गले पर किया। वह बचने के लिए भागी तो हमलावर ने सीने, पेट, दोनों हाथ और पुट्ठे पर चाकू से वार कर डाले। चीख-पुकार सुनकर कुसुमलता के किराएदार राजपुरा निवासी पिता-पुत्र लालाराम व विनोद उसे बचाने पहुंच गए। चाची की जान लेने पर आमादा गौरव ने उनकी ओर भी चाकू तान दिया और जान से मारने की धमकी दी। लालाराम के मुताबिक इतनी बड़ी घटना को अंजाम देने के बाद भी हमलावर ने हड़बड़ी नहीं दिखाई बल्कि वह टहलता हुआ फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना डायल 112 को दी। एसपी सिटी प्रकाश चंद्र, कोतवाल उमेश कुमार मलिक दलबल समेत मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बुरी तरह लहूलुहान कुसुमलता को नैनीताल रोड स्थित निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां कुछ देर बाद ही चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एसपी सिटी प्रकाश चंद्र ने बताया कि घटना के पीछे पारिवारिक विवाद की बात सामने आ रही है। मृतका के पति ने अपने ही भतीजे पर घटना को अंजाम देने का आरोप लगाया है। हमलावर की तलाश शुरू कर दी गई है।

- गर्दन, सीना और हाथ में चाकू से किए घाव
- हमलावर से बचाने पहुंचे दुकानदार को भी धमकाया

देहरादून में फर्जी कॉल सेंटर से यूएसए और कनाडा के लोगों से धोखाधड़ी

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : राजधानी में एसटीएफ ने एक और फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया है। कॉल सेंटर से अमेरिका और कनाडा के नागरिकों से धोखाखड़ी कर रकम ऐंठी जाती थी। पोर्न साइट का डर दिखाकर उन्हें झांसे में लिया जाता था। टीम ने दो लोगों को गिरफ्तार पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

एसटीएफ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल के मुताबिक सहस्त्रधारा राजपुर रोड स्थित एक प्लैट में कुछ युवकों द्वारा अवैध रुप से कॉल सेंटर संचालित करने की जानकारी मिली थी। पुलिस टीम जांच में जुटी थी, लेकिन संचालक नहीं मिल थे। इधर, पुलिस ने शहर से भागने की कोशिश कर रहे सेंटर संचालक दिल्ली के रोहिणी निवासी तनिष्क वर्मा व हरिदासनगर निवासी गौतम बागोरिया को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि वे अपने तीन अन्य साथियों के साथ कॉल सेंटर संचालित कर रहे हैं। पुलिस ने सेंटर से 3 लैपटॉप, 2 मोबाइल फोन, 2 वाई-फाई राऊटर व अन्य उपकरण बरामद किए।

एसएसपी ने बताया कि सेंटर से यूएसए व कनाडा के नगारिकों को भ्रमित कर तथा पॉप-अप मैसेज के माध्यम से उनके द्वारा पोर्न वीडियो देखे जाने व उनके बैंक खातो में धोखाधडी की बात कहते हुए डराकर मोटी रकम ऐंठी जा रही थी। विदेशी कॉल को एक्स-लाइट डायलर के माध्यम से विदेशी कॉलर को डराते हैं। साथ ही पॉपअप डलवाकर स्वयं को माइक्रोसॉफ्ट एंव एप्पल कम्पनी का प्रतिनिधि बताते हैं।

विदेशी कॉलर को कहा जाता है कि उनके सिस्टम में पोर्न साइट देखी गई है, जिस पर कार्रवाई की जाएगी। इस पर वे मोटी रकम ऐंठ लेते हैं। चंडीगढ़ व दिल्ली में बैठे उनके साथी धनराशि वसूलते हैं। एसएसपी ने बताया कि बरामद लैपटॉप की जानकारियों को खंगाला जाएगा।

- पोर्न साइट का डर दिखाकर ऐंठते थे मोटी रकम

ठगी का मायाजाल | प्रदेश में रोज दर्ज हो रहे 35-40 मामले, पिछले साल 12 हजार लोगों से हुई थी ठगी

55 माह में 50 हजार लोग हुए साइबर ठगी के शिकार

- मकड़जाल को तोड़ने के लिए बनाए जा रहे 55 साइबर थाने

इंद्रभूषण दूबे, लखनऊ

अमृत विचार : साइबर जालसाजों का मकड़जाल राजधानी में ही नहीं, प्रदेश के हर जिले में फैला हुआ है। पिछले 55 माह में जालसाजों ने 50 हजार लोगों को अपना शिकार बना लिया। इनके खातों से करीब 450 करोड़ रुपये से अधिक की रकम साफ कर दी। प्रदेश में प्रतिदिन करीब 35-40 मामले दर्ज किए जा रहे हैं। साइबर ठगों के इस जाल को तोड़ने के लिए 55 साइबर क्राइम थाना बनाने के लिए सरकार ने आदेश दिया है।

अश्लील सामग्री के इलेक्ट्रॉनिक प्रसारण से लेकर फिशिंग, ऑन लाइन वित्तीय धोखाधड़ी और रैनसमवेयर हमलों तक पिछले एक दशक में प्रदेश में साइबर अपराध के चेहरे में बड़ा बदलाव आया है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार 2011 में साइबर अपराध के कुल 101 मामले दर्ज किए गए थे। इसमें अधिकांश अश्लील सामग्री के इलेक्ट्रॉनिक प्रसारण से संबंधित थे। साइबर अपराध के मामले में उत्तर प्रदेश 2011 में छठवें स्थान पर था। एक दशक बाद 2021 में 8829 मामले दर्ज हुए। तो प्रदेश दूसरे स्थान पर पहुंच गया। एक दशक में साइबर अपराध करने वाले करीब 14 हजार लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

4 वर्ष 7 माह में दर्ज हुए 48,973 मामले

प्रदेश के साइबर क्राइम थानों और स्थानीय थाने में पिछले 4 साल 7 माह में कुल 48,973 मामले दर्ज किए गए है। आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2020 में 11097, 2021 में 8829, 2022 में 10117, 2023 में 11997 और वर्ष 2024 में 31 जुलाई तक कुल 6,933 मामले दर्ज किए गए। पुलिस ने पीड़ितों के खाते से गई रकम में पिछले वर्ष 13,98,46,267 रुपये फ्रीज कराए। वहीं, ठगों को गिरफ्तार करने के बाद पीड़ितों के खाते में 22,84,89,762 रुपये वापस कराए। इसी तरह 2024 में 36,02,50,579 रुपये फ्रीज कराए। आरोपियों को दबोचने के बाद 14,53,13,1288 रुपये वापस कराए।

सर्वाधिक लखनऊ में दर्ज हुए मामले

साइबर क्राइम थानों और पुलिस थानों में दर्ज मामलों के आंकड़े बताते हैं कि 2023 में सबसे ज्यादा मामले लखनऊ में 1273, इसके बाद मेरठ जोन 1211 और बरेली जोन में 1143 मामले दर्ज किए गए। वहीं, प्रदेश में सबसे कम साइबर अपराध वाले जिलों में आगरा 242, प्रयागराज 399 और वाराणसी 392 मामले दर्ज किए गए। 2024 तके 31 जुलाई तक लखनऊ में 640 और बरेली जोन में 624 मामले दर्ज हुए। तो सबसे कम वाराणसी में 173 मामले दर्ज किए गए हैं।

सार-संक्षेप

ज्योति पलड़िया का नवोदय विद्यालय में चयन

ज्योति पलड़िया।

भीमताल : राजकीय प्राथमिक विद्यालय भद्युनी संकुल रानीबाग की छात्रा ज्योति पलड़िया का राजीव गांधी नवोदय विद्यालय कोटाबाग में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए चयन हुआ है। इससे पूर्व भी ज्योति सपनों की उड़ान, खेल प्रतियोगिता, स्पेलिंग जीनियस आदि प्रतियोगिताओं में अव्वल स्थान पर रही हैं। नवोदय में चयन होने पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक गोपाल सिंह जलाल ने ज्योति तथा उसके माता-पिता को बधाई दी।

नर्सिंग विद्यार्थियों को दी एड्स से बचाव की जानकारी

नैनीताल। जिला अस्पताल बीडी पांडे नैनीताल के महिला अस्पताल के सभागार में नर्सिंग विद्यार्थियों को युवा दिवस के अवसर पर एड्स के प्रति जागरूक किया गया। पीएमएस डॉ. तरुण कुमार टम्टा और वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. एमएस दुग्ताल ने विद्यार्थियों को एड्स के प्रति जागरूक करते हुए इसके कारण ओर रोकथाम के उपाय बताए। काउंसलर किरन दीक्षित ने विद्यार्थियों को विस्तार से इसकी जानकारी दी। साथ ही लोगों को एड्स के प्रति कैसे जागरूक करना है इसकी जानकारी भी दी गई। इस दौरान डॉ. द्रौपदी गर्ब्याल, डॉ. संजीव खर्कवाल, डॉ. अनिरुद्ध गंगोला, मेटर्न शशिकला पांडे, दीप्ती धामी, जीतेश, मेघना, तृप्ति, भारती रस्तोगी और नर्सिंग के विधार्थी मौजूद रहे।

नवकुम्भ साहित्य सेवा संस्थान की ओर से सम्मानित कवि। ● अमृत विचार

गोष्ठी में कवियों ने रचनाओं से किया भावविभोर

भीमताल/हल्द्वानी : जगदम्बा नगर स्थित एक बैंक्वेट हॉल में नवकुम्भ साहित्य सेवा संस्थान की ओर से काव्य गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें 20 वरिष्ठ साहित्यकारों तथा 20 युवा कवियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सभी साहित्यकारों को तिलक कर कलम देकर की गई। विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि एमबी इंटर कॉलेज में हिंदी की प्रवक्ता डॉ. दीपा गोबाड़ी, राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित विशिष्ट अतिथि डॉ. प्रदीप कुमार उपाध्याय, मंजू पाण्डे 'उदिता', विद्या महतोलिया, प्रकाश चन्द्र तिवारी, संस्था के प्रदेश अध्यक्ष योगेश बहुगुणा 'योगी', उपाध्यक्ष संजय परगांई और सचिव ललित भट्ट ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। गोष्ठी को चार सत्रों में संपन्न किया गया। प्रत्येक सत्र का नाम उत्तराखंड के बड़े कवि के नाम पर रखा गया। कार्यक्रम में कवियों ने एक से बढ़कर एक रचनाएं प्रस्तुत कर सभी को भावविभोर कर दिया। समापन पर सभी को अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये।

मनसा देवी मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन

मनसा देवी मंदिर में भण्डारे में प्रसाद ग्रहण करते लोग।

भवाली : टैक्सी मालिक व टैक्सी चालक यूनियन भवाली ने सोमवार को नैनीताल रोड स्थित मनसा देवी मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया। पंडितों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना संपन्न कराई। यजमान संजय लोहनी-गीता लोहनी, नीरज अधिकारी-रेनू अधिकारी ने पूजन कर देश-प्रदेश की सुख समृद्धि की प्रार्थना की। टैक्सी यूनियन के उपाध्यक्ष संजय लोहनी ने बताया कि यूनियन की ओर से हर वर्ष भंडारे का आयोजन किया जाता है। सुबह पूजा-अर्चना के बाद माता को भोग लगाया गया, जिसके बाद भंडारा शुरू हुआ। इस दौरान कृष्ण कुमार आजाद, सृष्टि भट्ट, त्रिलोक पांडे, कुंदन मनराल, नीरज अधिकारी मौजूद रहे।

मंडलायुक्त ने पंगोट में अवैध रूप से बन रहे होमस्टे की रिपोर्ट मांगी

कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने ली राष्ट्रीय हरित अधिकरण की बैठक, दिये निर्देश

संवाददाता, नैनीताल

नैनीताल में ग्रीन ट्रिब्यूनल के अधिकारियों के साथ बैठक करते मंडलायुक्त दीपक रावत। ● अमृत विचार

अमृत विचार: ग्रीन ट्रिब्यूनल (राष्ट्रीय हरित अधिकरण) में विचाराधीन प्रकरण के सम्बन्ध में कुमाऊं आयुक्त ने सोमवार को कैंप कार्यालय सभागार में सम्बंधित विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण विशेष निकाय है, जो बहु-अनुशासनात्मक मुद्दों से जुड़े पर्यावरणीय विवादों को संभालने के लिए आवश्यक विशेषज्ञता से सम्पूर्ण है। उन्होंने ग्रीन ट्रिब्यूनल के नियमों, मानकों के विरुद्ध कार्य करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कहा कि बिना अनुमति के पेड़ कटाव, भू कटाव, अवैध तरीके के बन रहे होम स्टे या अन्य निर्माण कार्य, घरों-होटलों आदि से निकलने वाला प्रदूषित पानी या सीवर नदी नालों, तालाबों में डालने वालों की सूची तैयार करें ताकि पर्यावरण को दूषित करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सके।

उन्होंने जल निगम और सम्बंधित विभाग के अधिकारियों से पुरानी सीवर लाइन या क्षतिग्रस्त हो गई है, उनका सर्वे करने को कहा। जिससे समस्याओं का तत्काल निस्तारण किया जा सके। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों से अवैध रूप से पेड़ों में कटान या नुकसान करने वालों पर चालानी कार्रवाही करने को कहा।

उन्होंने एडीएम को पहाड़ी इलाकों में बन रहे होम स्टे का सर्वे और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों को पंगूट गांव के आसपास अवैध रूप से बन रहे होम स्टे की सूची बनाकर 15 दिन के भीतर रिपोर्ट देने को कहा। साथ ही ग्रीन बैल्ट को नुकसान करने वालों की सूची तैयार कर रिपोर्ट देने निर्देश दिए। इस दौरान एसएसपी पीएन मीणा, एडीएम पीआर चौहान, लोनिवि ईई रत्नेश कुमार, यूपीसीएल ईई एसके सहगल, जल संस्थान ईई रमेश सिंह गर्ब्याल, जिला पर्यटन अधिकारी अतुल भंडारी आदि रहे।

तेंदुए की दस्तक से ग्रामीणों में दहशत

भीमताल: बिजरौली, बिलासपुर, नौल, नौलधारा, बोहरा गांव, थपलिया मेहरा गांव, नौकुचियाताल आदि क्षेत्रों में तेंदुए की दस्तक से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। सार्वजनिक सड़कों पर अंधेरा होने से खतरा और बढ़ रहा है। स्थानीय लोगों ने कई बार नगर पालिका प्रशासन से सार्वजनिक सड़कों पर लाइटें लगाने की मांग की, लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। बिलासपुर क्षेत्र में तेंदुआ पालतू जानवरों पर कई बार झपट्टा मार चुका है। लोगों ने वन विभाग के अधिकारियों से पिंजरा लगाने की मांग की है। मांग करने वालों में सामाजिक कार्यकर्ता पूरन बृजवासी, धीरज सिंह, पंकज मेहता, पवन जोशी, लाखन भगत, संजय सिंह, गौरव जोशी, नीरज जोशी, मनीष बृजवासी, हिमांशु मेहता, राहुल मेहता शामिल रहे।

अतिक्रमण मामले में सरकार और एचडीए से मांगा जवाब

विधि संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : हाईकोर्ट ने हरिद्वार के गुरुकुल कांगड़ी के समीप सड़क पर अवधूत मंडल आश्रम की दो सौ दुकानों को किराए पर देने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ ने राज्य सरकार व हरिद्वार विकास प्राधिकरण से जवाब पेश करने को कहा है।

मामले की अगली सुनवाई 13 अक्टूबर को होगी। हरिद्वार निवासी रोहिताश शर्मा ने जनहित याचिका दायर कर कहा कि गुरुकुल कांगड़ी के पास अवधूत मंडल आश्रम ने साढ़े तीन मीटर सड़क पर अतिक्रमण कर लगभग दो सौ दुकानें बनाईं, जिनको बाद में किराए पर दे दिया गया। हरिद्वार विकास प्राधिकरण ने वर्ष 2012 में रिपोर्ट जारी कर कहा था कि मौके पर सड़क की चौड़ाई साढ़े सात मीटर होनी चाहिए थी जो साढ़े तीन मीटर से भी कम पाई गई। जब इसकी रिपोर्ट याचिकाकर्ता ने आरटीआई से मांगी तो उक्त फाइल प्राधिकरण के कार्यालय से गायब थी। शिकायत करने पर जनवरी 2024 में मजिस्ट्रेट के आदेश पर मुकदमा दर्ज हुआ, परन्तु अभी तक पुलिस ने इसकी जांच तक पूरी नहीं की है। याचिका में कोर्ट से प्रार्थना की गई है कि जिन लोगों ने फाइल गायब कराई उनके खिलाफ कार्यवाही की जाए।

बस व पिकअप में भिड़ंत, बचे सवार

नैनीताल। ज्योलीकोट क्षेत्र में सोमवार को एक बस व पिकअप आमने सामने भिड़ गए। बस व पिकअप की भिड़ंत में दोनों वाहनों में सवार कई लोग मामूली रूप से चोटिल हुए।

सोमवार को अल्मोड़ा डिपो की बस सवारियां लेकर हल्द्वानी से अल्मोड़ा को चली थी। बस ज्योलीकोट में पहुंची ही थी कि नैनीताल से हल्द्वानी की ओर जाती एक पिकअप मोड़ पर बस से भिड़ गई। इससे बस व पिकअप में सवार लोगों में चीख पुकार मच गई। बस का टायर फटने से बस बीच सड़क खड़ी हो गई। जिससे लंबा जाम भी लग गया। पुलिस ने पिकअप को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू कराया। ज्योलीकोट चौकी इंचार्ज अविनाश मौर्य ने बताया कि मोड़ में बारिश के दौरान हादसा हुआ।

सार-संक्षेप

नैनीताल में कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत को पुष्पगुच्छ देते शिक्षक-कर्मचारी।

कुमाऊं विश्वविद्यालय में मनाया पुस्तकालय दिवस

नैनीताल : कुमाऊं विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती वर्ष समारोह के तहत सोमवार को शहीद मेजर राजेश सिंह अधिकारी केंद्रीय पुस्तकालय, एवं सूचना विज्ञान विभाग में पद्मश्री डॉ. एसआर रंगनाथन की 132 वीं जयंती के मौके पर पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत को पुष्पगुच्छ एवं फोल्कलोर ऑफ उत्तराखंड पुस्तक भेंट के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। जानकारी देते हुए पुस्तकालय अध्यक्ष युगल जोशी ने बताया डॉ. रंगनाथन के जन्मदिन को पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस के रूप में मनाया जाता है। वर्ष 1957 में भारत सरकार द्वारा डॉ. रंगनाथन को पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान क्षेत्र में उनके बहुमूल्य योगदान हेतु पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. युगल जोशी ने किया गया। यहां कार्यकारी डीएसडब्ल्यू प्रो. ललित तिवारी, प्रो. दिव्या जोशी, डॉ. रितेश शाह प्रो. नीता वोहरा शर्मा, प्रो. नीलू लोधियाल, डॉ. उमंग रहे।

बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में नैनीताल में प्रदर्शन करते लोग।

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो उत्पीड़न के विरोध में किया प्रदर्शन

नैनीताल। बांग्लादेश में सियासी विवाद के बाद हिंदुओं पर लगातार हो रहे अत्याचार के विरोध में नैनीताल में युवाओं ने बांग्लादेश के खिलाफ प्रदर्शन किया। साथ ही भारत सरकार से मामले में हस्तक्षेप का भारतीयों की सुरक्षा की मांग की। सोमवार को शहर के गोविंद बल्लभ पंत प्रतिमा के पास स्थानीय लोग एकत्र हुए इसके बाद शहर के माल रोड होते हुए गांधी चौक शहीद स्मारक तक युवाओं ने जुलूस निकाला। इस दौरान आक्रोषित लोगो बांग्लादेश सरकार के खिलाफ ने जमकर नारेबाजी की। इस दौरान युवाओं ने भारत सरकार से मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की ताकि हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर लगाम लग सके। साथ ही भारत में रह रहे रोहिंग्याओं के लिए नीति बनाने की भी मांग की है। इस दौरान नितिन कार्की, विक्की वर्मा, आयुष भंडारी, कविता गंगोला, मोहित लाल साह, आंनद बिष्ट, अतुल पाल, बबली समेत अन्य लोग मौजद रहे।

जनता दरबार में सफाई समेत कई समस्याओं का निस्तारण

नैनीताल : नैनीताल में स्थानीय लोगों की समस्या के निस्तारण को लेकर सोमवार को नगर पालिका सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें तमाम विभागीय अधिकारी मौजूद रहे बैठक में अधिकांश समस्याओं का तत्काल निस्तारण किया गया। जनता दरबार में बिजली, पानी, सड़कों, पेंशन, नक़्शा पास और कूड़े की समस्या को प्रमुखता से उठाया। जानकारी देते हुए नगर पालिका के प्रशासक के एन गोस्वामी ने बताया शिकायतकर्ताओं ने शहर में बिजली की अवस्थिति लाइनों को दुरुस्त किए जाने, शहर में पेयजल आपूर्ति, खुले में बह रहे सीवर के पानी,कूड़े के ढेर और सड़कों में पड़े गढ़ों की समस्या रखी जिनमे से बिजली पानी की समस्याओ का तत्काल निस्तारण कर दिया साथी अन्य शिकायतों का निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को एक सप्ताह का समय दिया गया है। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष आनंद बिष्ट, अरविंद पडियार, भूपेन्द्र बिष्ट, लोनिवि सहायक अभियंता जीएस जनौटी, सिंचाई विभाग से डीडी सती, ऊर्जा निगम के एसडीओ प्रियंक पांडे, प्राधिकरण से हेम उपाध्याय, जल संस्थान से विवेक चन्द्र भट्ट आदि मौजूद रहे।

दीक्षारंभ समारोह का आयोजन

- कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित
- प्रदर्शनी में मॉडल, पोस्टर व हस्तनिर्मित राखियां प्रदर्शित

संवाददाता, नैनीताल

डीएसबी परिसर के वाणिज्य विभाग में विजेताओं को पुरस्कार प्रदान करते अतिथि।

अमृत विचार: कुमाऊं विश्व विद्यालय के डीएसबी परिसर में वाणिज्य विभाग द्वारा नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए सोमवार को दीक्षारंभ समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का आरम्भ मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत व विशिष्ठ अतिथि डॉ. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

वाणिज्य विभाग की तरफ से डॉ. आरती पंत ने सभी अतिथियों एवं छात्र छात्राओं का स्वागत किया। संयोजक एवं वाणिज्य संकायाध्यक्ष प्रो. अतुल जोशी ने कहा कि विभाग ने प्रदर्शनी भी आयोजित की है। जिसमें विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा तैयार व्यावसायिक मॉडल्स, पोस्टर एवं हस्त निर्मित राखियों का प्रदर्शन किया जा रहा है। विशिष्ट संचालन रितिशा शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रो. नीता बोरा शर्मा, चित्रा पांडे, पदम सिंह बिष्ट, एचसीएस बिष्ट, चंद्रकला रावत, निर्मला ढैला, डॉ शशि पांडे रहे।

राखी में सिमरन, निबंध में भूमिका रहे प्रथम

हस्तनिर्मित राखी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सिमरन, द्वितीय स्थान मंतशा अहमद, तृतीय स्थान पर रोशनी कठायत रहे। निबंध में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्रमश: भूमिका राणा, प्रदीप्ति वल्दिया, प्रिया भंडारी रहे। व्यावसायिक मॉडल्स प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार करण सेतिया तथा पूजा, धीरज, प्रदीप्ति को प्राप्त हुआ। अतिथियों ने विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए।

यूपी का पर्यटक लेकब्रिज चुंगी के कर्मियों से भिड़ा

नैनीताल। यूपी से अपने वाहन में नैनीताल घूमने आए पर्यटक लेक ब्रिज चुंगी में शुल्क देने को लेकर कर्मियों से भिड़ गए। स्थानीय लोगों की भीड़ देख पर्यटक वाहन लेकर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार सोमवार को यूपी से पर्यटक घूमने के लिए नैनीताल पहुंचे थे। पर्यटक दोपहर में लेकब्रिज चुंगी के पास पहुंचे। जहां टोल कर्मियों ने टोल शुल्क के लिए पर्यटकों का वाहन रोका। वाहन रोकने पर पर्यटक टोल कर्मी से भिड़ गये।

जब टोल कर्मी ने पर्यटक को टोल शुक्ल देकर आगे जाने की बात कही तो वह कार से बाहर उतर गया। इस दौरान वह टोल कर्मियों को गाली देने लगा। जब टोल कर्मियों ने विरोध किया तो पर्यटक आग बबूला हो गया। हंगामे के दौरान स्थानीय लोगों की टोल के समीप भीड़ लग गईं। जब स्थानीय लोगों ने भी पर्यटकों से टोल देने की बात कहकर फटकार लगाई तो वह शांत हो गए। जिसके बाद वह टोल शुक्ल देकर वाहन लेकर मल्लीताल को निकल गए। एसओ रमेश बोरा ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है। शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क करें।
पढ़ते रहिए अपना अखबार अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

हल्द्वानी	कार्यालय	:	7830460114
हल्द्वानी	कृष्णानंद जोशी	:	9759658008
हल्द्वानी	चंदन सिंह राणा	:	9719437755
हल्द्वानी	बाला दत्त नैनवाल	:	9759749932
काठगोदाम	शहजादे आलम	:	9627035285
नैनीताल	गणेश काण्डपाल	:	9412017422
रामनगर	सिद्धार्थ पपनै	:	7983376222
रुद्रपुर	कार्यालय	:	8476843488
काशीपुर	राहुल पाल	:	82181 00208
जसपुर	सुखवीर	:	9536211111
बरेली रोड ITI	कमल आसरा	:	9917106359
कमलुवागांजा	श्याम भोज	:	9012803251
ब्लॉक (हल्द्वानी)	पूरन बृजवासी	:	9927780770
लामाचौड़ (हल्द्वानी)	नन्दा बल्लभ जोशी	:	9568591773
पनचक्की, हल्द्वानी	मनोज डालाकोटी	:	8923661000
पंचायत घर, हल्द्वानी	हरीश जोशी	:	8218899134
गौलापार	मनोज शर्मा	:	9759921464
हल्दूचौड़	गौतम भट्ट	:	7248505100
हल्दूचौड़	पूनम पाण्डे	:	9412134705
लालकुआं	दीपू पांडेय	:	6399832290
सितारगंज	अतुल शर्मा	:	7017941901
बाजपुर	सैनी न्यूज एजेंसी	:	8445072215
बाजपुर	अकील अहमद	:	9837146215
खटीमा	ओम प्रकाश मौर्य	:	7500981690
टनकपुर	आबिद हुसैन	:	6398415199
अल्मोड़ा	टी.डी. गुरु	:	9410183487
रानीखेत	हेम चन्द्र पांडेय	:	9758833254
किच्छा	राजू सहगल	:	9837777817
मालधन (रामनगर)	जितेन्द्र कुमार	:	9917303031
चकरपुर, बाजपुर	जितेन्द्र पाल	:	9837135170
कालाढूंगी	गोपाल सिंह बिष्ट	:	9634222693
गदरपुर	रमेश कुमार	:	7351388930
दिनेशपुर	केवल चंद्र पाठक	:	7055150050
गूलरभोज	ऋतिक न्यूज एजेन्सी	:	9917089411

सफाई कर्मियों ने आयोग के सदस्य को बताई समस्याएं

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य हर्ष रत्नाकर ने सोमवार को नैनीताल नगर पालिका में सफ़ाई कर्मचारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कर्मचारियों की समस्याओं को जाना और जल्द समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया।

पहली बार नैनीताल पहुंचे सफाई आयोग सदस्य हर्ष रत्नाकर के नैनीताल पहुंचने पर उत्तराखंड देवभूमि सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान सफाई कर्मचारी संघ महासचिव सोनू सहदेव ने बताया कि कर्मचारियों को समय पर वेतन न मिलने से दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कर्मचारियों को समय पर वेतन देने के लिए पालिका की एचएफसी में वृद्धि की जाए। संघ के पदाधिकारी ने आयोग के सदस्य को ज्ञापन सौंपकर नगर पालिका में मृतक आश्रित के पदों पर नियुक्ति में लगी रोक हटाने, पालिका कर्मचारियों का सामूहिक बीमा करने, पालिका सेवा नियमावली 2017 में संशोधित कर कर्मचारियों की संख्या में बढ़ोतरी किए जाने, कर्मचारियों के वेतन, रिटायर्ड कर्मचारियों की पेंशन पालिका की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए बीस करोड़ रुपये देने, पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करने की मांग की।

बैठक के बाद सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य हर्ष रत्नाकर ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को सभी कर्मचारियों को 18 अगस्त तक पूरा वेतन देने के निर्देश दिए। साथ ही कर्मचारियों की अन्य मांगों के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ बैठक कर समस्या के निस्तारण करने का आश्वासन दिया। बैठक में अपर जिलाधिकारी शिवचरण द्विवेदी, नगर पालिका प्रशासक केएन गोस्वामी, अधिशासी अधिकारी पूजा चंद्र, तहसीलदार मनीषा मकराना, कोतवाल हरपाल सिंह, शिवराज नेगी, रवि कुमार, देवभूमि सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष ओम प्रकाश चौटाला, राजेंद्र समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

YTDO Tour & Travels आगामी भारत दर्शन यात्रायें
विगत 41 वर्षों से सुविधाजनक यात्राओं के क्षेत्र में उत्तराखण्ड का एकमात्र अनुभवी संगठन

16 दिवसीय दक्षिण भारत यात्रा
प्रथम टूर - 26 दिसम्बर से 11 जनवरी के मध्य
द्वितीय टूर - 4 फरवरी से 20 फरवरी के मध्य
मुख्य आकर्षण : त्रिवेन्द्रम, कोचीन, कोवलम, कन्याकुमारी, रामेश्वरम धाम, मदुरई, मैसूर, तिरुपति बालाजी, मदास एवं महाबलिपुरम

16 दिवसीय द्वारिका पश्चिम भारत यात्रा
29 दिसंबर से 13 जनवरी 2025 के मध्य
मुख्य आकर्षण : उज्जैन महाकाल मंदिर, ओंकारेश्वर, नागेश्वर एवं सोमनाथ, बड़ौदा, श्री द्वारिकाधीश धाम, भेट द्वारिका, पोरबन्दर, उदयपुर, श्रीनाथद्वारा, स्टेच्यू ऑफ यूनिटी, पुष्कर तीर्थ एवं जयपुर

15 दिवसीय जगन्नाथपुरी, गंगासागर, पूर्वी भारत यात्रा
18 जनवरी से 1फरवरी 2025 के मध्य
मुख्य आकर्षण : वाराणसी, गया, कलकत्ता, गंगासागर, जगन्नाथपुरी धाम, कोणार्क एवं भुवनेश्वर



17 दिवसीय गोवा-मुंबई मध्य भारत यात्रा
21जनवरी से 6फरवरी 2025 के मध्य
मुख्य आकर्षण : हैदराबाद, शिवज्योतिर्लिंग, मल्लिकार्जुन घृष्णेश्वर, भीमाशंकर, त्रयम्बकेश्वर, एलोरा, शिरडी, नासिक, मुम्बई एवं गोवा

12 दिवसीय उत्तर पूर्वी भारत NORTH EAST यात्रा
8 नवंबर 24 से 19 नवंबर 2024 के मध्य
मुख्य आकर्षण : दार्जीलिंग, सिक्किम की राजधानी गंगटोक, माँ कामाख्या देवी मंदिर, गुवाहाटी, आसाम, शिलांग (मेघालय), चेरापूंजी

7 दिवसीय दुबई एवं अबूधाबी टूर
1 अप्रैल 25 से 7 अप्रैल 2025 के मध्य
मुख्य आकर्षण - डिज़र्ट सफ़ारी ,बुर्ज खलीफा ,मिरेकल गार्डन एवं दुबई और अबूधाबी में नवनिर्मित हिन्दू मन्दिर। अबूधाबी कि ग्रांड शेख जायद मस्जिद।

YTDO Tour & Travels The Mall, Nainital. Ph. 05942-235557
VMS Khati - M. 9412085088, Umesh Rautela - M. 9411197147
Ramesh Tiwari - M. 9411197085

आज का मौसम

हल्की धूप के साथ बीच-बीच में बारिश की आशंका

33.0°	26.0°
अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.39	सूर्यास्त 06.54

एक नजर

नगर निगम ने 1,054 स्ट्रीट लाइटें कराई ठीक

हल्द्वानी : स्ट्रीट लाइटों की शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित निजी कंपनी ने रोस्टर तैयार किया। जिसके बाद बीती 9 अगस्त को वार्ड 1 से 8 तक, 10 अगस्त को वार्ड 9 से 14 तक और 11 अगस्त को वार्ड 16 से 21 तक नगर निगम के ऑनलाइन पोर्टल में दर्ज शिकायतों के निस्तारण के लिए 13 टीमों का गठन किया गया। सभी टीमों ने अलग-अलग क्षेत्रों में करीब 1,054 स्ट्रीट लाइटों को ठीक कर दिया है।

शराब के साथ दो गिरफ्तार

हल्द्वानी : पुलिस ने देसी शराब के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। बनभूलपुरा पुलिस के मुताबिक चेकिंग के दौरान ख्वाजा मस्जिद के पास स्कूटी सवार पुलिस को देखकर भागने लगा। जिसे टीम ने दबोच लिया। स्कूटी के पायदान में रखे कट्टे की तलाशी ली गई तो उसमें से 224 ट्रेटा पैक माल्टा देसी शराब बरामद हुई। आरोपी ने अपना नाम चेतन कबड़वाल पुत्र रमेश चन्द्र निवासी जसपुर खोलिया बंगर किशनपुर गौलापार बताया। वहीं पुलिस ने रेलवे पटरी से एक अधेड़ को 54 पव्वे देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी बालक राम पुत्र स्व. किशन निवासी वार्ड नंबर 15 जवाहर नगर का रहने वाला है।

आधे शहर में हुई बारिश बाकी में उमस भरी गर्मी

हल्द्वानी : सोमवार को शहर के आधे हिस्से में हल्की बारिश हुई, जिससे मौसम सुहावना हो गया। वहीं आधा शहर उमस भरी गर्मी से परेशान रहा। हल्द्वानी में सुबह से ही बादल छाए रहे। दोपहर बाद मौसम में बदलाव हुआ और बिठौरिया, दमुवाढूंगा, काठगोदाम, रानीबाग आदि इलाकों में हल्की बारिश हुई। साथ ही ठंडी हवाएं भी चलने लगीं। मंगलपड़ाव, देवलचौड़, मानपुर पश्चिम, टीपीनगर आदि क्षेत्रों में बारिश न होने से उमस भरी गर्मी से लोग परेशान रहे। अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। इधर, जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि पहाड़ और मैदानी इलाकों में हल्की बारिश होने का अनुमान है।

रेलवे ने एक बार फिर अपनी भूमि के लिए किया सर्वे

राजपुरा से इंदिरानगर तक हुए सर्वे में प्रशासन, राजस्व, वन, नगर निगम के अधिकारी भी रहे शामिल, उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार रेलवे ने एक बार फिर अपने मालिकाना हक की भूमि के लिए सर्वे किया। इस सर्वे से रेलवे की भूमि की सीमा निर्धारित होगी। फिर इस सीमा के आधार पर अतिक्रमण चिन्हित होगा और आगे की रणनीति बनाई जाएगी।

रेलवे की हल्द्वानी रेलवे स्टेशन से सटी लगभग 30 हेक्टेयर भूमि पर अतिक्रमण है। हाईकोर्ट ने वर्ष 2022 में रेलवे भूमि से अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए थे। इसके विरोध में लोगों ने शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था, जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने स्टे दे दिया था। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई करते हुए रेलवे से विस्तारीकरण के लिए जरूरी भूमि का रकबा और अतिक्रमण के दायरे में आ रहे लोगों के विस्थापन को लेकर जवाब मांगा था। इधर, सोमवार को रेलवे, राजस्व, प्रशासन, नगर निगम और वन विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम ने हल्द्वानी रेलवे स्टेशन से सटी भूमि पर सर्वे किया। राजपुरा से लेकर इंदिरानगर रेलवे फाटक तक सर्वे हुआ। रेलवे ने मानचित्रों के अनुसार रेलवे ट्रैक से डिफरेंशियल ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (डीजीपीएस) तकनीकी से सर्वे किया और अपनी भूमि की लंबाई और चौड़ाई की नपत कर सीमांकन किया है। इस प्रारंभिक सर्वे की रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी। टीम में सीनियर सेक्शन इंजीनियर आईओडब्ल्यू गिरजेश कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी, एसडीएम परितोष वर्मा, तहसीलदार सचिन कुमार, सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट, बनभूलपुरा एसओ नीरज भाकुनी आदि मौजूद रहे।

हल्द्वानी रेलवे स्टेशन पर सर्वे के दौरान रेलवे और प्रशासन की टीम। ● अमृत विचार

अतिक्रमित भूमि पर बने हैं सरकारी स्कूल और मंदिर

आंकड़ों के अनुसार रेलवे की अतिक्रमित भूमि पर 4,600 से अधिक परिवार रह रहे हैं। भूमि पर चार मदरसे, पांच सरकारी स्कूल, एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, पांच मंदिर, 20 मस्जिदें, दो पानी के टैंक और सरकारी सड़कें वगैरह हैं। अतिक्रमित भूमि पर रहने वालों को सरकारी योजनाओं का लाभ भी मिल रहा है।

वंदेभारत एक्सप्रेस चलाने के लिए चाहिए भूमि

हल्द्वानी : रेलवे को विस्तारीकण के लिए भूमि की जरूरत है। रेलवे काठगोदाम से देहरादून या दिल्ली के लिए वंदेभारत एक्सप्रेस चलाना चाहता है। दूसरा हल्द्वानी रेलवे स्टेशन का ट्रैक नंबर तीन भी गौला नदी से हो रहे भू-कटाव की जद में है, इसलिए रेलवे को भूमि की जरूरत है।

30 हेक्टेयर भूमि पर अतिक्रमण, 46 सौ परिवार हैं जद में

रेलवे ने भूमि सीमांकन के लिए सर्वे किया है, इस सर्वे में रेलवे के साथ प्रशासन, राजस्व, वन समेत कई विभागों की टीम शामिल रही। इसकी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी।
-राजेंद्र सिंह, जनसंपर्क अधिकारी इज्जतनगर मंडल

कल से शुरू हो सकता है परिवारों का सर्वे

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : रेलवे अतिक्रमित भूमि की जद में आ रहे परिवारों का सर्वे बुधवार से शुरू हो सकता है। हाउस होल्ड सर्वे होने के बाद इनके विस्थापन के फैसले को लेकर रेलवे व राज्य सरकार मंथन कर सकती है।

सुप्रीम कोर्ट ने बनभूलपुरा में रेलवे भूमि अतिक्रमण के मामले में हुई सुनवाई में स्पष्ट किया है कि अतिक्रमित भूमि पर वर्षों से रह रहे लोगों के पुनर्वास/विस्थापन को लेकर उत्तराखंड सरकार, केंद्र व रेलवे के साथ मंथन करें। इसी क्रम में रेलवे ने भूमि का सीमांकन सर्वे कर लिया है। साथ ही अतिक्रमित भूमि भी लगभग चिन्हित हो चुकी है। अब इस अतिक्रमित भूमि पर रह रहे परिवारों का सर्वे किया जाएगा। सूत्रों की मानें तो अतिक्रमण की जद में आने वाले परिवारों का सर्वे कल से शुरू हो सकता है। इस सर्वे में घरों की संख्या, लोगों की संख्या, दुकानें, स्कूल, धार्मिक स्थल वगैरह सभी की गणना की जाएगी। हालांकि इसको लेकर अभी रेलवे ने कोई प्रोफार्म जारी नहीं किया है। रेलवे के जारी प्रोफार्मा के आधार पर ही सर्वे में ब्योरा जुटाया जाएगा। इस सर्वे में रेलवे के साथ ही जल संस्थान, बिजली विभाग, आंगनबाड़ी, राजस्व, खाद्य आपूर्ति विभाग भी शामिल होंगे। रेलवे इस सर्वे को जल्द से जल्द पूरा करने की तैयारी में है, ताकि केंद्र, उत्तराखंड व रेलवे के अधिकारी अतिक्रमण की जद में आ रहे परिवारों के विस्थापन को लेकर मंथन कर सकें। रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि रेलवे जल्द ही अतिक्रमण की जद में आ रहे घरों का सर्वे करेगी।

दस साल के बच्चे की सर्पदंश से मौत परिवार में कोहराम

लालकुआं, अमृत विचार : यहां वीआईपी गेट दो किलोमीटर स्थित निर्मल कालोनी में रहने वाले अतुल कुमार के 10 वर्षीय बेटे देवराज की सर्पदंश से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि देवराज अपने घर पर सो रहा था। इसी दौरान उसे किसी जहरीले सांप ने डस लिया।

देवराज को जगाने के लिए पिता ने आवाज दी लेकिन वह नहीं जागा। काफी देर तक देवराज नही जागा तो परिजन उसे आनन-फानन में शाम लगभग 4 बजे लालकुआं के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लाए, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुत्र की मौत से परिजन बदहवाश हो गए। उनका रो-रो कर बुरा हाल है। बालक की मौत सर्पदंश से होना माना जा रहा है। बालक का शव हल्द्वानी पोस्टमार्टम के लिए भेजा रहा है।

गौला रेंज के वन क्षेत्राधिकारी चंदन सिंह अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच के लिए टीम को मौके पर भेजा गया है। शव के पोस्टमार्टम के बाद वास्तविक जानकारी पता चल सकेगी। यदि बालक की मौत सांप के डसने से हुई होगी तो परिवार को विभाग द्वारा मुआवजा दिया जायेगा।

पत्नी से विवाद, जीजा ने साले का जबड़ा तोड़ा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- जीजा ने भाई संग मिलकर दिया घटना को अंजाम
- एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

अमृत विचार : पत्नी से हुए विवाद का गुस्सा पति ने अपने साले पर उतार दिया। पत्नी से विवाद के कुछ समय बाद साला रास्ते में मिल गया। दोनों में कहासुनी हुई और जीजा ने अपने भाई के साथ मिलकर साले का जबड़ा तोड़ दिया। एसएसपी के निर्देश पर बनभूलपुरा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नई बस्ती बनभूलपुरा निवासी जाहिदा बेगम ने पुलिस को बताया कि वह तलाकशुदा है और अपने 21 वर्षीय बेटे दानिश के साथ रहती है। वर्ष 2012 में उसने अपनी बेटी साफिया का निकाह इंदिरानगर एक मस्जिद के पास रहने वाले इमरान खां से की थी। दामाद निकाह के बाद से ही पुत्री के साथ मारपीट करता था। कई बार बेटी को घर से निकाल चुका है। इसी वर्ष तीन जून को दामाद ने बेटी को घर से निकाल दिया। तब से वह उनके संग रह रही है। आरोप है कि दामाद कई बार घर आकर बेटी को तेजाब से जलाने और बेटे को जान से मारने की कोशिश कर चुका है। 24 जून को उनका बेटा दानिश किसी काम से इंदिरानगर गया था। तभी इमरान और उसके छोटे भाई साहिल ने दानिश के साथ मारपीट की। बेस अस्पताल में एक्स-रे कराया तो जबड़ा टूटा पाया गया। इसके बाद बेटे को उपचार के लिए राम मूर्ति अस्पताल बरेली ले जाया गया।

बेसमेंट में लगी आग, कार-बाइक और एंबुलेंस राख

अग्निकांड

- मुखानी चौराहे के पास स्थित डीवी डायग्नोस्टिक सेंटर में हुआ हादसा
- दमकल की चार गाड़ियों से दो घंटे में आग पर पाया काबू

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : मुखानी चौराहे के पास स्थित डीवी डायग्नोस्टिक सेंटर के बेसमेंट में अचानक आग लग गई। बेहद तेजी से भड़की आग ने बेसमेंट में खड़ी कई कारों, बाइकों और एंबुलेंस को जलाकर राख कर दिया। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दमकल ने आग पर काबू पाया।

मुखानी चौराहे के पास पेट्रोल पंप के सामने डॉ. तुषार शर्मा का डीवी डायग्नोस्टिक सेंटर है। बताया जाता है कि सोमवार की शाम करीब पांच बजे डॉ. तुषार घर से सेंटर पहुंचे तो उन्होंने बेसमेंट से धुआ निकलता देखा। उन्होंने फौरन इसकी सूचना स्टाफ को दी। स्टाफ पहुंचा तो बेसमेंट में खड़ी कुछ गाड़ियों में आग लग थी। आनन-फानन में स्टाफ ने आग बुझाने की कोशिश, लेकिन आग और बढ़ गई। वहां खड़ी कुछ और गाड़ियां भी आग की चपेट में आ गईं। आग बढ़ती देख लोगों ने दमकल को सूचित किया। कुछ ही देर में दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंच गई, लेकिन आग बेकाबू होती जा रही थी। जिसके बाद दमकल की दो और गाड़ियों को बुलाया गया। दमकल स्टेशन प्रभारी भुवन चंद्र जोशी की टीम के करीब 15 दमकल कर्मियों ने लगभग दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक दो कारें, दो बाइकें और डायग्नोस्टिक सेंटर की एंबुलेंस जलकर राख हो चुकी थी। आग के पीछे शार्ट सर्किट को वजह माना जा रहा है, लेकिन आग कैसे लगी इसकी जांच की जा रही है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी गौरव किरार ने बताया कि हादसे की जांच के लिए टीम मंगलवार को मौके पर जायेगी।

मुखानी चौराहे के पास स्थित डीवी डायग्नोस्टिक सेंटर में लगी आग को बुझाने पहुंची फायर बिग्रेड की गाड़ियां।

आग से राख हुई कारें व आग बुझाते दमकल कर्मी।

दंपति की मौत पर पंचायत, पुलिस बोली जितना मिल रहा है ले लो...

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

फॉलोअप

- रविवार रात साढ़े 11 बजे तक गौशाला मालिक और पीड़ितों के बीच हुई बातचीत
- 5-5 लाख रुपये मांग रहे थे परिजन, गौशाला मालिक दो लाख पर अड़ा रहा

अमृत विचार : मटरू और उसकी पत्नी रानी की लाश रात भर पोस्टमार्टम में पड़ी रही। आधी रात तक गौशाला मालिक जगदीश और पीड़ित के परिजनों के बीच पंचायत चलती रही। गौशाला मालिक मुआवजा देने को तैयार था, लेकिन अपने मन मुताबिक। शवों से बदबू आने लगी तो पुलिस ने कहा, जो मिल रहा है ले लो, लेकिन पीड़ित पक्ष नहीं माना और सुबह चार बजे शव लेकर पीलीभीत चले गये।

रविवार को विकासनगर फेज तीन मुखानी स्थित गौशाला के गोमूत्र टैंक को साफ करने उतरे मटरू लाल और उसकी पत्नी रानी की मौत हो गई थी। परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर पोस्टमार्टम के बाद शव मोर्चरी में ही छोड़ दिए थे। मृतका रानी के भाई ब्रजेश ने बताया कि रविवार रात करीब साढ़े 11 बजे तक गौशाला मालिक से मुआवजे को लेकर बातचीत हुई।

ब्रजेश अनाथ हुए तीन बच्चों के लिए 5-5 लाख रुपये की मांग कर रहा था और गौशाला मालिक दो लाख रुपये देने को तैयार था। इसके चलते बातचीत विफल हो गई। ब्रजेश ने कहा, पुलिस ने भी गौशाला मालिक का पक्ष लिया और पीड़ित पक्ष से कहा कि जो मिल रहा है ले लो।

अब ब्रजेश ने गौशाला मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की बात कही है। सोमवार को बीसलपुर पीलीभीत में दंपति का दाह संस्कार किया गया। दोनों यहीं के रहने वाले थे।

मटरू और रानी की फाइल फोटो।

आज और कल बंद रहेगा नैनीताल मार्ग पर यातायात

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : नरीमन तिराहे से काठगोदाम रेलवे स्टेशन तक एक बार फिर सड़क चौड़ीकरण की जद में आ रहे पेड़ों के कटान तथा विद्युत लाइनों की शिफ्टिंग होगी। इसके लिए पुलिस ने दो दिन का रूट डायवर्जन जारी किया है। डायवर्जन 13 और 14 अगस्त को सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक लागू रहेगा। ऐसे में नैनीताल की ओर आने-जाने वाले वाहनों को गौला बाईपास से होकर गुजरना पड़ेगा।

घर से निकलने से पहले देखें डायवर्जन

- पर्वतीय क्षेत्र से आने वाले सभी वाहन नरीमन तिराहे से डायवर्ट होकर गौला बाईपास से जाएंगे।
- शहर से पर्वतीय रूट को जाने वाले वाहन शनि बाजार मार्ग से होकर जाएंगे।
- कालाढूंगी रोड से पर्वतीय रूट को जाने वाले वाहन ताज चौराहा होते हुए गौलापार को जाएंगे।
- नैनीताल रोड से पर्वतीय क्षेत्र को जाने वाले वाहन राजपुरा होते हुए गोल्छा कंपाउंड से ताज चौराहस होते हुए गौलापार को जाएंगे।
- रामपुर रोड, बरेली रोड से आने वाले और पर्वतीय क्षेत्र को जाने वाले वाहनों को पंचायत घर से तीनपानी बाईपास होते हुए गौलापार भेजा जाएगा।
- रोडवज/केमू स्टेशन से पर्वतीय क्षेत्र को जाने वाली सभी बसें ताज चौराहे से गौलापार होते हुए नरीमन चौराहे जाएंगी।

कुमाऊं में लड़खड़ाई घरेलू गैस की आपूर्ति, उपभोक्ता परेशान

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : कांवड़ यात्रा के चलते कुमाऊं में घरेलू गैस की आपूर्ति लड़खड़ा गई है। जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

भारत, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और इंडेन गैस एजेंसी की आपूर्ति लड़खड़ाने के बाद अधिकांश उपभोक्ता इंडक्शन और अन्य वैकल्पिक व्यवस्था से काम चला रहे हैं। कांवड़ यात्रा के चलते शहर में गैस की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। लोगों को बुकिंग करने पर सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं। गैस एजेंसी प्रतिनिधियों की ओर से उपभोक्ताओं को जवाब दिया जा रहा है कि कांवड़ यात्रा के चलते गैस की गाड़ियों को आने नहीं दिया जा रहा है। जिससे एजेंसियों को सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं। पिछले 15 दिनों से किसी भी गैस एजेंसी में पर्याप्त सिलेंडर नहीं हैं।

हल्दूचौड़ स्थित इंडेन गैस प्लांट से पर्याप्त आपूर्ति नहीं होने से पूरे कुमाऊं में गैस का संकट हो गया है। लोगों को कई दिनों से सिलेंडर की आपूर्ति नहीं हुई है। बुकिंग के बावजूद गैस नहीं मिलने से लोगों में एजेंसियों के खिलाफ नाराजगी है। भारत गैस एजेंसी के सुपरवाइजर किरन सिंह बोरा ने बताया कि उनकी कंपनी की आपूर्ति रुड़की, बरेली और लोनी से होती है। कांवड़ यात्रा के कारण गैस के ट्रक रुड़की से नहीं आ रहे हैं, जिस कारण गैस की आपूर्ति लड़खड़ाई है। चार-पांच दिन बाद आपूर्ति सुचारु हो जाएगी।

इधर, एचपीसी और भारत गैस एजेंसी लोनी से गैस की आपूर्ति कर रही है। एचपीसी का प्लांट हरिद्वार स्थित भगवानपुर में है, लेकिन इन दिनों कांवड़ यात्रा के चलते गैस के ट्रक प्लांट तक नहीं पहुंच पा रहे हैं, जिस कारण आपूर्ति लड़खड़ा गई है। गैस लोनी गाजियाबाद से आ रही है। एजेंसी में बैकलॉग बढ़ने के कारण सिलेंडर नहीं भेजे जा रहे हैं।

अच्छी पहल उरेड़ा ने देहरादून मुख्यालय भेजा प्रस्ताव, माध्यमिक और इंटर कॉलेजों में लगेंगे 130 किलोवॉट के सोलर प्लांट

सोलर ऊर्जा से रोशन होंगे जिले के 190 सरकारी विद्यालय

रजनी मेहता, हल्द्वानी

अमृत विचार : नैनीताल जिले के लगभग 190 सरकारी विद्यालय जल्द ही सोलर ऊर्जा से रोशन होंगे। जिससे इन विद्यालयों में 24 घंटे विद्युत रहेगी। इसके लिए उत्तराखंड अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (उरेडा) ने प्रस्ताव बनाकर देहरादून कार्यालय भेज दिया है। करीब 55 लाख रुपये के प्रस्ताव से जनपद के माध्यमिक और इंटर कॉलेजों में 130 किलोवॉट तक के सोलर पॉवर प्लांट लगाये जायेंगे।

परंपरागत ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता कम करने और विद्यालयों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति के उद्देश्य से शिक्षा विभाग ने उरेड़ा को जनपद के 190 माध्यमिक और इंटर कॉलेजों में सोलर पॉवर प्लांट लगाने के लिए बीते जुलाई माह में पत्र भेजा था। इसमें कार्रवाई करते हुए उरेड़ा ने 130 किलोवॉट के सोलर पॉवर प्लांट लगाने का प्रस्ताव देहरादून मुख्यालय भेज दिया है। दोनों ही विभागों को इस प्रस्ताव के स्वीकृत होने का इंतजार है।

प्रभारी मुख्य शिक्षा अधिकारी पुष्कर लाल टम्टा ने बताया कि जनपद के 69 हाईस्कूल और 121 इंटर कॉलेजों को सोलर पॉवर प्लांट से जोड़ने के लिए उरेड़ा को पत्र भेजा गया था। उरेडा ने प्रस्ताव बनाकर मुख्यालय को भेज दिया है। इधर, उरेडा के परियोजना अधिकारी एसआर गौतम ने बताया कि इनमें 45 फीसदी ऑन-ग्रिड और 90 फीसदी ऑफ-ग्रिड सरकारी भवनों के प्रस्ताव हैं। जिसकी लागत लगभग 55 लाख तक आएगी।

787 सरकारी भवनों के प्रस्ताव भेजे

उरेड़ा ने जनपद के विभिन्न सरकारी विभागों में सोलर पॉवर प्लांट लगाने के लिए भी प्रस्ताव तैयार किये हैं। करीब 787 विभागों की सूची तैयार की गई है। जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग के अलावा कई अन्य सरकारी कार्यालय हैं। जिनमें अलग-अलग क्षमता के सोलर पॉवर प्लांट लगाये जायेंगे। विभाग के अनुसार प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने के बाद कार्य शुरू किया जायेगा।

इंटर कॉलेजों में पांच, हाईस्कूलों में लगेंगे चार किलोवॉट के प्लांट

जिले के सरकारी स्कूलों में जरूरत और कनेक्शन के आधार पर सोलर पॉवर प्लांट लगाये जायेंगे। उरेडा अधिकारियों के अनुसार इंटर कॉलेजों में पांच तथा हाईस्कूलों में चार किलोवॉट तक के सोलर प्लांट लगेंगे। विभाग प्लांट लगाने से पहले इन विद्यालयों का सर्वे कराएगा। इसके बाद प्लांट स्थापित करने का कार्य शुरू करेगा।

नैनीताल रोड पर पिंक टॉयलेट का कार्य शुरू

हल्द्वानी, अमृत विचार : नगर निगम ने नैनीताल रोड पर पिंक टॉयलेट पर निर्माण शुरू कर दिया है। यह हल्द्वानी का पहला शौचालय होगा। इसे बनाने में करीब 22 लाख रुपये खर्च होंगे। सड़क चौड़ीकरण को लेकर नैनीताल रोड पर बने तीन शौचालय तोड़ दिए गए हैं। जिससे व्यापारियों के साथ ही बाजार में खरीदारी के लिए आने वाली महिलाओं को परेशानी उठानी पड़ रही है। इसके समाधान के लिए नगर निगम ने नैनीताल रोड पर एक होटल के पास पिंक शौचालय का निर्माण कर रहा है। निगम के सहायक अभियंता नवल नौटियाल ने बताया कि शौचालय निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है।

15 अगस्त को 60 पुलिस कर्मियों को मिलेगा सम्मान

ब्यूरो, देहरादून/हल्द्वानी

अमृत विचार : डीजीपी अभिनव कुमार ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस पर आईआरबी द्वितीय के दलनायक प्रताप सिंह तोमर को मुख्यमंत्री सराहनीय सेवा पदक से नवाजा जाएगा। वहीं, रुद्रप्रयाग सीओ प्रबोध कुमार घिल्डियाल, दूरसंचार सीओ हरीश चन्द्र नरूला, 31वीं वाहिनी पीएसी के दलनायक जहीर अहमद, नैनीताल जिले में तैनात आशुपलिपि चन्द्रशेखर भट्ट, पिथौरागढ़ में तैनात एएसआई हरीश चन्द्र को उत्कृष्ट सेवा चिह्न से सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त सराहनीय सेवा के लिए 46वीं वाहिनी पीएसी में तैनात सीओ भूपेंद्र सिंह धौनी, एसपीआर अभिसूचना एसआई उमेश कोठारी, सीआईडी एएसआई राजीव कुमार समेत 20 को सम्मानित किया जाएगा। विशिष्ट कार्यों के लिए एसटीएफ में तैनात निरीक्षक एमपी सिंह, एसआई विपिन जोशी व केजी मठपाल, एएसआई प्रकाश भगत, हेड कांस्टेबल जगपाल सिंह, कांस्टेबल गुरवन्त सिंह, एएनटीएफ में तैनात निरीक्षक नीरज चौधरी, एसआई विकास रावत, सत्येन्द्र सिंह, कांस्टेबल दीपक नेगी समेत 34 कर्मियों को सराहनीय सेवा सम्मान चिह्न से सम्मानित किया जाएगा।

सार-संक्षेप

जल संस्थान के जेई को समस्या बताते क्षेत्र के लोग। ● अमृत विचार

दमुवाढूंगा में जेई ने किया पेयजल लाइन का निरीक्षण

हल्द्वानी : दमुवाढूंगा लीसा फैक्ट्री के पास रहने वाले लोग पिछले चार माह से पेयजल समस्या से जूझ रहे हैं। बीती 6 अगस्त को लोगों ने जल संस्थान के अधिशासी अभियंता रविशंकर लोशाली और 10 अगस्त को विधायक सुमित हृदयेश को इस संबंध में ज्ञापन दिया था। विधायक के निर्देश के बाद सोमवार को जल संस्थान के जेई सतीष बिष्ट मौके पर पहुंचे और पेयजल लाइन का निरीक्षण किया। लोगों की समस्या पर विधायक ने जल संस्थान के उच्चाधिकारियों से फोन पर वार्ता कर निर्देश दिए थे और उनके विधानसभा क्षेत्र में हो रही पेयजल समस्या को शीघ्र दूर करने को कहा था। अधिशासी अभियंता के निर्देश पर सोमवार को जेई मौके पर पहुंचे और उन्होंने समस्या का निस्तारण करने का आश्वासन दिया।

आंचल घी के दामों में प्रति किलो 10 रुपये की छूट

लालकुआं : नैनीताल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ ने स्वाधीनता दिवस से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व तक आंचल घी के दामों में 10 से 80 हजार रुपये तक की छूट देने का निर्णय लिया है। दुग्ध संघ के अध्यक्ष मुकेश बोरा ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी तक घी के दामों में भारी छूट करने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत एक किलो घी के दाम में 10 रुपये की छूट दी जाएगी। 10 किलो लेने पर सौ रुपये तथा इससे अधिक लेने पर और अधिक धनराशि की छूट दी जाएगी।

शिवगणेश बसपा के जिलाध्यक्ष बने

हल्द्वानी : बहुजन समाज पार्टी की नैनीताल जिला इकाई का पुनर्गठन कर शिवगणेश को जिलाध्यक्ष, डॉ. एमआर आर्या, राजकपूर टम्टा को जिला प्रभारी, त्रिलोचन को जिला उपाध्यक्ष, गजेंद्र पाल सिंह को जिला महासचिव और चंद्र प्रकाश को जिला सचिव बनाया गया है। नसीम सलमानी को जिला कोषाध्यक्ष, कार्यकारिणी सदस्य के तौर पर मोहन लाल टम्टा शामिल किए गए हैं। वामसेफ के जिला प्रभारी की जिम्मेदारी संजय बघरवाल और बहुजन वॉलिंटयर फ्रंट का जिम्मा शोभित कुमार को मिला है।

छड़ायल में नलकूप खराब, पानी को तरसे 800 परिवार

हल्द्वानी : सिंचाई विभाग के नलकूप खराब होने से ग्रामीण क्षेत्रों में लोग पेयजल किल्लत का सामना कर रहे हैं। वहीं उमस और पेयजल लाइनों में लीकेज के कारण अंतिम छोर के इलाकों में हो रही किल्लत के कारण लोगों को टैंकरों से पानी मंगवाकर पीना पड़ रहा है। सोमवार को छड़ायल के नलकूप खराब होने से क्षेत्र के 800 परिवारों को पानी के लिए परेशान होना पड़ा। इस दौरान जल संस्थान ने दो टैंकरों से पांच फेरे लगाकर लोगों तक पानी पहुंचाया। जल संस्थान के सहायक अभियंता रविंद्र कुमार ने बताया कि टैंकरों के माध्यम से सोमवार को दमुवाढूंगा, हिम्मतपुर मल्ला, साई मंदिर, पीपलपोखरा, कुसुमखेड़ा, बिठौरिया, छड़ायल और गौला गेट में पानी बांटा गया।

रामनगर में संगोष्ठी के दौरान विचार रखते वक्ता। ● अमृत विचार

तुलसी दास का साहित्य विश्व की अनमोल धरोहर

रामनगर : सरोकार साहित्य संस्था ने तुलसी जयंती के उपलक्ष्य में आर्य समाज मंदिर में राम अवतार अग्रवाल की अध्यक्षता एवं डॉ. अनुपम शुक्ल के संचालन में साहित्यिक संगोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें सामाजिक सद्भाव में तुलसी के योगदान विषय पर विद्वानों ने अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य वक्ता सेवानिवृत्त प्रो. डॉ. व्रज मोहन गुप्त, प्रो. डॉ. गिरीश चन्द्र पन्त और सरोकार संस्था के अध्यक्ष डॉ. सत्यप्रकाश मिश्र ने तुलसी के सामाजिक अवदान पर सारगर्भित व्याख्यान दिये। कहा कि सामाजिक समन्वय की स्थापना में मध्य काल में पुनर्जागरण काल के पुरोधा संत तुलसीदास के साहित्यिक अवदान को कभी विस्मृत नहीं किया जा सकेगा। उनका साहित्य केवल भारत की नहीं विश्व की अनमोल धरोहर है। इसके बाद कवि गोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसमें प्रख्यात शायर जनाब सगीर अशरफ, माहेश्वर दत्त वाजपेई, निखिलेश उपाध्याय, वैष्णवी मिश्रा ने कविता पाठ कर श्रोताओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम में आर्य समाज मन्दिर के प्रबन्धक अंकुर अग्रवाल, मन्त्री मधुप मोहन गोयल, योग प्रशिक्षक मुरलीधर कापड़ी, स्वामी दयानंद विद्या मन्दिर के प्रधानाचार्य नीरज खुल्वे, अम्बादत खुल्वे, उमेश चन्द्र पन्त आदि मौजूद रहे।

पंगोट मोटर मार्ग पर मिली प्राचीन गणेश प्रतिमा

नैनीताल : यहां पंगोट मार्ग पर एक नौले के पास प्राचीन खंडित गणेश प्रतिमा मिली है। सेवानिवृत्त सहायक अभियंता प्रवीण गुरुरानी की नजर इस प्रतिमा पर पड़ी, जो नौले की दीवार से सटी हुई थी। पत्थर से बनी इस प्रतिमा ने अपनी सुंदरता और उत्कृष्ट शिल्पकला से गुरुरानी का ध्यान आकर्षित किया। इस अद्वितीय मूर्तिकला की सुंदरता और ऐतिहासिक महत्व को समझते हुए कहा कि इस प्रतिमा की जांच कराकर इसे संग्रहालय में संरक्षित किया जाना चाहिए। उन्होंने इस विषय को उजागर करने के लिए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट भी साझा की। जिसमें इस प्रतिमा की स्थिति और उसके संभावित इतिहास पर चर्चा की गई। इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व भूगर्भशास्त्री सतीश जैन ने बताया कि इस गणेश प्रतिमा का निर्माण ढोलपुर स्टोन से किया गया है और इसे लगभग 100 वर्ष पुराना माना जा सकता है। यह जानकारी प्रतिमा की ऐतिहासिकता और उसके संरक्षण की आवश्यकता को और भी महत्वपूर्ण बनाती है।

पंगोट मार्ग पर मिली गणेश प्रतिमा।

भाजपाइयों ने निकाली तिरंगा यात्रा

सांसद अजय भट्ट और विधायक बंशीधर भगत भी यात्रा में रहे शामिल

संवाददाता, कालाढूंगी

अमृत विचार: भाजपा के हर घर तिरंगा अभियान के तहत सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं व युवा मोर्चा मंडल द्वारा कालाढूंगी में बाइक तिरंगा रैली निकाली। इस दौरान उन्होंने भारत माता की जय वंदे मातरम सहित देशभक्ति नारे लगाये। क्रांतिकारियों को भी स्मरण किया गया।

मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट व क्षेत्रीय विधायक बंशीधर भगत ने शहीद उधम सिंह की मूर्ति पर माल्यापर्ण कर तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया। शहीद उधम सिंह पार्क से कार्यकर्तओं ने यात्रा शुरू हुई। यात्रा पुरानी तहसील, थाने व मुख्य बाजार होते हुए वापस शहीद उधमसिंह नगर पार्क पर पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा को संबोधित करते हुए सांसद अजय भट्ट ने कहा कि घर-घर तिरंगा अभियान ने आंदोलन का रूप ले लिया है। आज सभी तिरंगा यात्रा में शामिल हो रहे हैं। विधायक बंशीधर भगत ने कहा कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य हर भारतीय में देशभक्ति की भावना जगाना है। तिरंगा यात्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह नजर आया। यात्रा में जिपं अध्यक्ष बेला तोलिया, मंडल अध्यक्ष विक्रम जंतवाल, जोगा मेहरा, पूर्व राज्य दर्जा मंत्री महेश शर्मा, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, ब्लॉक प्रमुख रवि कन्याल, पूर्व राज्य दर्जा मंत्री गजराज बिष्ट, राज्य दर्जा मंत्री सुरेश भट्ट, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत, प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र बिष्ट, जिला महामंत्री नवीन भट्ट, कै. लक्ष्मण सिंह देउपा, गोपाल बुढलाकोटी, हरीश मेहरा, कैलाश बुढलाकोटी, ममता साह, कविता वालिया, मीनाक्षी जंतवाल, भगवान तिवारी, गोपाल बिष्ट आदि मौजूद रहे।

तिरंगा यात्रा में शामिल सांसद अजय भट्ट, विधायक बंशीधर भगत व अन्य।

हर घर तिरंगा अभियान के तहत रैली निकालते सीआरपीएफ के जवान।

जन उत्सव के रूप में मनाया जाएगा हर घर तिरंगा अभियान

नैनीताल : हर घर तिरंगा अभियान 15 अगस्त को जिले में जन उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। अपर जिलाधिकारी पीआर चौहान ने बताया कि 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान के तहत सभी घरों, ऑफिस, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेगा। इस दौरान जिले भर में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, स्कूलो, कॉलेजों, संगठनों को आमंत्रित कर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जायेगा। साथ ही ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, स्कूलों, कालेजों में संगठन की सहभागिता से स्वच्छता अभियान भी चलाया जाएगा।

सीआरपीएफ ने जगाई तिरंगा अभियान की अलख

हल्द्वानी, अमृत विचार : हर घर तिरंगा अभियान के तहत सोमवार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने रैली निकाली। जवानों ने लोगों को जागरूक किया और इस काम में बच्चे भी जवानों के साथ जुटे रहे। रैली निकालने से पूर्व सीआरपीएफ जवान ग्रुप केंद्र काठगोदाम में एकत्र हुए। सभी ने हाथों में तिरंगा लिया और लोगों को जागरूक करने निकल पड़े। जागरूकता की शुरूआत ग्रुप केंद्र में रह रहे आवासीय क्षेत्र से की गई। जिसके बाद स्कूली बच्चे भी तिरंगा रैली का हिस्सा बने। सड़क मार्ग से होते हुए जवानों ने लोगों को अपने घरों पर तिरंगा फहराने की अपील की। इस दौरान सीआरपीएफ के पुलिस उप महानिरीक्षक शंकर दत्त पांडे, कमांडेंट लीलाधर महरानियां, उप कमांडेंट सुरेंद्र सिंह देव, सहायक कमांडेंट संदीप बिष्ट, सहायक कमांडेंट तिलक राज आदि थे।

दो दिन में 87 बच्चे पहुंचे नवोदय विद्यालय

कालाढूंगी, अमृत विचार: राजीव गांधी नवोदस विद्यालय स्यात कोटाबाग में अव्यस्थाओं में सुधार व पीटीसी के गठन के बाद से छात्रों का विद्यालय में आने का सिलसिला जारी है। बीते दिनों विद्यालय में अव्यस्थाओं को लेकर अभिभावक अपने बच्चों को घर ले गये थे। इसको गंभीरता से लेते हुए शासन-प्रशासन ने अभिभावकों की मांग पर अव्यस्थाओं में सुधार कर पीटीसी का गठन किया व विद्यालय में अस्थायी प्राचार्य की नियुक्ति की। बीते रविवार को एसडीएम रेखा कोहली के अध्यक्षता में पीटीसी का गठन करने के बाद से 55 अभिभावक अपने बच्चों को विद्यालय पहुंचा गये। सोमवार को भी 32 छात्रों को अभिभावक स्कूल पहुंचा गए। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी पुष्कर लाल टम्टा व अभिभावक संघ अध्यक्ष कमला पांडे ने अभिभावकों से जल्द छात्रों को विद्यालय भेजने की अपील की है।

गैरवैशाली क्षेत्र में जलभराव रोकने को नए सिरे से बनेगी कार्ययोजना

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बिठौरिया नंबर एक के गैरवैशाली क्षेत्र में जलभराव से निजात दिलाने के लिए अब नए सिरे से कार्ययोजना तैयार होगी। सोमवार को तहसील परिसर में सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई की अध्यक्षता में प्रभावितों के साथ हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया।

बैठक में तय हुआ कि बरसाती नाले के पानी को वन चौकी से चौफुला चौराहे तक ओपन ड्रेनेज के जरिए डायवर्ट करने के लिए कार्य किया जाएगा। कार्ययोजना के तहत अधिकतम 5 सितंबर तक कार्य शुरू कर दिया जाएगा। सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई ने संबंधित विभाग को क्षेत्र की गूलों की सफाई के साथ ही अतिक्रमण को चिन्हित करने और पानी की निकासी करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान गैरवैशाली से पहुंचे देवकीबिहार विकास समिति के महासचिव रमेश चन्द्र पांडे ने सिटी मजिस्ट्रेट को बताया कि लंबे समय से 15 कॉलोनियों में जलभराव की समस्या बनी हुई है। इस पर सिटी मजिस्ट्रेट ने अतिक्रमण चिन्हीकरण की समीक्षा करते हुए बिठौरिया क्षेत्र के नक्शे का बारीकी से अवलोकन किया। साथ ही अधिकारियों को 5 सितंबर तक कार्य को शुरू करने के निर्देश दिए। बैठक में ईई डीएस रावत, उप जिलाधिकारी परितोष वर्मा, तहसीलदार सचिन कुमार, सहायक अभियंता सिंचाई नवीन पांडे, बहादुर सिंह, डीएस बिष्ट, किशोरी लाल, विजय कुमार, अनुज सिराड़ी, छाया भंडारी, तारा खाती, राजेश्वरी, गीता देवी और रेखा बोरा मौजूद रहे।

बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई, एसडीएम परितोष वर्मा व अन्य।

नागरिक स्वतंत्रता के खिलाफ हैं फौजदारी कानून

संवाददाता, लालकुआं

अमृत विचार : बिंदुखत्ता में आयोजित भाकपा माले के 'मार्क्सवादी अध्ययन चक्र' कार्यक्रम में केन्द्र सरकार के तीन नए फौजदारी कानूनों का जनता पर असर, इजरायल द्वारा फिलिस्तीन के खिलाफ युद्ध में हमारा पक्ष, फासीवाद आदि विषयों पर चर्चा की गयी।

बैठक में केन्द्र सरकार के तीन नए फौजदारी कानूनों का जनता पर असर विषय पर हाई कोर्ट नैनीताल के वरिष्ठ अधिवक्ता एडवोकेट दुर्गा सिंह मेहता ने कहा कि, इन नई संहिताओं द्वारा बोलने की स्वतंत्रता, एकत्र होने की स्वतंत्रता, किसी के साथ जुड़ने की स्वतंत्रता, प्रदर्शन करने की स्वतंत्रता और अन्य नागरिक अधिकारों को अपराध की श्रेणी में लाने के लिए कठोर प्रावधान किए गए हैं। यहां तक कि भूख हड़ताल को अपराध की श्रेणी में डाल दिया गया है। दूसरा इन संहिताओं में पुलिस को अनियंत्रित शक्तियां दे दी गई हैं, जिनका देश में नागरिक स्वतंत्रता और मानवाधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। गिरफ्तारी के लिए बचाव का अनुपालन किए बगैर पुलिस को व्यक्तियों को निरुद्ध करने का कानूनी अधिकार दे दिया गया है। यही नहीं गिरफ्तार आरोपी का नाम, पता और अपराध की प्रकृति का सभी पुलिस स्टेशनों और जिला मुख्यालय पर भौतिक एवं डिजिटल प्रदर्शन का प्रावधान निजता के अधिकार के खिलाफ है। पुलिस अभिरक्षा की अवधि को वर्तमान 15 दिन से बढ़ा कर 60 या 90 दिन कर दिया गया है। जिला सचिव डॉ. कैलाश पाण्डेय ने भारतीय फासीवाद का जन्म और विकास तथा उसकी यूरोपीय फासीवाद से समानता और भिन्नता पर बात रखी। अध्ययन चक्र में डॉ. कैलाश पाण्डेय, विमला रौथाण, पुष्कर सिंह दुबडिया, दीपक कुमार, हरीश भंडारी, नारायण दत्त जोशी, आनन्द दानू, ललित जोशी, नैन सिंह कोरंगा, सुमित, शबनम, चन्दन राम, निर्मला शाही, कमल जोशी, प्रमोद कुमार, खड़ग सिंह मेहरा, वीर भद्र सिंह भंडारी, मनोज बहादुर आदि शामिल रहे।

भाकपा माले के कार्यक्रम में विचार रखते वक्ता। ● अमृत विचार

▸▸ बिंदुखत्ता में भाकपा माले के 'मार्क्सवादी अध्ययन चक्र' कार्यक्रम में कई मुद्दों पर चर्चा

सार-संक्षेप

विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों के साथ अतिथि। ● अमृत विचार

लिटिल स्कॉलर्स ने जीता ग्रेट मिशन कप

रामनगर : हिम्मतपुर ब्लॉक स्थित ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल की ओर से आयोजित दो दिवसीय अंडर-17 इंटर स्कूल बैडमिंटन प्रतियोगिता (ग्रेट मिशन कप) का समापन हो गया। फाइनल मुकाबले में लिटिल स्कॉलर्स काशीपुर ने ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल को 3-0 से हराकर ग्रेट मिशन कप अपने नाम किया। इससे पूर्व प्रथम सेमीफइनल में लिटिल स्कॉलर्स ने सेंट जोसफ पीरूमदारा को 3-1 से हराया। दूसरे सेमीफइनल में ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल ने शिवालिक होली माउंट एकेडमी को 3-0 से हराया। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब सानिध्य रावत एवं प्राप्ति रावत को मिला। मुख्य अतिथि पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी संजय लखौटिया ने विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर संजीव माहेश्वरी, पवन गुप्ता, स्कूल निदेशक डॉ. प्रसून श्रीवास्तव, प्रणय श्रीवास्तव, प्रधानाचार्या डॉ. नलिनी श्रीवास्तव, राजीव तिवारी कोच शशांक खत्री मौजूद रहे।

साक्षी अग्रवाल को सम्मानित करतीं परिषद की महिलाएं। ● अमृत विचार

महोत्सव में साक्षी अग्रवाल बनी तीज क्वीन

रामनगर : भारत विकास परिषद की ओर से तीज महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं ने लोकगीतों और लोक नृत्यों का जमकर आनंद लिया। हुंडीवाल गार्डन में संपन्न हुए कार्यक्रम में साक्षी अग्रवाल को तीज क्वीन चुना गया। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत प्रांतीय ग्राम विकास संयोजक कमल किशोर सिंघल, डॉ. रीना सिंघल, कविता अग्रवाल, संयोजिका प्रिया अग्रवाल, सह संयोजिका दीप्ति गुप्ता व दीप्ति अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर की। ऋषिता बंसल ने गणेश वंदना की मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में कपल गेम, बच्चों के गेम और हाउजी के साथ महिलाओं ने सुन्दर नृत्य भी किये।

सावन के आखिरी सोमवार पर मंदिरों में उमड़ी भीड़

हल्द्वानी : सावन के आखिरी सोमवार पर शहर के विभिन्न शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ी। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों का पहुंचना शुरू हो गया था। भक्तों ने शिवलिंग पर दूध, दही, बेलपत्र, धतूरा और शहद अर्पित किया। इसके बाद परिवार की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। शहर के पीपलेश्वर महादेव मंदिर, आंवलेश्वर मंदिर, प्राचीन शिव मंदिर, बेलबाबा और सिद्धेश्वर मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। वहीं घरों में भी भक्तों ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना की।

छठ पूजा स्थल पर शिर्वाचन कर प्रसाद बांटा

हल्द्वानी : सावन के आखिरी सोमवार पर छठ पूजा सेवा समिति ने रामपुर रोड स्थित छठ पूजा स्थल पर शिर्वाचन कर प्रसाद बांटा। इस मौके पर समिति के मुरारी प्रसाद श्रीवास्तव ने बताया कि प्रात :काल छठ पूजा स्थल पर पूजा-अर्चना, हवन और भजन कीर्तन किए गए। यहां अध्यक्ष कृष्णा साह, कपिल भगत, वीरू पंडित, जयप्रकाश शाह, ओमप्रकाश शाह, द्वारिका पंडित, राम अवतार, यूके सिंह, दीन भगत और शंकर भगत आदि मौजूद रहे।

भंडारे के साथ श्रीमद् भागवत कथा का पारायण

गरमपानी : काकड़ीघाट स्थित कर्कटेश्वर महादेव मंदिर में हवन, पूर्णाहुति, महाआरती और भंडारे के साथ श्रीमद् भागवत कथा का पारायण हो गया। मंदिर परिसर में रोजाना की तरह धर्माचार्यों ने यजमान गोपाल सिंह कनवाल, इंद्रा देवी, गोपाल सिंह परिहार, ललिता देवी, नरेंद्र सिंह, गीता देवी, हरीश परिहार, हेमा देवी से विधी विधान से धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए। कथा व्यास आचार्य डॉ. कमलेश कांडपाल ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन किया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों के साथ शोभायात्रा में बढ़-चढ़कर भागीदारी की। सुयालबाड़ी, सुयालखेत, गडस्यारी, सूरी, नौगांव, सुनियाकोट, बेड़गांव, गरमपानी, खैरना समेत तमाम गांवों से पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

विज्ञान संगोष्ठी के दौरान छात्रा को पुरस्कृत करते शिक्षक। ● अमृत विचार

विज्ञान गोष्ठी में तुवानुर ने मारी बाजी

रामनगर : राइंका के सभागार में विकासखंड स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी हुई, जिसमें 28 शासकीय व अशासकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। संगोष्ठी का विषय 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता-संभाव्यता एवं समाधान था। संगोष्ठी का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी हवलदार प्रसाद ने किया। इस दौरान आयोजित प्रतियोगिता में एमपी हिन्दू इंटर कॉलेज की छात्रा तुवानुर ने प्रथम, यूं एस आर बसई के रौनक रावत ने द्वितीय, राउमावि शिवनाथपुर नई बस्ती के नैतिक कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को खंड शिक्षा अधिकारी ने पुरस्कृत किया। ब्लॉक समन्वयक अजय धस्माना ने बताया कि प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी हल्द्वानी में जिला स्तरीय संगोष्ठी में प्रतिभाग करेंगे। इस दौरान रेखा रानी, रविन्द्र कुमार, कीर्ति सारस्वत, मदन मोहन पंत, केकेएस रौतेला, मनोहर नेगी आदि मौजूद रहे। संचालक डॉ. तिलक जोशी ने किया।

कार्यक्रम विश्व हाथी दिवस पर आमडण्डा वन परिसर में आयोजित हुआ कार्यक्रम, बच्चों को हाथियों के प्रजातियों के बारे में विस्तार से बताया

हाथियों को फल-सब्जी खिलाकर रोमांचित हुए स्कूली बच्चे

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : बिजरानी रेंज कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के अधिकारियों ने आमडण्डा वन परिसर में स्कूली बच्चों, प्रकृति प्रेमियों के साथ मिलकर विश्व हाथी दिवस मनाया। नेचुरलिस्ट संजय छिमवाल एवं राजेश भट्ट ने छात्र-छात्राओं को पर्यावरण के परिपेक्ष्य में हाथी की महत्वपूर्ण भूमिका से अवगत कराया। साथ ही हाथियों की एशिया और अफ्रीकी प्रजातियों के बारे में भी बताया। पार्क वार्डन अमित कुमार ग्वासीकोटी ने कहा कि हाथियों का संरक्षण किया जाना बेहद जरूरी है।

वन क्षेत्राधिकारी बिजरानी भानु प्रकाश हर्बोला ने हाथियों की विविध विशेषताओं से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने हाथियों को फल-सब्जी आदि भी खिलाये। जिससे सभी काफी रोमांचित और आनन्दित हो उठे। कार्यक्रम के दौरान वन दरोगा सरत सिंह बिष्ट, प्रमोद सत्यवली, मोहन उप्रेती, वन आरक्षी रितेश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे। इधर, हाथी कैम्प कालागढ़ में भी विश्व हाथी दिवस मनाया गया।

हाथियों को फल-सब्जी खिलाते बच्चे। ● अमृत विचार

बच्चों ने जाना हाथियों का जीवन संसार

रामनगर : श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल में द कॉर्बेट फाउंडेशन ने विश्व हाथी दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें विद्यालय के कक्षा 6 से 8 तक के छात्रों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान हाथियों के जीवन से जुड़ी कई जानकारियां बच्चों को दी गईं। साथ ही हाथियों के गौरवशाली इतिहास पर आधारित फिल्म भी बच्चों को दिखाई दी। कार्यक्रम के दौरान छात्रों के ज्ञान का आंकलन करने के लिए संरक्षण और पर्यावरण से संबंधित छात्र मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 8 की पलक सिंह ने पहला, कक्षा 7 की सिद्धि यादव ने दूसरा और कक्षा 8 की सुमबुल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। द कॉर्बेट फाउंडेशन की वन्यजीव कार्यक्रम अधिकारी समीक्षा मनराल, जागरूकता कार्यक्रम अधिकारी शिखा पांडे, परियोजना सहयोगी मेघा रानी ने छात्रों का मार्गदर्शन किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या ऋतु सक्सेना ने फाउंडेशन की पहल की सराहना की।

हाथियों के जीवन पर आधारित फिल्म देखते बच्चे। ● अमृत विचार

प्रवेश सूचना
ITDA CALC
* I.I.T. Roorkee Validated Course
* IT Department उत्तराखण्ड सरकार
Formerly
HILTRON CALC
Certificate, Diploma, Advance Diploma & PGDCA
• Software • Hardware & Networking • Accounting & Finance
Special Batches for Polytechnic, B.Tech, MCA, BCA Students
TIKONIA CENTRE
Sakhawat Ganj, Behind Mandir, Tikonia, Haldwani. Ph. 220950, 9359490696

सार-संक्षेप

नॉर्थ जोन कराटे प्रतियोगिता में शामिल शिवालिक इंटरनेशनल स्कूल के बच्चे।

कराटे प्रतियोगिता में शिवालिक स्कूल का शानदार प्रदर्शन

हल्द्वानी : नॉर्थ जोन कराटे प्रतियोगिता में शिवालिक इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों का शानदार प्रदर्शन रहा। प्रतियोगिता में स्कूल के बच्चों ने तीन स्वर्ण और तीन कांस्य पदक जीते। कक्षा नौ की छात्रा दिशा रावत, कक्षा आठ की कनिष्का मर्तोलिया और कक्षा पांच की समृद्धि जोशी ने स्वर्ण पदक जीता। वहीं, कक्षा पांच की सांविका सती, कक्षा छह की अंजलि जंगपांगी और कक्षा पांच की प्रेक्षा रावत ने कांस्य पदक जीता। बच्चों की इस सफलता में कराटे के प्रशिक्षक मुकेश पाल का विशेष योगदान रहा। विद्यालय के चेयरमैन रमेश शर्मा और प्रधानाचार्य पीएस अधिकारी ने बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

गाजियाबाद दवा लेने गई महिला लापता

हल्द्वानी : दवा लेने के लिए गाजियाबाद गई महिला संदिग्ध हालात में लापता हो गई। उसका मोबाइल भी बंद है। पति ने मुखानी थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है। अंशु गुप्ता पुत्र पुरुषोत्तम हाल निवासी अम्बिका कॉलोनी छड़ायल गैस गोदाम रोड ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में कहा कि उसकी पत्नी नीलम गुप्ता 15 जुलाई को घर से दवा लेने के लिए गाजियाबाद स्थित डॉ. अनिल वर्मा के पास गई थी। उसकी पत्नी को किडनी की समस्या है। जिसका इलाज गाजियाबाद से चल रहा है। पति का कहना है कि उसकी पत्नी को गए एक माह हो गया है, लेकिन उसका कहीं पता नहीं है।

भंडारे के साथ भागवत कथा का समापन

हल्द्वानी : फतेहपुर स्थित गांधी आश्रम चौराहा मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का सोमवार को समापन हो गया है। कथा व्यास कपिल देव और आचार्यों ने हवन यज्ञ संपन्न कराया। इसके बाद कथा व्यास ने कथा के महात्म्य के बारे में बताया। भंडारे में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रमुख महेश गोस्वामी, गोविंद भट्ट, रमेश निगल्टिया, प्रमोद बोरा, पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री महेश शर्मा, नीरज तिवारी, दुर्गा दत्त शर्मा, हरीश बिष्ट, जगदीश शर्मा, लाखन निगल्टिया, विनोद निगल्टिया, नारायण सिंह मेहरा आदि मौजूद रहे।

बरेली रोड स्थित मेडिकल कालेज गेट से कैंडल मार्च निकालते छात्र छात्राएं।

मेडिकल कॉलेज के छात्रों ने निकाला कैंडल मार्च

हल्द्वानी : कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के अंदर महिला चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या की घटना से पूरा देश स्तब्ध है। राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी के छात्र-छात्राओं ने घटना के विरोध में कैंडल मार्च निकाला। इस दौरान छात्र अर्चित कुमार ने कहा कि यह घटना शर्मनाक है। छात्रों ने दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग उठाई। साथ ही कैंडल मार्च के दौरान घटना से संबंधित तख्तियां भी अपने हाथ में रखीं। इस दौरान विपुल जग्गी, निखिल यादव, आदर्श अरोड़ा समेत कई छात्र मौजूद रहे।

राजकीय महाविद्यालय बेतालघाट में रैली निकालते कॉलेज के छात्र व शिक्षक।

हम सभी का एक ही नारा, नशामुक्त हो देश हमारा

हल्द्वानी : शहीद खेमचंद्र डोर्बी राजकीय महाविद्यालय बेतालघाट में सोमवार सुबह 9 बजे नशा मुक्ति जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इसमें कॉलेज के छात्र-छात्राओं और स्टाफ ने प्रतिभाग किया। लोगों को जागरूक करने के लिए "हम सभी का एक ही नारा, नशामुक्त हो देश हमारा" का उद्घोष किया गया। कॉलेज से बेतालघाट नगर तक जागरूकता रैली निकाली गई। शहरवासियों ने भी रैली में बढ़-चढ़कर भागीदारी की। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. विनय कुमार विद्यालंकार ने कहा कि नशा एक ऐसी बुराई है, जो युवा पीढ़ी को रास्ते से भटका देती है। युवा पीढ़ी की जागरूकता के लिए हर साल शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन होता है। जिसके तहत कॉलेज में इस वर्ष भी वाद विवाद प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता और निबंध प्रतियोगिता कराई जाएगी। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को शपथ भी दिलाई।

गौरव को अखरता था परिवार में चाची का अधिक दखल

तीन भाइयों के हिस्से आया मुखानी में तीन मंजिला मकान था विवाद की जड़, इसी विवाद में था कुसुमलता का हस्तक्षेप

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : परिवार में पिता से ज्यादा चाची कुसुमलता का दखल था और यही गौरव को अखर रहा था। तीन भाइयों में लगातार हो रहे विवाद को कुसुमलता और उसके पति कालीचरण सुलझाते थे। गौरव के पिता भी अपने ही भाई और भाभी की बात को सही मानते थे। इससे गौरव और ज्यादा नाराज हो गया। आखिरी बार मध्यस्थता के बाद गायब गौरव सोमवार को लौटा और चाची की हत्या कर दी।

मुखानी चौराहा स्थित पेट्रोल पंप के पास रहने वाले गौरव पुत्र नरेश कुमार गुप्ता तीन भाई हैं। गौरव अपने दोनों भाई पारस और विशाल के साथ तीन मंजिला मकान में रहता है। कुसुमलता के पति कालीचरण के मुताबिक मकान के सबसे निचले तल पर गौरव रहता है, लेकिन वह इससे संतुष्ट नहीं था। वह अपने पिता से मकान में और हिस्से की मांग कर रहा था। इसी बात को लेकर अक्सर गौरव व भाइयों के बीच विवाद होता था।

भाइयों के बीच जब भी विवाद होता तो कुसुमलता मध्यस्थता के लिए पहुंचती और हर बार कुछ ऐसा होता कि फैसला गौरव के खिलाफ जाता। इसी से वह बहुत चिढ़ा हुआ था। चार दिन पहले भी भाइयों के बीच हिस्से को लेकर विवाद हुआ तो कुसुमलता और कालीचरण ने मध्यस्थता कराई, लेकिन विवाद काफी बढ़ गया था और किसी ने भी गौरव की बात का समर्थन नहीं किया। गौरव ने उसी दिन चाची कुसुमलता को ठिकाने लगाने का मन बना लिया। मध्यस्थता के बाद से गौरव लापता था और सोमवार को अचानक लौटा तो चाकू के साथ चाची को मौत के घाट उतार दिया।

निजी अस्पताल में कुसुमलता के पति काली चरण से पूछताछ करती पुलिस।

घटनास्थल की जांच करते पुलिस अधिकारी।

मोहल्ले वालों को लगा पति से हो रहा है विवाद

पति घर पर नहीं था और सुबह करीब साढ़े 11 बजे नहाने के बाद कुसुमलता ऊपरी मंजिल पर बने अपने कमरे में पूजा-पाठ कर रही थीं। तभी वहां गौरव पहुंचा, जिसे नीचे दुकानदार लालाराम और उसके बेटे विनोद ने देख लिया। कुछ देर बाद विवाद होने लगा। चीख-पुकार मची तो पहले मोहल्ले वालों को लगा कि पति-पत्नी में झगड़ा हो रहा है। शोर ज्यादा होने लगा तो लालाराम को शक हुआ। वह बेटे के साथ ऊपर पहुंचा तो कुसुमलता फर्श पर लहूलुहान पड़ी थी और गौरव के हाथ खून से सने हुए थे।

दो बार खांसी आई, श्वांस नली कटने से चली गई जान

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- अत्यधिक रक्तस्राव होने से ज्यादा बिगड़ गई थी हालत
- चिकित्सक बोले, सांस नली न कटती तो बचा ली जाती जान

अमृत विचार : चिकित्सकों ने भरसक कोशिश की, लेकिन दो बार खांसी आई और कट चुकी श्वांस नली से कुसुमलता की जान निकल गई। चिकित्सकों का दावा था कि अगर श्वांस नली न कटी होती तो वह कुसुमलता को बचा लेते। मौत के बाद पुलिस ने शव कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

गौरव चाकू कहां से लाया था, यह तो उसके पकड़े जाने के बाद ही साफ होगा, लेकिन जिस तरह से उसने चाची पर हमले किए उससे यह साफ है कि गौरव सिर्फ और सिर्फ चाची को जान से मारने आया था। बेड पर दबोचते ही गौरव ने कुसुमलता का गला रेता और फिर वार पर वार करता चला गया। कुसुमलता बचने के लिए संघर्ष करती रही, कमरे में इधर से उधर भागती रही और गौरव हमले करता रहा। चाकू के वार ने गले को एक ओर से काटा था। बताया जाता है कि श्वांस नली पूरी तरह कटी नहीं थी, लेकिन ज्यादा देर तक पड़े रहने से कुसुमलता के शरीर से अत्यधिक खून बह चुका था। अस्पताल में उसे दो बोतल खून चढ़ाया गया। श्वांस नली को भी सिला गया। चिकित्सक अभी जिंदगी बचाने की जद्दोजहद में लगे थे कि तभी कुसुमलता को बार खांसी आई और कट चुकी श्वांस नली से उसकी जान निकल गई।

टेंपो चालकों ने गौला पुल पर किया प्रदर्शन

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : गौलापार रूट पर डग्गामारी से नाराज टेंपो चालकों ने सोमवार की सांय गौला पुल के पास विरोध-प्रदर्शन किया। उन्होंने परिवहन विभाग पर डग्गामार चालकों पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप भी लगाया।

पूर्व बीडीसी सदस्य अर्जुन बिष्ट ने बताया कि टेंपो चालक डग्गामारी को लेकर नाराज हैं। छतरी चौराहे से गौलापार दानीबंगर तक लगभग 18 टेंपो को चलने का परमिट मिला है, लेकिन इनकी आड़ में बिना परमिट वाले टेंपो चालक भी सवारी भरकर ले जा रहे हैं। जिनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। जबकि परमिट वाले टेंपो चालकों के चालान काटे जा रहे हैं। उन्होंने परिवहन विभाग से क्षेत्र का सर्वे कराकर परमिट बढ़ाने की मांग की। कहा कि यदि डग्गामार टेंपो चालकों पर रोक नहीं लगाई गई तो आंदोलन किया जायेगा। इस संबंध में बनभूलपुरा थाना प्रभारी नीरज भाकुनी से भी वार्ता की गई। प्रदर्शन के दौरान हरीश चुफाल, राम सिंह नगरकोटी, राजेंद्र मलड़ा, प्रकाश जोशी, ललित आर्य, जीवन मटियानी, विश्वनाथ गोस्वामी, पूरन शर्मा, विपिन आर्य आदि रहे।

14 अगस्त को होगी क्रॉस कंट्री रेस

हल्द्वानी, अमृत विचार : खेल कार्यालय हल्द्वानी और जिला प्रशासन के समन्वय से 14 अगस्त को हल्द्वानी में क्रॉस कंट्री रेस का आयोजन होगा। रेस पुरुष ओपन वर्ग, महिला ओपन वर्ग, बालक जूनियर वर्ग और बालिका जूनियर वर्ग में होगी। पुरुष ओपन वर्ग की दौड़ मिनी स्टेडियम से शुरू होकर हाईडिल गेट शीशमहल से होकर स्टेडियम में संपन्न होगी। महिला ओपन वर्ग की दौड़ मिनी स्टेडियम से शुरू होकर तिकोनिया चौराहा से होकर स्टेडियम में सम्पन्न होगी। जूनियर बालक और बालिका वर्ग की दौड़ भी मिनी स्टेडियम से शुरू होगी और तिकोनिया चौराहा से वापस स्टेडियम में संपन्न होगी।

कृषि विषय शुरू करने की मांग

संवाददाता, कालाढूंगी

अमृत विचार: राजकीय महाविद्यालय कोटाबाग में कृषि विषय की मांग को लेकर एबीवीपी कोटाबाग के कार्यकर्ताओं ने खंड विकास अधिकारी कोटाबाग के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजा। सोमवार को ज्ञापन सौंपते हुए कार्यकर्ताओं ने बीएससी कृषि विषय की पढ़ाई राजकीय महाविद्यालय कोटाबाग में शुरू करने की मांग की।

एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने बताया कि राजकीय महाविद्यालय कोटाबाग में बीएससी कृषि विषय को शुरू किए जाने की घोषणा मुख्यमंत्री, विभागीय मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक द्वारा कई बार की जा चुकी है। लेकिन महाविद्यालय में अभी तक बीएससी कृषि विषय की कक्षाएं संचालित नहीं हो पाई हैं। बच्चों को कृषि विषय की पढ़ाई के लिए दूसरे महाविद्यालयों में जाना पड़ रहा है। कार्यकर्ताओं ने एक सप्ताह के भीतर बीएससी कृषि की कक्षाएं शुरू न होने पर 20 अगस्त से ब्लॉक मुख्यालय कोटाबाग में धरना प्रदर्शन करने का ऐलान किया। ज्ञापन देने वालों में चंद्रप्रकाश सनवाल, कमल सिंह बोहरा, ललित जोशी, विनोद जोशी, हेमंत सिंह कपकोटी, दीपक बधानी, पंकज बुढ़लाकोटी, मनीष बिष्ट आदि मौजूद रहे।

कोटाबाग में खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन देते हुए एबीवीपी के कार्यकर्ता।

भीमताल व लालकुआं में आवारा पशु गौशाला भेजे

संवाददाता, भीमताल/लालकुआं

अमृत विचार : भीमताल और लालकुआं में आवारा गोवंशीय पशुओं को पकड़कर गौशाला भिजवाया गया। भीमताल में 10 व लालकुआं में 6 पशु पकड़े गए।

भीमताल नगर पालिका के अंतर्गत आवारा पशुओं का आतंक है। आवारा पशु जहां खेतों में फसल चौपट कर रहे हैं, वहीं इनकी वजह से हो रहे सड़क हादसे में लोग घायल हो रहे हैं। इसे देखते हुए जनता ने विधायक राम सिंह कैड़ा से आवारा पशुओं से निजात दिलाने की मांग की थी। इसी क्रम में सोमवार को विधायक कैड़ा की निगरानी में नगर पालिका की टीम ने 10 गोवंशीय पशुओं को पकड़ कर हल्द्वानी स्थित गौशाला में भेजा। वहीं, लालकुआं में आवारा पशुओं के खिलाफ अभियान शुरू हो गया है।

भीमताल में आवारा पशुओं को पकड़ता दल।

Bareilly International University
{Established under Govt. of U.P. Act No. 26 of 2016, and approved by University Grant Commission u/s. 2 (f) of UGC Act 1956}
Excelled in CUET?
Join the Courses:
ADMISSIONS OPEN 2024
ONLINE REGISTRATION
https://admissions.biuerp.com/
Courses Available
Under Graduate Courses
- BBA— Finance & Taxation
- B.Com (Hons)
- BCA— IT & Multimedia
- B.A. — Journalism
- B.A. — Mass Communication
- B. Pharm
- B.Sc. Forensic Sciences
- Post Basic B.Sc. Nursing

Diploma Courses
- X-Ray Technician
- MRI Technician
- Emergency & Trauma Care
- Dialysis Technician
- D. Pharm
- Dental Mechanics
- Dental Hygienist

Post Graduate Courses
- M.Com
- M.A. — Pol. Science
- MBA
- MHA
- MPH
- M.A. — English
- M.A. — Hindi
- M.A. — Psychology
- M.A. — Sociology
- M.A. — Journalism
- M.A. — Mass Communication
- M. Pharm (Pharmaceutics / Pharmacology)
- M.Sc. Forensic Sciences
- M.Sc. Medical Sciences
- M.Sc. Clinical Embryology

- Use of integrated pedagogy to train students in the art of interpretation and understanding.
- Use of present-day techniques for transforming imagination, reasoning and thought patterns.
- Use of experimental methods and research tools for teaching-learning process.

Contact for More Details
Admission Cell, Administrative Block
Rohilkhand Medical College and Hospital Campus, BIU
Pilibhit Bypass Road Bareilly-243006 (UP) India
Web: www.biu.edu.in
Email: admission@biu.edu.in
Admission Cell: 9105500202, 9105500404

अभियान | नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जनपद में हुए कार्यक्रम, छात्रों को दिलाई शपथ

जागरूकता से सफल होगी नशा मुक्ति की मुहिम

हरमन माइनर डिग्री कालेज में आयोजित कार्यक्रम। ● अमृत विचार

एमबीपीजी में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित प्राचार्य एनएस बनकोटी और अन्य।

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : नशा मुक्त भारत अभियान के तहत सोमवार को नैनीताल जिले में जगह-जगह शपथ एवं विभिन्न कार्यक्रम हुए। इस दौरान युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव की जानकारी देते हुए उनसे नशे से दूर रहने की अपील की गई।

हरमन माईनर डिग्री कॉलेज भीमताल में छात्रों ने विकसित भारत का मंत्र, भारत हो नशे से स्वतंत्र विषय पर विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किये। संस्थान की प्राचार्या डॉ. मुक्ता ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि स्कूल और गांव के नजदीक तंबाकू की दुकान होने से युवाओं में नशे की प्रवृत्ति बढ़ रही है। छोटी उम्र में नशा करने से बच्चों में शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक विकास रुक जाता है। नशा एक सामाजिक बुराई है, इससे लड़ने के लिये समाज को एकजुट होना होगा। नशा मुक्त व अपराधमुक्त समाज की स्थापना के लिए सभी को मिलकर कदम उठाने होंगे, तभी यह मुहिम सार्थक होगी। कार्यक्रमके दौरान छात्रों ने नशा मुक्ति की शपथ भी ली। इस दौरान बीना नेगी, राजेन्द्र सिंह खाती, गणेश चन्द्र, शीतल सिंह मौर्या, डॉ. हेमा मेहरा, डॉ. विनीता राय, रामकृष्ण आर्य, पूजा आर्या, डॉ. सतीश चन्द्रा, दीपक देशवाल, डॉ. मंजू नेगी रहे।

छात्र-छात्राओं ने ली शपथ

भीमताल : नशा मुक्त भारत अभियान के तहत राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़ौन में छात्र-छात्राओं और स्टाफ ने नशा न करने और दूसरों को नशे से बचाने की शपथ ली। प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र सिंह बसेड़ा ने सभी को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। साथ ही लोगों से क्षेत्र को नशा मुक्त करने में योगदान देने की अपील की। इस अवसर पर उमा जोशी, कमल कुमार, मिथिलेश, प्रियंका सिंह, रघुवर सिंह रहे।

300 छात्र-छात्राओं ने ली नशा मुक्त भारत की शपथ

हल्द्वानी, अमृत विचार : एमबी इंटर कॉलेज, खालसा इंटर कॉलेज और गुरुनानक इंटर कॉलेज के लगभग 300 छात्र-छात्राओं ने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत शपथ ली। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने भारत सरकार का लाइव कार्यक्रम भी देखा और भाषण एवं नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एचसी पंत ने कहा कि यह पहल नशीली दवाओं से मुक्त भारत बनाने की सामूहिक प्रतिबद्धता को दिखाती है। जिला समाज कल्याण अधिकारी दिपांकर घिल्डियाल ने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की ऊर्जा होते हैं, युवाओं की शक्ति का देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। कार्यक्रम में राज्य समन्वयक गुंजन शर्मा, जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी गोस्वामी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. केके त्रिपाठी, प्राचार्य डॉ. एनएस बनकोटी, डॉ. कोमल शर्मा, जिला समन्वयक नशा मुक्त भारत अभियान राहुल आर्य, सहायक समाज कल्याण अधिकारी गोकुल फर्त्याल, सुरेंद्र धपोला, विनय जोशी के समेत कई छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

रुद्रपुर में एनएसएस स्वयंसेवकों ने निकाली तिरंगा रैली

रैली में एनएसएस के साथ एनसीसी और विद्यालय के अन्य छात्र भी रहे शामिल, प्रधानाचार्य ने छात्रों को बताया आजादी के पर्व में तिरंगे का महत्व

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: अटल उत्कृष्ट आदित्यनाथ झा राजकीय इंटर कॉलेज रुद्रपुर की एनएसएस इकाई के स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम अधिकारी गिरीश शर्मा के नेतृत्व में तिरंगा रैली निकाली। इसमें एनएसएस, एनसीसी और विद्यालय के अन्य छात्रों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। तिरंगा रैली विद्यालय से प्रारंभ होकर विभिन्न कालोनियों से होते हुए वापस विद्यालय में संपन्न हुई।

सोमवार को तिरंगा रैली टीचर्स कॉलोनी, रंपुरा, प्रीत विहार, बरार कॉलोनी में निकाली गयी। इस दौरान सभी छात्र हाथों में तिरंगा लेकर विजई विश्व तिरंगा प्यारा, झंडा ऊंचा रहे हमारा गीत गा रहे थे। इससे पूर्व विद्यालय के प्रधानाचार्य दयाशंकर पांडे ने समस्त छात्रों को संबोधित करते हुए आजादी के पर्व में तिरंगे के महत्व के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम अधिकारी गिरीश शर्मा ने सभी स्वयंसेवियों और छात्रों को तिरंगे झंडे के इतिहास के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर राजपति बिंद, गिरीश शर्मा, यतेंद्र सिंह यादव, दिनेश कुमार शुक्ला, राघवेंद्र प्रताप सिंह, शंकर दत्त पाठक, भुवन चंद्र जोशी, भरत मिश्रा, कृष्ण राम आर्य, विपिन गुप्ता, प्रमोद बाबू शर्मा, कैलाश राम कालकोटी, नर नारायण वर्मा, मोहम्मद लुकमान, इंद्रा ग्वासकोटी, कृष्ण मोहन त्रिपाठी, सायरा खातून, पूजा बत्रा, विनीता दुबे, कमला पांडे, प्रमोद कुमार तिवारी, कलावती आदि उपस्थित रहे। इस दौरान तिरंगे की शान को हमेशा कायम रखने का संकल्प लिया गया।

रुद्रपुर में तिरंगा रैली निकालते एएनझा कॉलेज के एनएसएस के छात्र व अन्य।

खटीमा में तिरंगा यात्रा निकालते पूर्व सैनिक। ● अमृत विचार

चंद्रावती तिवारी महाविद्यालय में दिलाई तिरंगे की शपथ

काशीपुर। चन्द्रावती तिवारी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हर घर तिरंगा बैनर तले एक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. कीर्ति पंत ने ध्वजारोहण कर सभी को तिरंगे की शपथ दिलाई। साथ ही महाविद्यालय में पौधरोपण किया गया।

सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्या डॉ. कीर्ति पंत ने देश की आन, बान, शान के प्रतीक तिरंगे का महत्व बताया। उन्होंने बताया कि आज प्रत्येक देशवासी को अपने भारतीय होने का गौरव होना चाहिए। नशा उन्मूलन प्रकोष्ठ नोडल अधिकारी डॉ. दीपा चनियाल ने नशा मुक्त भारत बनाने की शपथ दिलाई। इस दौरान कार्यक्रम में डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय, डॉ. वंदना सिंह, डॉ. रमा अरोरा, डॉ. अंजलि गोस्वामी, डॉ. गीता मेहरा, डॉ. दीपा चनियाल, डॉ. ज्योति गोयल, प्राची धौलाखंडी, शीतल अरोरा, डॉ. मीनाक्षी पन्त, विजेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि, छात्र व शिक्षक। ● अमृत विचार

पूर्व सैनिकों ने निकाली तिरंगा यात्रा

खटीमा : पूर्व सैनिक संगठन के नेतृत्व में पूर्व सैनिकों ने सितारगंज रोड से मुख्य चौराहे तक पैदल तिरंगा यात्रा निकाली। उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रहे अत्याचार की कड़ी निन्दा की। केंद्र सरकार से तत्काल आवश्यक कदम उठाने की मांग की। उन्होंने केंद्र सरकार से तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है। इस अवसर पर पूर्व सैनिक संगठन अध्यक्ष गंभीर सिंह धामी, धन सिंह सामंत, दान सिंह बोरा, दीवानी चंद, पुष्कर सिंह बिष्ट, जीत सिंह गोबाडी, राजेंद्र सिंह बिष्ट, मोहन सिंह धामी, रमेश चंद, भूपेंद्र सिंह खनका, मनोहर सिंह मेहरा शंकर सामंत आदि मौजूद थे।

भाजपा ने चलाया घर-घर तिरंगा अभियान

खटीमा : भारतीय जनता पार्टी झनकट मंडल कार्यकर्ताओं ने नगरपालिका क्षेत्र के रवार्ड संख्या 19 में मातृशक्ति के साथ घर घर जाकर लोगों को तिरंगा वितरित किया। इस अवसर पर झनकट मंडल अध्यक्ष विमला विष्ट, जिला मंत्री भुवन जोशी, किशोर जोशी, सतीश भट्ट, महेश राणा, पूर्व चिकित्सा अधीक्षक के .सी चन्द आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

सूचना

मैं छिन्दर सिंह पुत्र जग्गा सिंह निवासी हरिपुरा जबरान तहसील बाजपुर जिला- ऊधमसिंह नगर अपने पुत्र कुलवन्त सिंह से अशोभनीय व्यवहार, मारपीट, गाली गलौच करने के चलते अपने सभी प्रकार के संबंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूं, भविष्य में अपने कृत्य के लिए स्वयं जिम्मेदार होगा।

सूचना

मैं जरनैल सिंह पुत्र जोगेंद्र सिंह पूर्व हवलदार, आर्मी नंबर 13695395M , निवासी ग्राम पतरामपुर, तहसील जसपुर, बयान करता हूं कि मेरे सैन्य अभिलेख भाग-2 में मेरी पत्नी MANDEEP KAUR की जन्मतिथि त्रुटिवश 15-06-1978 गलत दर्ज है। सही जन्मतिथि 15-07-1978 है।

पंत विवि ने एक बार फिर जमाई अपनी धाक

पंतनगर : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आईसीएआर नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में जलवायु के अनुकूल टिकाऊ खेती के लिए 34 विभिन्न फसलों तथा 27 बागवानी की कुल 109 प्रजातियों को जारी किया। इन प्रजातियों में देश के पहले कृषि विवि (जीबी पत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय) द्वारा विकसित दलहनों की तीन प्रजातियों (पंत चना 10, पंत मसूर 14 एवं पंत मटर 484) और चारे की सीएसवी 57एफ प्रजातियां शामिल हैं। विवि की इन प्रजातियों को प्रधानमंत्री द्वारा उगाए जाने के लिए जारी करने पर कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने हर्ष व्यक्त करते हुए इन प्रजातियों को विकसित करने वाले वैज्ञानिकों को बधाई दी है। साथ ही उन्होंने वैज्ञानिकों से किसानों (विशेषकर छोटे एवं सीमान्त किसानों) की सकल आय बढ़ाने के लिए उनके उपयुक्त प्रजातियों एवं उनकी उत्पादन तकनीकों को विकसित करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि विवि द्वारा विभिन्न दलहनों की एक से बढ़कर एक 65 प्रजातियों को विकसित कर इनकी उच्च गुणवत्ता के बीज किसानों को उपलब्ध कराये जा रहे हैं।

जसपुर में भी निकाली गई तिरंगा यात्रा

जसपुर, अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भव्य विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। भारतीय जनता युवा मोर्चा के आह्वान पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक डॉक्टर शैलेंद्र मोहन सिंघल के संरक्षण व भारतीय जनता युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष पीयूष जोशी के नेतृत्व में नगर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली। जो सांय करीब 4 :00 बजे नगर के प्रमुख स्थान सुभाष चौक से शुरु हुई और कोतवाली रोड, गांधी आश्रम चौराहा, ठाकुर मंदिर, गांधी पार्क, ठाकुरद्वारा बस स्टैंड, मोहल्ला जोशियान, मोहल्ला चौहान, राजपूत सभा भवन, घास मंडी होली चौक, पंडित पूर्णानंद तिवारी इंटर कॉलेज रोड होते हुए सुभाष चौक पर पहुंच कर समाप्त हो गई। पूर्व विधायक डॉक्टर शैलेंद्र मोहन सिंघल व भाजयुमो के नगर अध्यक्ष पीयूष जोशी ने रैली को सफल बनाने पर कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। रैली में मंडी समिति के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह चौहान, उपाध्यक्ष सरवन सिद्धू, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य खड़क सिंह चौहान, जिला महामंत्री डॉक्टर सुदेश चौहान, नगर अध्यक्ष राजकुमार चौहान, महामंत्री अभिषेक चौहान व विशाल कश्यप, पंकज चौहान, अशोक खन्ना आदि मौजूद रहे।

जसपुर में विशाल तिरंगा रैली निकालते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

ट्रांजिट कैंप में तिरंगा वितरित करते भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक चुघ।

ट्रांजिट कैंप में चला हर घर तिरंगा अभियान

रुद्रपुर, अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आह्वान के बाद भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण चुघ नेतृत्व में भाजपाइयों ने चामुंडा मंदिर ट्रांजिट कैंप से हर घर तिरंगा अभियान प्रारंभ किया। सोमवार को कार्यक्रम के दौरान भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक चुघ ने कहा कि तिरंगा देश की शान है और पूरे देश के लोग इसी तिरंगे को नमन करते हैं। ऐसे में सभी देशवासी स्वतंत्रता दिवस पर देश के प्रति अपना योगदान शब्दों में लिखकर दें कि हर घर में तिरंगा लहराएगा। इस दौरान जिला संयोजक आर्थिक प्रकोष्ठ पंकज बांगा, जिला सहसंयोजक आर्थिक प्रकोष्ठ नितेश गुप्ता, संजय गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता, विकास बंसल, मनोज गुप्ता, शिबू, विशाल, संजय, रामनिवास शर्मा, राज कोली, सनी पासवान, गौरव प्रजापति मौजूद थे।

पाकिस्तान से भारत आए लोगों की याद में मनेगा विभाजन विभीषिका दिवस

किच्छा : भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष कमल जिंदल ने बताया कि भारत-पाकिस्तान विभाजन के दौरान 14 अगस्त 1947 को हुई बर्बरता एवं कत्लेआम के बीच भारत पहुंचे लोगों के सम्मान तथा नई पीढ़ी को इतिहास के बारे में जानकारी देने के उद्देश्य से आगामी 14 अगस्त को किच्छा में विभाजन विभीषिका दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिंदल ने बताया कि वर्ष 2021 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में विभाजन विभीषिका दिवस मनाने का निर्णय लिया था। कार्यक्रम में उन लोगों को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने नए सिरे से अपनी जिंदगी की शुरुआत कर तराई को आबाद करने में अहम भूमिका निभाई। इस दौरान एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी दिखाई जाएगी तथा कार्यक्रम में 1000 लोगों का लक्ष्य रखा गया है। बताया कि इस मौके पर मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश संगठन मंत्री अजय कुमार तथा बतौर मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी उपस्थित रहेंगे। प्रेस वार्ता में धर्मराज जायसवाल, नितिन फुटेला, नितिन मैसी, मनमोहन, धनीराम, पूनम अग्रवाल, राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

Government Medical College, Haldwani (Nainital)
Phone No. (05946) 255255, 255926, Ext. 4216, 4365, email: principal-gmchld-uk@gov.in

Expression of Interest

Principal Government Medical College, Haldwani inviting proposal from reputed Publishers/Distributors for Purchase of Indian/International Medical Books& Medical Journals (Indian/Foreign) for Central Library for the Year 2024-25. The last date for submitting the proposal is 27.08.2024 at 5pm.
Please refer to the website www.gmchld.org for all other details such as terms & condition, list of Books/Journals etc.
All changes & amendments if any will be published in the said website.
Advt. No.: 334/gmc/lib/August, 2024

Principal

स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रमों की रूपरेखा तय

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: जिले में स्वतंत्रता दिवस को भव्यता व हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिए कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। इस दौरान सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालयों में सुबह 9 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी सुबह 9.30 बजे व पुलिस लाइन में सुबह 10 बजे प्रभारी मंत्री ध्वजारोहण करेंगे। ध्वजारोहण कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व उनके परिजनों को सम्मानित किया जाएगा। सोमवार को जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने कार्यक्रम को लेकर एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कलेक्ट्रेट में बैठक आयोजित हुई। उन्होंने मुख्य शिक्षा अधिकारी को विद्यालयों में भाषण, पेंटिंग, गोष्ठी, निबंध लेखन, गायन प्रतियोगिता, स्लोगन, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर शहर के प्रमुख चौराहों पर देशभक्ति के गीतों का प्रसारण करने व जिला क्रीड़ा अधिकारी को क्रॉस कंट्री रेस में अधिक से अधिक खिलाड़ियों को प्रतिभाग कराने को कहा। उन्होंने शासकीय एवं ऐतिहासिक भवनों को प्रकाशमान किए जाने के भी निर्देश संबंधित विभागों को दिए।

अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम। ● अमृत विचार

आज से होंगे हर घर तिरंगा कार्यक्रम

रुद्रपुर : जिलाधिकारी ने कहा कि 13 से 15 अगस्त तक भव्य हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित होगा। सभी विभागीय अधिकारियों को हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत तिरंगा यात्रा, तिरंगा संगीत, देश भक्ति गीत, तिरंगा प्रतिज्ञा, स्वस्च्छता कार्यक्रम, एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण कार्यक्रम करने के निर्देश दिए।

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत नगरीय वितरण खण्ड, नैनीताल रोड़, तिकोनिया हल्द्वानी (नैनीताल)-263139,
फोन एवं फैक्स: 05946-220172, E-mail: eddhld@yahoo.com

पेड़ों के कटान/स्थानान्तरण के कारण विद्युत बाधित होने की सूचना

हल्द्वानी (नगर) खण्ड के अर्न्तगत काठगोदाम क्षेत्र के समस्त विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित करना है कि प्रशासन के निर्देशानुसार सड़क चौढ़ीकरण हेतु बाधक वृक्षों का वन विभाग द्वारा पातन/कटान किया जाना है, जिस कारण निम्न सूची के अनुसार शट डाउन प्रस्तावित है। उक्त कार्य के दौरान निम्न सूची के अनुसार सम्बन्धित पोषकों से पोषित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति पूर्ण/आंशिक रूप से बाधित रहेगी।

क्र0 सं0	दिनांक एवं दिन	उप-संस्थान का नाम	पोषक का नाम	प्रभावित क्षेत्र	समय
01	13.08.2024 (मंगलवार) 14.08.2024 (बुधवार)	33/11 के0वी0 उपसंस्थान, HMT रानीबाग	शीशमहल पोषक	रानीबाग घाट, इन्द्रा नगर काठागोदाम, कल्सिया पुल, काठगोदाम थाना, नई बस्ती, नरीमन चौराहा, बद्रीपुरा, रेलवे कॉलोनी, कॉलटैक्स, ठोकर लाईन	प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक

अतः समस्त उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की जाती है।
"विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें"
पत्रांकः 2857/वि0वि0ख0(ह0)/ दिनांक : 12/08/2024 अधिशासी अभियन्ता
"राष्ट्र हित में बिजली बचायें" कस्टमर केयर टोल फ्री नं0 1800-419-0405

एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम में आश्रितों को किया सम्मानित

रुद्रपुर : मानवाधिकार सुरक्षा एवं अपराध निरोधक संगठन द्वारा एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें देश भक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने समां बांधा। वहीं शहीदों के आश्रितों को भी सम्मानित किया गया। सोमवार को नगर निगम सभागार में हुए कार्यक्रम का उद्घाटन सीएफओ निशांत कटारिया और जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अधिवक्ता दिवाकर पांडेय ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। वहीं हल्द्वानी की वीरांगना भावना गोस्वामी, रुद्रपुर की प्रेमा डोरबी, भावना शाही, रूपा कोश्यारी को सम्मानित किया गया। इस मौके पर संगठन के जिलाध्यक्ष निरवैर सिंह, सेवानिवृत सूबेदार मेजर खड़क सिंह कार्की, निर्मलजीत सिह, नंदन सिंह कोश्यारी, धन सिंह कोरंगा, हेम सिंह कुंवर, रमेश कुमार, कैलाश पाठक, जितेंद्र पांडे, प्रकाश मिश्रा, गोविंद सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

रुद्रपुर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते बच्चे।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
150 बेड का विश्वस्तरीय कैंसर हॉस्पिटल
RADIOTHERAPY
TRUE BEAM STX LINAC
यह SRS, SBRT, IGRT, IMRT,VMAT और 3D CRT जैसी फोटॉन थेरेपी (6 Mv, 10Mv, 15Mv) पद्धतियाँ प्रदान करने में सक्षम है।

BRACHYTHERAPY
24 Channel

PET CT SCAN
बरेली मंडल की एक मात्र मशीन

FDG -PET CT
PSMA- PET CT (प्रोस्टेट कैंसर)
सोडियम फ्लोराइड बोन पीईटी
DOPA -PET CT (पार्किंसंस आवर्तक ब्रेन ट्यूमर, आदि)
द्वितीय पीढ़ी की मशीन जिससे कैंसर के स्टेज का पता चलता है
Immunotherapy & Chemotherapy
Dedicated Cancer Modular OT's
आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक का इलाज
हमारे विशेषज्ञ
डॉ. अर्जुन अग्रवाल (सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. लक्ष्मण पांडे (रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. आमिर मलिक (हेड एंड नेक कैंसर सर्जन)
डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा (क्लिनिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. संदीप (मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. चीना गर्ग (ऑन्कोपैथोलॉजिस्ट)
डॉ. अंकित कुमार (न्यूक्लियर मेडिसिन ऑन्कोलॉजिस्ट)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 92581 16087, 78912 35003
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल कैम्पस, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

लापता हमजा की मां का टूटा सब्र, डीएम कार्यालय के सामने शुरू किया धरना

दो जुलाई से लापता है 14 वर्षीय हमजा बेग, सीबीआई जांच की उठाई मांग, रोती रही मां

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: दो जुलाई से लापता 14 वर्षीय हमला बेग का कोई सुराग नहीं लगने से आहत आखिरकार नाबालिग की मां का सब्र टूट गया। मां ने महिलाओं के साथ डीएम कार्यालय के सामने धरना शुरू कर दिया है। आंदोलित महिलाओं ने जिलाधिकारी से हमजा लापता प्रकरण की सीबीआई जांच की मांग उठाई है। आगाह किया कि यदि शासन-प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया तो अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया जाएगा।

सोमवार को पूर्व पालिकाध्यक्ष मीना शर्मा के साथ लापता हमजा की मां शबनम सहित कई महिलाएं डीएम कार्यालय के मुख्य गेट पर पहुंची और धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। उनका कहना था कि 2 जुलाई से 14 साल का किशोर हमजा घर से लापता है। जिसको लेकर जहां पुलिस ने भी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। सोशल मीडिया हो या फिर बरामदगी की मुहिम हर प्रयास के बाद भी कोई सुराग नहीं लगा। जिस के चलते पूरा परिवार सदमे में है और लगातार बरामदगी की मुद्दा उठा रहे हैं। उन्होंने डीएम से लापता प्रकरण की सीबीआई जांच कराए जाने की मांग की है। कारण एक माह दस दिन का समय बीत जाने के बाद किशोर का कोई सुराग नहीं लगा।

उन्होंने आगाह किया कि यदि शासन-प्रशासन ने हमजा की बरामदगी के लिए कोई ठोस निर्णय नहीं लिया तो अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा। इस दौरान लापता की मां रो-रोककर अपने बेटे की बरामदगी की गुहार भी लगाती दिखी। बाद में परिजनों ने ओसी कलेक्ट्रेट डॉ. अमृत शर्मा को एक ज्ञापन भी सौंपा। इस अवसर पर अनिल शर्मा, फैजल खान, मोहम्मद रजा, फरीद अहमद मंसूरी, कलीम अहमद, दानिश खान, अतीत खान आदि मौजूद रहे।

डीएम कार्यालय के मुख्य गेट पर धरना देती महिलाएं। ● अमृत विचार

सुपरवाइजर का मिला शव, हत्या की आशंका

संवाददाता, रुद्रपुर

- रविवार थाना ट्रांजिट कैंप इलाके की है वारदात
- भाई ने सौंपी तहरीर, शव पोस्टमार्टम को भेजा

अमृत विचार: थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में एक सुपरवाइजर का शव फंदे पर लटका मिला। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मृतक के भाई ने हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया है।

राकेश। (फाइल फोटो)

ग्राम धनीनगला, हसरतपुर अजामपुर बिसौरिया बदायूं यूपी निवासी गिरिराज सिंह ने बताया कि उसका छोटा भाई राकेश सिंह सिडकुल की एक कंपनी में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत था। ट्रांजिट कैंप के डी ब्लॉक में किराए के मकान में रह रहा था। बताया कि रविवार को सूचना मिली कि उसके भाई राकेश का शव लटका मिला है और आत्महत्या कर ली है तो वह फौरन घटनास्थल पहुंचा। देखा कि उसका भाई फंदे पर लटका हुआ था, लेकिन आत्महत्या जैसा प्रतीत नहीं हो रहा है।

मृतक के भाई गिरिराज ने बताया कि उसके भाई को एक 25 वर्षीय युवती ब्लैकमेल करती थी। आशंका जताई है कि युवती ने ही किसी के साथ मिलकर गला दबाकर व सिर पर भारी चीज का वार कर हत्या की होगी और आत्महत्या दर्शाने के लिए फंदे पर लटका दिया होगा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर, थाना प्रभारी ट्रांजिट कैंप भारत सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला खुदकुशी का प्रतीत हो रहा है। बावजूद पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी और तहरीर के आधार पर पूछताछ कर अपनी जांच करेगी। प्रकरण में कोई भी तथ्य सामने आते हैं तो पुलिस कठोर कार्रवाई करेगी।

सार-संक्षेप

गांव शिवराजपुर में सार्वजनिक भवन का लोकार्पण करते विधायक आदेश चौहान।

सार्वजनिक भवन और टाइल्स रोड का लोकार्पण किया

जसपुर : क्षेत्रीय विधायक आदेश सिंह चौहान ने गांव शिवराजपुर में सार्वजनिक भवन और दुर्गापुर गांव में टाइल्स रोड का लोकार्पण किया। इस दौरान विधायक ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों से बात कर समस्याओं का निस्तारण कराने का आश्वासन दिया। इस मौके पर सुभाष शर्मा, हिमांशु नंबरदार, विजेंदर कुमार, सुखविंदर सिंह, गजेंद्र चौहान, सर्वेश चौहान आदि मौजूद रहे।

चोरों ने उड़ाए आंगनबाड़ी केंद्र से बर्तन व पंखे

खटीमा : जमौर पटिया स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का ताला तोड़कर चोर खाना बनाने के बर्तन व पंखे चुरा ले गए हैं। चोरी की घटना का पता तब चला जब सोमवार सुबह आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जैबुनिशा केंद्र पर पहुंची तो वहां दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। उन्होंने घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने बताया कि कमरे में रखा तवा, बाल्टी, पंखा, भगौना, कटोरी, गिलास समेत कई सामान चोरी हो गए हैं।

तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

जसपुर : पुलिस ने एक युवक को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र चौधरी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने रायपुर-ढकिया रास्ते पर गांव आसपुर निवासी प्रशान्त कुमार को एक नाजायज तमंचा 315 बोर मय एक कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उसके खिलाफ धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र चौधरी, एसएसआई राजेश पांडेय, एसआई संजय सिंह शामिल रहे।

चलती कार में लगी आग को बमुश्किल बुझाया

काशीपुर : रेलवे स्टेशन के पास एक चलती कार में अचानक आग लग गई। आसपास के दुकानदारों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। रविवार की देर रात लगभग नौ बजे एक कार धामपुर से काशीपुर की ओर आ रही थी। इसी बीच रेलवे स्टेशन के पास कार में अचानक आग लग गई। कार में आग लगने पर कार सवार आनन-फानन में बाहर निकल गए। इसी दौरान आसपास के दुकानदारों ने पानी से आग बुझाना शुरू कर दी। व्यापारी संजय कक्कड़ को पता चला कि कार में सीएनजी सिलेंडर लगा है तो उन्होंने सिलेंडर की सप्लाई बंद की। दुकानदारों ने पास से गुजर रही रोडवेज बस को रोक कर उसमें लगे अग्निशमन उपकरण और पानी से आग पर काबू पाया।

सरकारी अस्पताल को मिले रेबीज के इंजेक्शन

काशीपुर : बीते दिनों काशीपुर के एलडी भट्ट अस्पताल में रेबीज के इंजेक्शन नहीं होने से मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ा था। जिसके बाद सीएमओ के निर्देश के बाद सोमवार को अस्पताल में रेबीज के इंजेक्शन की पर्याप्त मात्रा में सप्लाई हो गई है। अब लोगों को रेबीज का इंजेक्शन लगाने के लिए प्राइवेट अस्पतालों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। सोमवार को अस्पताल के चिकित्सकों से मिली जानकारी के अनुसार, मुख्यालय के द्वारा पर्याप्त मात्रा में रेबीज के इंजेक्शन उपलब्ध करा दिए गए हैं। इसके बाद लोगों को आसानी से इंजेक्शन मिल सकेंगे।

महिला समेत दो के खिलाफ विद्युत चोरी का मुकदमा दर्ज

काशीपुर : विद्युत उपखंड अधिकारी ग्रामीण पंकज कुमार ने पुलिस टीम के साथ रविवार की शाम विद्युत चोरी के खिलाफ अभियान चलाया। जहां उन्होंने ओम विहार कॉलोनी निवासी राजकुमार वर्मा पत्नी संजीव वर्मा व कटईया गांव में मुरसलीम के घर में विद्युत मीटर से पहले विद्युत चोरी पकड़ ली। इसके बाद उन्होंने दोनों के खिलाफ आईटीआई थाना पुलिस को तहरीर सौंपी। तहरीर के आधार पर आईटीआई पुलिस ने दोनों के खिलाफ 135 विद्युत अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

चेक बाउंस में तीन माह की कैद, तीन लाख का जुर्माना

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: न्यायालय अपर सिविल जज जेडी-जेएम ने चेक बाउंस के मामले में तीन माह का सश्रम कारावास की सजा और तीन लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

वार्ड संख्या 14 निवासी जगदीश चंद्र गुप्ता ने अधिवक्ता अमित अग्रवाल के माध्यम से न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर कहा कि पावस ट्रेडर्स टनकपुर रोड, वार्ड संख्या 14 निवासी पावस गुप्ता के बीच अच्छी जान पहचान थी और वह एक-दूसरे को भली-भांति पहचानते थे। पावस गुप्ता ने अपनी घरेलू आर्थिक आवश्यकता बताते हुए 20 जुलाई 2021 को दो लाख तथा 22 जुलाई 2021 को डेढ़ लाख रुपये बतौर कर्ज के रूप में उधार लिए। जिसके बाद प्रतिवादी ने उन्हें 27 जुलाई 2021 को अपनी फर्म पावस ट्रेडर्स के खाते का दो लाख तथा 29 जुलाई 2021 को डेढ़ लाख रुपये का चेक दिया। जिसे खाते में लगाने पर वह बाउंस हो गया। चेक बाउंस की जानकारी देने के बाद भी वह पैसे देने में टालमटोल करने लगा। जिसके बाद अधिवक्ता ने 6 सितंबर 2021 को न्यायालय अपर सिविल जज जेडी-जेएम में परिवाद प्रस्तुत किया। अपर सिविल जज जेडी-जेएम अमित भट्ट ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद पावस गुप्ता के खिलाफ धारा 138 पर चैक बाउंस दोषसिद्ध होने पर तीन माह के सश्रम कारावास की सजा तथा तीन लाख रुपये जुर्माना लगाया। साथ ही अभियुक्त को आदेशित किया कि जुर्माने की राशि में से 2 लाख 90 हजार रुपये परिवादी को प्रतिकर के रूप में अदा किया जाए।

बाल विवाह-दुष्कर्म के दोषी को 20 साल कैद

फैसला

- अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने सुनाया फैसला
- कठोर कारावास के साथ 50 हजार रुपये अर्थदंड भी

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: वर्ष 2021 में थाना खटीमा में नाबालिग को बहला फुसलाकर बाल विवाह करने और दुष्कर्म के दोषी को बीस साल कठोर कारावास और 50 हजार रुपये का अर्थदंड देने की सजा हुई है।

विशेष लोक अभियोजक उमेश कुमार गुप्ता ने बताया कि 16 मई 2021 को थाना खटीमा की रहने वाली महिला ने तहरीर देते हुए बताया था कि 11 मई की रात्रि खाना खाकर उसकी नाबालिग बेटी और वह सो गई थी। सुबह देखा कि उसकी नाबालिग बेटी घर से गायब है। काफी खोजबीन के बाद भी कोई सुराग नहीं लगा तो पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। मामले की तफ्तीश करते हुए महिला जांच अधिकारी ने एक अगस्त 2021 को ग्राम लुधोरी निवासन खीरी यूपी निवासी विक्रमजीत सिंह को गिरफ्तार कर नाबालिग बेटी को बरामद कर लिया, जबकि आरोपी को बाल विवाह, दुष्कर्म करने सहित कई धाराओं में जेल भेज दिया।

मामले की सुनवाई एफटीएससी अपर जिला सत्र न्यायाधीश संगीता आर्या की अदालत में शुरू हुई। जहां विशेष लोक अभियोजक उमेश कुमार गुप्ता ने अदालत के सामने छह गवाह पेश किए। दोनों पक्षों की जिरह सुनने के बाद अदालत ने दोषी विक्रमजीत सिंह को 20 साल कठोर कारावास और 50 हजार रुपये का अर्थदंड देने की सजा सुनाई। साथ ही आदेशित किया कि दंड की 40 हजार की धनराशि पीड़िता और प्रशासन द्वारा एक लाख की प्रतिकर धनराशि दी जाएगी।

किशोरी के साथ दुष्कर्म के दोषी को बीस साल का कठोर कारावास

रुद्रपुर, अमृत विचार : वर्ष 2021 में थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में नाबालिग के साथ दुष्कर्म के दोषी को बीस साल कठोर कारावास और 50 हजार रुपये का अर्थदंड देने की सजा हुई है। विशेष लोक अभियोजक उमेश कुमार गुप्ता ने बताया कि थाना ट्रांजिट कैंप के रहने वाले एक व्यक्ति ने तहरीर देकर बताया था कि 16 सितंबर 2021 की शाम सात बजे से उसकी 15 वर्षीय बेटी अचानक लापता हो गई। काफी खोजबीन के बाद भी कोई सुराग नहीं लगा तो 17 सितंबर को थाने में तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज करवाई। प्रकरण की जांच करते हुए जांच अधिकारी दरोगा धीरज टम्टा व रीता चौहान ने तफ्तीश के दौरान वार्ड नंबर 11 बहेड़ी बरेली निवासी राजकुमार उर्फ रवि को गिरफ्तार कर लिया और नाबालिग बेटी को बरामद किया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 363, 366, 376 और पॉक्सो अधिनियम के तहत चार्जशीट एफटीएससी अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संगीता आर्या की अदालत में पेश किया। किशोरी के साथ दुष्कर्म के दोषी को बीस साल का कारावास मामले में विशेष लोक अभियोजक उमेश कुमार गुप्ता ने अदालत के सामने सात गवाह पेश किए। दोनों पक्षों की जिरह सुनने के बाद अदालत ने दोषी राजकुमार उर्फ रवि को बीस साल कठोर कारावास और 50 हजार रुपये अर्थदंड देने की सजा सुनाई।

- वर्ष 2021 में थाना ट्रांजिट कैंप इलाके का है मामला
- एफटीएससी अदालत ने सुनाया अपना फैसला

महिला की मौत की गुत्थी नहीं सुलझी

संवाददाता, जसपुर

अमृत विचार: गांव बढ़ियों वाला में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई विवाहिता की मौत की गुत्थी नहीं सुलझ पा रही है।

सलोनी। (फाइल फोटो)

रविवार को जसपुर कोतवाली अंतर्गत गांव बढ़ियों वाला निवासी मृदुल चौधरी की पत्नी 35 वर्षीय सलोनी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। विवाहिता के ससुराल वालों ने संदेह दूर करने के लिए एसटीएच हल्द्वानी के डॉक्टरों के पैनल से पोस्टमार्टम कराए जाने की मांग की। इस पर पुलिस ने मृतका के शव को हल्द्वानी एसटीएच को भेजा है। गांव कुकरझूंडी मुरादाबाद, उत्तरप्रदेश निवासी शोवीर सिंह ने अपनी पुत्री सलोनी की शादी 13 वर्ष पूर्व जसपुर के ग्राम बढ़ियों वाला निवासी मृदुल चौधरी से की थी। मृतका के दो बच्चे हैं। कोतवाल हरेंद्र चौधरी ने घटना के संबंध में बताया कि मृतका के ससुराल के लोग उसकी मौत को सांप के काटने से होना बता रहे हैं। जबकि मायके पक्ष के लोग उसकी हत्या किये जाने की आशंका जता रहे हैं। हालांकि अभी तक उनकी ओर से कोई तहरीर नहीं आई है । पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारण का पता लग सकेगा।

नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत बनी पहेली

जसपुर : संदिग्ध परिस्थितियों में हुई नव विवाहिता की मौत पहेली बनी हुई है।

शानिया। (फाइल फोटो)

रविवार को जसपुर के मोहल्ला ईदगाह निवासी अरशद उर्फ नवाब की नवविवाहिता 20 वर्षीय शानिया की पति की गैर मौजूदगी में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। वह बेड पर मृत पाई गई थी। पुलिस ने सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव को उसके मायके वालों को सौंप दिया है। मृतका शानिया की अंत्येष्टि उसके मायके वालों ने अपने गांव मानिया वाला अफजलगढ़, बिजनौर, उत्तर प्रदेश में की। मृतका के पिता शरीफ अहमद ने बताया शानिया का करीब 3 माह पहले जसपुर के मोहल्ला ईदगाह निवासी अरशद से निकाह हुआ था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट अभी प्राप्त नहीं हो पाई है, इसलिए अभी उसकी मौत के कारण का पता नहीं चल पाया है। मायके वालों ने घटना के संबंध में किसी तरह की कोई तहरीर नहीं दी है। मृतका शानिया का पति अरशद राजस्थान में रह कर ट्रक ड्राइविंग करता है। जो घटना के समय घर पर मौजूद नहीं था। वह पत्नी की अंत्येष्टि में भी शामिल नहीं हो पाया। हालांकि उसे उसकी पत्नी की मौत की सूचना फोन पर दी जा चुकी है।

हड़ताल खत्म होने के बाद उमड़ी भीड़

काशीपुर: उत्तराखंड परिवहन मिनिस्ट्रियल कर्मचारी संगठन की हड़ताल खत्म होने के बाद सोमवार को एआरटीओ कार्यालय में लोगों की भीड़ लगी रही। लोग सामान्य दिनों की तुलना को दो से तीन अधिक संख्या में कार्यालय में पहुंचे। इसमें सबसे अधिक लाइसेंस बनाने वाले लोग शामिल रहे।

24 जून को रुद्रप्रयाग जिले में हुई एक वाहन दुर्घटना के बाद विभाग के कई कार्मिकों को निलंबित किया गया था। उनकी बहाली की मांग को लेकर हड़ताल की गई थी। बीते शनिवार को मांग पूरी होने के बाद संगठन ने हड़ताल को खत्म कर दिया था। वहीं सोमवार को एआरटीओ कार्यालय के खुलने के बाद कार्यालय में लोगों की भीड़ लगी रही। एआरटीओ विमल पांडेय ने बताया कि सामान्य दिनों की तुलना में लोग अधिक संख्या में कार्यालय में पहुंच रहे हैं।

परिवार पर हमला, मासूम को भी मारने की कोशिश

संवाददाता, रुद्रपुर

- पुलिस ने तहरीर के आधार पर दर्ज की रिपोर्ट

अमृत विचार: पति को कोतवाली पुलिस से छुड़ाकर लौट रहे एक परिवार पर दबंगों ने हमला कर दिया। दबंगों ने धारदार हथियार से प्रहार कर घायल कर दिया और मासूम को जमीन पर पटकने का भी प्रयास किया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम अर्जुनपुर निवासी करमजीत कौर ने बताया कि रविवार को वह अपने पति बलवीर सिंह को कोतवाली पुलिस से छुड़ाकर लौट रही थी। इस बीच घात लगाए बैठे करीब दस हमलावरों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिसमें उसका पति लहूलुहान होकर नीचे गिर गया और हमलावरों ने उसके मासूम बच्चे को छीनकर जमीन पर पटकने का प्रयास किया।

आरोप था कि कपड़े फाड़ने के बाद जब चाचा रंजीत सिंह व बलविंदर कौर ने बचाने की कोशिश की तो उन पर भी हमला कर चोटिल कर दिया।

पीड़िता का आरोप था कि हमलावर जसपाल सिंह, प्रीतम सिंह, गुरमीत सिंह, लखविंदर सिंह, रजविंदर सिंह, अमरजीत सिंह, सोनू सिंह, शिंगारा सिंह, हरजीत सिंह के पास धारदार हथियार से लैस थे और बार-बार परिवार की हत्या करने की धमकी दे रहे थे। चीख पुकार सुनकर हमलावर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कांवड़ियों के डीजे में लगी आग को बुझाते लोग। ● अमृत विचार

कांवड़ियों के डीजे में आग लगने से मचा हड़कंप

काशीपुर : बाजपुर रोड पर कांवड़ियों के चलते डीजे में अचानक आग लग गई। इसके बाद आसपास मौजूद राहगीरों व कांवड़ियों में हड़कंप मच गया। इसके बाद फायर एस्टीमेशन की मदद से बमुश्किल आग पर काबू पाया। हालांकि पूरी घटना में जानमाल का नुकसान नहीं हुआ, लेकिन डीजे की पूरी वायर जलकर राख हो गई। रविवार की शाम चार बजे काशीपुर से 55 कांवड़िये मय डीजे के हरिद्वार के लिए रवाना हुए थे। सोमवार को लौटने के दौरान काशीपुर के बाजपुर रोड स्थित आरओबी के पास डीजे से धुआं निकलने लगा। देखते ही देखते डीजे में आग लग गई। इससे डीजे के आसपास खड़े लोगों में हड़कंप मच गया। लोगों ने फायर एस्टीमेशन की मदद से आग पर काबू पाया। आग की घटना के दौरान सड़क पर काफी लंबा जाम लग गया। वहीं बताया जा रहा कि डीजे को मेरठ से किराए पर बुलाया गया था।

रक्षाबंधन पर बसों में मुफ्त सफर कर सकेंगी महिलाएं

संवाददाता, काशीपुर

तोहफा

- काशीपुर डिपो चलाएगा अतिरिक्त बसें

अमृत विचार : रक्षाबंधन के दिन महिलाएं उत्तराखंड परिवहन निगम की बसों में मुफ्त सफर कर सकेंगी। निगम की ओर से जारी आदेश में बताया गया है कि रक्षाबंधन के दिन राज्य के भीतर उत्तराखंड परिवहन निगम बसों में महिलाएं निःशुल्क सफर कर सकती हैं। रक्षाबंधन पर महिलाओं के लिए यह एक तोहफे से कम नहीं है।

यह फैसला महिलाओं के लिए बहुत बड़ी राहत है, खासकर उन महिलाओं के लिए जो अपने भाइयों से मिलने के लिए दूरदराज के क्षेत्रों में जाती हैं। यह फैसला उन्हें अपने भाइयों से मिलने में मदद करेगा और उन्हें आर्थिक बोझ से मुक्ति मिलेगी। महिलाओं को हरियाणा रोडवेज की बसों में 18 अगस्त को दोपहर 12 बजे से लेकर 19 अगस्त रात्रि 12 बजे तक मुफ्त यात्रा की सुविधा मिलेगी।

डिपो प्रबंधन का कहना है कि रक्षाबंधन पर यात्रियों की संख्या बढ़ने की स्थिति में अतिरिक्त बसों को संचालन भी किया जा सकता है। एआरएम अनिल सैनी ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रदेश में महिलाओं के लिए रक्षाबंधन पर यात्रा मुफ्त होगी। यात्री अधिक होने की दशा में अतिरिक्त बसें भी चलाई जाएंगी।

सख्ती अनुपस्थित अधिकारियों को स्पष्टीकरण के साथ कैंप कार्यालय किया तलब

41 में से 12 प्रकरणों का निस्तारण

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष मजहर नईम नवाब ने विकास भवन सभागार में आयोग को प्राप्त शिकायतों की सुनवाई की। इसमें 41 प्रकरणों की सुनवाई करते हुए 12 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। एक प्रकरण में राहत चेक वितरित किया गया, जबकि सुनवाई में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों को स्पष्टीकरण के साथ ही आगामी 16 अगस्त को कैंप कार्यालय हल्द्वानी में तलब किया गया।

सोमवार को उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ने सुनवाई करते हुए 12 वादों का निस्तारण किया। 8 मामलों से संबंधित अधिकारियों को 16 अगस्त को कैंप कार्यालय हल्द्वानी, 8 मामलों से संबंधित अधिकारियों को 21 अगस्त को हल्द्वानी, जबकि 2 मामलों में मौ. साजिद और मो. अदनान मलिक को व इनसे संबंधित अधिकारियों को 17 अगस्त को जनपद हरिद्वार में होने वाली शिकायतों की सुनवाई के दौरान उपस्थित होने के आदेश दिए। उन्होंने मो. साजिद निवासी ग्राम छापुर हरिद्वार के शिकायती प्रकरण में मुख्य शिक्षा अधिकारी हरिद्वार को छात्रावास के फर्नीचर संबंधित जांच कर 17 अगस्त को हरिद्वार में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयोग के मामलों को अधिकारी गंभीरता से लें और उनका निस्तारण समय से करें। इस अवसर पर आयोग के सदस्य मो. तसलीम, सचिव जेएस रावत समेत वादकारी और अधिकारी मौजूद रहे।

विकास सभागार में वादों की सुनवाई करते आयोग के उपाध्यक्ष मजहर नईम नवाब।

पेट्रोल पंप लगवाने के नाम पर लगाया 12 लाख का चूना

खटीमा, अमृत विचार: पेट्रोल पंप लगवाने के नाम पर रिश्ते के जीजा ने साले को 12 लाख का चूना लगा दिया। पीड़ित ने सीएम को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट को सौंपा। एसडीएम बिष्ट ने पुलिस को उचित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में दीपक सिंह राणा निवासी बानूसी ने बताया कि उसके पिता का 15 मई 2021 को शाम को छह बजे निधन हो गया था। उसके पिता ने मृत्यु से पहले बताया कि उसके रिश्ते के जीजा ने पेट्रोल पंप लगाने के नाम पर चार अगस्त 2018 को तीन लाख उन्नीस रुपए पचास पैसे किसी महिला के एचडीएफसी बैंक के खाते में ट्रांसफर कराए हैं। इसमें बैंक और नगदी मिलाकर 12 लाख रुपये आरोपी को दिए गए हैं।

युवती से अश्लीलता मनचलों की हुई धुनाई

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: रविवार शाम भीड़भाड़ वाले इलाके गांधी पार्क में एक युवती ठेले पर डोसा खा रही थी। इस बीच तीन युवक आए और अश्लीलता करने लगे। एक युवक ने पहले युवती को लात मार कर कपड़े फाड़ दिए और फिर अश्लील हरकतें करने लगा। यह देख वहां खड़े लोगों ने युवकों की धुनाई शुरू कर दी और एक युवक को दबोच कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

भगत सिंह चौक की रहने वाली एक युवती रविवार शाम साढ़े आठ बजे गांधी पार्क स्थित ठेले पर डोसा खा रही थी। वहां पहले से मौजूद तीन युवक युवती को देखकर हंसने लगे और अश्लील इशारे करने लगे। जब युवती ने हरकतों को नजरअंदाज कर वापस जाने लगी तो एक युवक दौड़ता हुआ आया और युवती को लात मारकर नीचे गिरा दिया। साथ ही अश्लील भाषा का प्रयोग करने लगा।

आरोप था कि जब युवती ने पुलिस बुलाने की धमकी दी तो युवक ने उसके कपड़े फाड़ दिए और अश्लील हरकतें करने लगा। युवती ने अपने परिचितों को फोन पर घटना की जानकारी दी। इसके बाद आरोपी युवक ने फिर आवेश में आकर अभद्रता शुरू कर दी। जिसे देखकर वहां खड़े लोगों से नहीं रहा गया और लोगों ने युवकों की धुनाई शुरू कर दी। जिसे देख दो युवक फरार हो गए, जबकि एक युवक को लोगों ने पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। उधर, कोतवाल मनोहर सिंह दसौनी ने बताया कि आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है, जबकि फरार दो आरोपियों की तलाश की जा रही है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

पुस्तकस्था तु या विद्या,परहस्तगतं च धनम्।
कार्यकाले समुत्तपन्ने न सा विद्या न तद् धनम्॥

किसी पुस्तक में रखी विद्या और दूसरे के हाथ में गया धन। ये दोनों जब जरूरत होती हैं तब हमारे किसी भी काम में नहीं आती।

संपादकीय

अनुसंधान की चुनौतियां

कोई देश विकास के पथ पर तभी आगे बढ़ सकता है जब वहां सूचना और ज्ञान आधारित वातावरण बने और शोध तथा अनुसंधान के पर्याप्त संसाधन उपलब्ध हों। विज्ञान ही है, जिसके माध्यम से भारत अपने वर्तमान को बदल रहा है और भविष्य को सुरक्षित रखने का कार्य कर रहा है। भारतीय वैज्ञानिकों का जीवन और कार्य प्रौद्योगिकी विकास तथा राष्ट्र निर्माण के साथ गहरी मौलिक अंतःदृष्टि के एकीकरण का शानदार उदाहरण रहा है। लेकिन कुछ तथ्य ऐसे भी हैं जो सोचने को विवश करते हैं आखिर क्यों भारत शोध कार्यों के मामले में चीन, जापान जैसे देशों से पीछे है? ऐसी कौन-सी चुनौतियां हैं जो अनुसंधान और विकास के क्षेत्र में भारत की प्रगति के पहिये को रोक रही हैं? हालांकि उभरते परिदृश्य और प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्था में विज्ञान को विकास के सबसे शक्तिशाली माध्यम के रूप में मान्यता मिल रही है। इसके पीछे सरकार द्वारा किए गए प्रयासों को नकारा नहीं जा सकता। वैज्ञानिक उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए देश के दृष्टिकोण में एक महत्वपूर्ण बदलाव आया है। हाल ही में सरकार ने प्रतिष्ठित राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार के विजेताओं की घोषणा की है, जो विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में असाधारण योगदान को मान्यता देने वाला एक उच्च सम्मान है।

इस पुरस्कार का उद्देश्य वैज्ञानिकों, प्रौद्योगिकीविदों और नवप्रवर्तकों की व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से उल्लेखनीय उपलब्धियों को मान्यता देना है। पुरस्कार 23 अगस्त को प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर प्रदान किए जाएंगे , जिस दिन चंद्रयान-3 के चंद्रमा पर उतरने की उपलब्धि का जश्न मनाया जाएगा। पुरस्कार प्राप्त व्यक्तियों ने प्रभावशाली अनुसंधान, नवाचार या खोज के माध्यम से विशिष्ट योगदान दिया है जिससे समाज को लाभ हुआ है। पुरस्कार विजेताओं की सूची में खगोल भौतिकी से लेकर कृषि तक के क्षेत्रों की एक विस्तृत श्रृंखला से जुड़े वैज्ञानिक शामिल हैं। टीम पुरस्कार भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की 'चंद्रयान-3 टीम' को प्रदान किया गया है। इन पुरस्कार विजेताओं में से अधिकांश केंद्रीय वित्त पोषित और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, सीएसआईआर और परमाणु ऊर्जा संस्थानों जैसे भारत के सबसे विशिष्ट वैज्ञानिक एवं अनुसंधान संस्थानों से संबद्ध हैं। भारत में बहुत से वैज्ञानिक न्यूनतम निधि व घटिया उपकरणों के सहारे और हतोत्साहित करने वाले वातावरण के बीच काम करते हैं। विशिष्ट रूप से वैज्ञानिकों के लिए पुरस्कारों के पीछे का मूल मकसद उन्हें अनुसंधान से जुड़े रहने के लिए प्रोत्साहित करना है। कई क्षेत्रों में भारत में अनुसंधान और विकास कार्यों की रफ्तार तेज़ी से बढ़ रही है। इसलिए वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए बजटीय आवंटन बढ़ाने से विज्ञान की कहीं ज्यादा सेवा होगी।

आजादी, विभाजन और तीसरा पक्ष



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

ऐसा नहीं कि मुस्लिम सीटों पर मुस्लिम लीग को सफलता मिली हो,उसकी हालत बहुत खराब रही व कई स्थानीय छोटे दल कांग्रेस व लीग से कहीं ज्यादा सफल रहे। पंजाब में मुस्लिम सीट 84 थीं और उसे महज सात सीट पर उम्मीदवार मिल पाए व जीते दो।

आजादी की लड़ाई में कांग्रेस एक प्रमुख दल था, लेकिन हिंदू महासभा, मुस्लिम लीग, अकाली दल सहित कई दल भी इसमें शामिल थे। यह सच है कि अधिकांश दल आजादी के बाद अपना अलग हिस्सा चाहते थे,लेकिन आजादी कुछ साल आगे ही इस लिए खिसकी कि कांग्रेस पहले विभाजित आजादी के पक्ष में नहीं थी। फिर भी विभाजन देखना पड़ा, तो क्या बाकी दलों की इसमें कोई भूमिका थी?

यदि सवाल किया जाए कि क्या देश की आजादी के लिए उसका विभाजन अनिवार्य था? यदि उस काल की परिस्थितियों, जिन्ना के सांप्रदायिक कार्ड और ब्रितानी सरकार की फूट डालो वाली नीति को एक साथ रखें तो स्पष्ट हो जाता है कि भारत की जनता लंबे संघर्ष के परिणाम न निकलने से हताश हो रही थी और यदि तब आजादी को विभाजन की शर्त पर नहीं स्वीकारा जाता तो देश भयंकर सांप्रदायिक दंगों की चपेट में आ जाता और उसके बाद आजादी की लड़ाई कुंद हो जाती। यदि उन दिनों के हालात पर गौर करें तो धार्मिक, जातीय या सांस्कृतिक टकराव और शासन के कारण पैदा किए गए तनाव आपस में गुथकर इस स्थिति में पहुंच गए थे कि या तो गृह युद्ध स्वीकार करो या विभाजन की शर्त पर आजादी। देश का विभाजन क्यों जरुरी था? इस पर पहले भी बहुत लिखा गया, लेकिन जान लें कि स्वतंत्रता संग्राम में सीधा संघर्ष केवल कांग्रेस कर रही थी। हिन्दू महासभा तीनों गोलमेज कॉन्फ्रेंस में मौजूद थी,लेकिन उनके द्वारा दिए गए सुझाव,परिकल्पना आदि न प्रभावी रहे न उल्लेखनीय।

पहले आम चुनाव में कांग्रेस एक दल था और दूसरा मुस्लिम लीग,कांग्रेस एक समूचे देश की आजादी की बात कर रही था और मुस्लिम लीग अलग से मुस्लिम देश की। मास्टर तारा सिंह की सिख राज की मांग बहुत छोटे से हिस्से में थी, हिंदू महासभा भी थी। वह हिंदुओं के अलग देश,अर्थात मुस्लिम लीग के सिक्के के दूसरे पहलु के रूप में थी। सन 1935 में अंग्रेज सरकार ने एक एक्ट के जरिए भारत में प्रांतीय असेंबलियों में निर्वाचन के साथ सरकार को स्वीकार किया। सन 1937 में चुनाव हुए। इसमें कुल तीन करोड़ 60 लाख मतदाता थे, कुल वयस्क आबादी का 30 फीसदी जिन्हें विधानमंडलों के 1585 प्रतिनिधि चुनने थे।

पहले आम चुनाव में कांग्रेस एक दल था और दूसरा मुस्लिम लीग,कांग्रेस एक समूचे देश की आजादी की बात कर रही था और मुस्लिम लीग अलग से मुस्लिम देश की। मास्टर तारा सिंह की सिख राज की मांग बहुत छोटे से हिस्से में थी, हिंदू महासभा भी थी। वह हिंदुओं के अलग देश,अर्थात मुस्लिम लीग के सिक्के के दूसरे पहलु के रूप में थी।

इस चुनाव में मुसलमानों के लिए सीटें आरक्षित की गई थीं। कांग्रेस ने सामान्य सीटों में कुल 1161 पर चुनाव लड़ा और 716 पर जीत हासिल की। मुस्लिम बाहुल्य 482 सीटों में से 56 पर कांग्रेस ने चुनाव लड़ा व 28 पर जीत हासिल की। 11 में से छह प्रांतों में उसे स्पष्ट बहुमत मिला।

ऐसा नहीं कि मुस्लिम सीटों पर मुस्लिम लीग को सफलता मिली हो,उसकी हालत बहुत खराब रही व कई स्थानीय छोटे दल कांग्रेस व लीग से कहीं ज्यादा सफल रहे। पंजाब में मुस्लिम सीट 84 थीं और उसे महज सात सीट पर उम्मीदवार मिल पाए व जीते दो। सिंध की 33 मुस्लिम सीटों में से तीन और बंगाल की 117 मुस्लिम सीटों में से 38 सीट ही लीग को मिलीं। यह स्पष्ट करती है कि मुस्लिम लीग को मुसलमान भी गंभीरता से नहीं लेते थे। हालांकि इस चुनाव में मुस्लिम लीग कांग्रेस के साथ उत्तर प्रदेश चुनाव लड़ना चाहती थी,लेकिन नेहरू ने साफ मना कर दिया। यही नहीं 1938 में नेहरू ने कांग्रेस के सदस्यों की लीग या हिंदू महासभा दोनों की सदस्यता या उनकी गतिविधियों में शामिल होने पर रोक लगा दी। 1937 के चुनाव में आरक्षित सीटों पर लीग महज 109 सीट ही जीत पाई,लेकिन सन 1946 के चुनाव के आंकड़ें देखे तो पाएंगे कि बीते नौ सालों में मुस्लिम लीग का सांप्रदायिक एजेंडा खासा फल-फूल गया था। केंद्रीय विधानसभा में मुसलमानों के लिए आरक्षित सभी 60 सीटों पर लग जीत गई। राष्ट्रवादी मुसलमान महज 16 सीट जीत पाए,जबकि हिंदू महासभा को केवल दो सीट मिलीं। जाहिर है कि हिंदुओं का बड़ा तबका कांग्रेस को अपना दल मान रहा था, जबकि लीग ने मुसलमानों में पहले से बेहतर स्थिति कर ली थी। यदि 1946 के राज्य के आंकड़े देखें तो मुस्लिम आरक्षित सीटों में असम में 1937 में महज 10 सीट जीतने वाली लीग 31 पर, बंगाल में 40 से 113, पंजाब में एक सीट से 73 उत्तर प्रदेश में 26 से 54 पर लीग पहुंच गई थी। हालांकि इस चुनाव में कांग्रेस को 1937 की तुलना में ज्यादा सीटें मिली थीं,लेकिन लीग ने अपने अलग राज्य के दावे को इस चुनाव परिणाम से पुख्ता कर दिया था।

वे लोग जो कहते हैं कि यदि नेहरू जिद न करते व जिन्ना को प्रधानमंत्री मान लेते तो देश का विभाजन टल सकता था, वे सन 1929 के जिन्ना-नेहरू समझौते की शर्तों के उस प्रस्ताव को गौर करें,(क्या देश का विभाजन अनिवार्य ही था, सर्व सेवा संघ पृ. 145) जिसमें जिन्ना नौ शर्तें थीं,जिनमें मुसलमानें को गाय के वध की स्वतंत्रता,वंदेमातरम गीत न गाने की छूट और तिरंगे झंडे में लीग के झंडे को भी शामिल करने की बात थी और उसे नेहरू ने बगैर किसी तर्क के अस्वीकार कर दिया था। इससे पहले सन 1937 के चुनाव में अपने ही लोगों के बीच हार से बौखला कर जिन्ना ने कांग्रेस मंत्रिमंडलों के विरूद्ध जांच दल भेजने, आरोप लगाने, आंदोलन करने आदि शुरू कर दिए थे। उस दौर में कांग्रेस की नीतियां भी राज्यों में अलग-अलग थी। जैसे कि संयुक्त प्रांत में कांग्रेस भूमि सुधार के बड़े बदलाव की समर्थक थी,लेकिन पंजाब में वह इस मसले पर तटस्थ थी। मामला केवल जमीन का नहीं था, यह बड़े मुस्लिम जमींदारों के हितों का था।

सन 1944 से 1947 तक भारत के वायसराय रहे फील्ड मार्शल एपी बेवेल के पास आजादी और स्वतंत्रता को अंतिम रूप देने का जिम्मा था और वह मुस्लिम लीग से नफरत करता था। उसके पीछे भी कारण था- असल में जब भी वह लीग से पाकिस्तान के रूप में राष्ट्र का नक्शा चाहता, वे सत्ता का संतुलन या मनोवैज्ञानिक प्रभाव जैसे भावनात्मक मुद्दे पर तकरीर करने लगते,न उनके पास कोई भौगोलिक नक्शा था न ही उसकी ठोस नीति। एक तरह से कांग्रेस व अंग्रेज दोनों ही भारत का विभाजन नहीं चाहते थे। उन दिनों ब्रितानी हुकुमत के दिन गर्दिश में थे,ऐसे में अंग्रेज संयुक्त भारत को आजादी दे कर यहां अपनी विशाल सेना का अड्डा बरकरार रख दुनिया में अपनी धाक की आकांक्षा रखते थे। वे लीग और कांग्रेस के मतभेदों का बेजा फायदा उठा कर ऐसा तंत्र चाहते थे,जिसमें सेना के अलावा पूरा शासन दोनों दलों के हाथों में हो।

नौ अप्रैल 1946 को पाकिस्तान के गठन का अंतिम प्रस्ताव पास हुआ था। उसके बाद 16 मई 1946 के प्रस्ताव में हिंदू, मुस्लिम और राजे रजवाड़ों की संयुक्त संसद का प्रस्ताव अंग्रेजों का था। 19 और 29 जुलाई 1946 को नेहरू ने संविधान संप्रभुता पर जोर देते हुए सैनिक भी अपने देश को होने पर बल दिया। फिर 16 अगस्त का वह जालिम दिन आया जब जिन्ना ने सीधी कार्यवाही के नाम पर खून खराबे का खेल खेल दिया। हिंसा गहरी हो गई और बेवेल की योजना असफल रही। हिंसा अक्तूबर तक चलती रही और देश में व्यापक टकराव के हालात बनने लगे। आम लोग अधीर थे, वे रोज-रोज के प्रदर्शन, धरनों, आजादी की संकल्पना और सपनों के करीब आकर छिटकने से हताश थे और इसी के बीच विभाजन को अनमने मन से स्वीकार करने और हर हाल में ब्रितानी हुकुमत को भगा देने पर मन मसोस कर सहमति बनी। हालांकि केवल कांग्रेसी ही नहीं, बहुत से लीगी भी यह मानते थे कि एक बार अंग्रेज चलें जाएं फिर दोनों देश एक बार फिर साथ हो जाएंगे।

आजादी की घोषणा के बाद बड़ी संख्या में धार्मिक पलायन और घिनौनी हिंसा, प्रतिहिंसा, लूट, महिलाओं के साथ पाशविक व्यवहार, न भूल पाने वाली नफरत में बदल गया। खोया दोनों तरफ के लोगों ने। पाकिस्तान बनने के हिमायती जमींदार आज भले ही संपन्न हों,लेकिन वे आम आदमी जो उप्र, बिहार से पलायन कर गया था। आज मुहाजिर के नाम उपेक्षा की जिंदगी जीता है, वे सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक स्तर पर बेहद पिछड़े हैं। आजादी की लड़ाई, उसमें गांधी-नेहरू की भूमिका, विभाजन की त्रासदी को लेकर केवल नेहरू की आलोचन करना एक शगल सा बन गया है,लेकिन उस समय के हालात को गौर करें तो कोई एक फैसला लेना ही था और आजादी की लड़ाई चार दशकों से लड़ रहे लोगों को अपने अनुभवों में जो बेहतर लगा, उन्होंने ले लिया। कौन गारंटी देता है कि आजादी के लिए कुछ और दशक रूकने या ब्रितानी सेना को बनाए रखने के फैसले इससे भी भयावह होते।

व्यंग्य

व्यंग्यकार तुलसीदास

तुलसीदास ने किसका मजाक नहीं उड़ाया? ब्राह्मणों, राजाओं, पंडितों, संतो, गुणवंतों, आचारियों, वैरागियों, तापसों, योगियों के अलावा मुनियों, देवों, ब्रह्मा, विष्णु, महादेव सभी का यानि सत्ता,संस्कृति,धर्म,समाज आदि के सर पर जो भी सवार हैं, तुलसीदास किसी को भी नहीं बख्शते। अपनी एक चौपाई में, हुए वह सुर नर मुनि सभी की बखिया उधेड़ देते हैं,क्योंकि सभी समान रूप से स्वार्थी हैं,"सुर नर मुनि सब कै यह रीति।/ स्वारथ लागि करहिं सब प्रीति॥"

राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

नारद प्रसंग में नारद की धज्जी तो उड़ती ही है,शिव और विष्णु भी उनके चपेट में आ जाते हैं। शिव माया से खुद भयभीत हैं। नारद जब उनसे कामदेव पर अपनी विजय गाथा सुनाते हैं तो अनुभवी शिव, शायद अपने साथ घटी कोई घटना याद करके ही, उन्हें राय देते हैं-"बार बार बिनवउँ मुनि तोही। जिमि यह कथा सुनायहु मोही॥/ तिमि जनि हरिहि सुनावहु कबहूँ। चलेहुं प्रसंग दुराएहु तबहूं॥"

नारद की जो दुर्गति होती है वह तो अनुपम है। कामदेव के विजेता की यह हालत कि विश्वमोहिनी को देखने और हस्त रेखाओं को पढ़ने के साथ ही,"देखि रूप मुनि बिरति बिसारी। बड़ी बार लगि रहे निहारी॥/लच्छन तासु बिलोकि भुलाने। हृदयँ हरष नहिं प्रगट बखाने॥/जो एहि बरइ अमर सोइ होई। समरभूमि तेहि जीत न कोई॥/ सेवहिं सकल चराचर ताही। बरइ सीलनिधि कन्या जाही॥/ लच्छन सब बिचारि उर राखे। कछुक बनाइ भूप सन भाषे॥/ सुता सुलच्छन कहि नृप पाहीं। नारद चले सोच मन माहीं॥/ करौं जाइ सोइ जतन बिचारी। जेहि प्रकार मोहि बरै कुमारी॥/ जप तप कछु न होइ तेहि काला। हे बिधि मिलइ कवन बिधि बाला॥"

वे नारद के मुख से विष्णु की खिंचाई करते हैं,"पर संपदा सकहु नहिं देखी। तुम्हरें इरिषा कपट बिसेषी॥/ मथत सिंधु रुद्रहि बौरायहु। सुरंह प्रेरी बिष पान करायहु॥/असुर सुरा बिष संकरहि आपु रमा मनि चारु। स्वारथ साधक कुटिल तुम्ह सदा कपट ब्यवहारु॥/ परम स्वतंत्र न सिर पर कोई। भावइ मनहि करहु तुम्ह सोई॥/ भलेहि मंद मंदेहि भल करहू। बिसमय हरष न हियँ कछु धरहू॥/डहकि डहकि परिचेहु सब काहू। अति असंक मन सदा उछाहू॥/करम सुभासुभ तुम्हहि न बाधा।अब लगि तुम्हहि न काहूँ साधा॥/ भले भवन अब बायन दीन्हा। पावहुगे फल आपन कीन्हा॥" वे भगवान के न्याय का मजाक उड़ाते हैं,"औरु करै अपराधु कोउ और पाव फल भोगु।/ अति बिचित्र भगवंत गति को जग जानै जोगु॥" वे पंडितों, संतो, गुणवंतों, आचारियों, वैरागियों, तापसों, योगियों की पोल खोलते हैं, द्विज श्रुति बेचक भूप प्रजासन। कोउ नहिं मान निगम अनुसासन॥/ मारग सोइ जो कहुं जोइ भावा। पंडित सोइ जो गाल बजावा॥/ मिथ्यारंभ दंभ रत जोई। ता कहुं संत कहइ सब कोई॥/ सोइ सयान जो परधन हारी। जो कर दंभ सो बड़ आचारी।।/ जो कह झूठ मसखरी जाना। कलिजुग सोइ गुनवंत बखाना॥/निराचार जो श्रुति पथ त्यागी। कलिजुग सोइ ग्यानी वैरागी॥/ जाकें नख अरु जटा बिसाला। सोइ तापस प्रसिद्ध कलिकाला॥/असुभ बेष भूषन धरें भच्छाभच्छ जे खाहिं।/ तेइ जोगी तेइ सिद्ध नर पूज्य ते कलिजुग माहि।।

समाज में व्याप्त कुरीतियों पर व्यंग्य बाण छोड़ते हैं- "तपसी धनवंत दरिद्र गृही। कलि कौतुक तात न जात कही॥/ कुलवंति निकारहिं नारि सती। गृह आनिहिं चेरी निबेरि गती॥ निम्न वर्ण से निकले नकली साधुओं का मजाक उड़ाते हैं, "जे बरनाधम तेलि कुम्हारा। स्वपच किरात कोल कलवारा।/नारि मुई गृह संपति नासी। मूड़ मुड़ाइ होहिं संन्यासी॥" उनकी नीच की परिभाषा तो विख्यात ही है-"जेहि ते नीच बड़ाई पावा। / सो प्रथमहिं हति ताहि नसावा॥"

यद्यपि रामचरितमानस में तुलसी ने वर्ण व्यवस्था का समर्थन किया, और निश्चित रूप से जिस उम्र में उन्होंने यह पुस्तक लिखी, तब उनकी नजर में कोई दूसरी व्यवस्था नहीं होगी,लेकिन अपनी अंतिम रचना कवितावली में वे अपने इस पाप को धो देते हैं। वे लिखते हैं- धूत कहो, अवधूत कहो, रजपूत कहो, जोलहा कहौ कोऊ।/काहू की बेटी सों बेटा न ब्यांहब, काहू की जाति बिगारौं न सोऊ। 'तुलसी' सरनाम गुलाम है राम को, जाको मचै सो कहौ कछु ओंऊ।/ मांगि कै खैबो मसीत को सोइबो, लैबे को एक न दैबे को दोऊ।।

तो तुलसी को समझने के लिए दिल थोड़ा बड़ा रखने की जरूरत है।

लोकतंत्र का आंदोलन था स्वतंत्रता आंदोलन

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

आज हम संसद के न चलने के लिए झींकते हैं, लेकिन यह भी तो बतलाइए कि ये अपराधी- लोग जिनको जेल में होना चाहिए था,संसद में किस रास्ते से पहुंच गए?

स्वतंत्रता की अमृत जयंती चल रही है,उसे अमृत काल भी कहा जा रहा है। घर-घर तिरंगा फहरे यह बहुत अच्छी बात है,लेकिन एक बात समझ लेना जरूरी है और वह यह कि स्वतंत्रता का आंदोलन, लोकतंत्र का आंदोलन था। स्वतंत्रता का संघर्ष विश्व के इतिहास में अनूठा था तो इसलिए कि यह संघर्ष देश के सामान्यजन का संघर्ष था। सामान्यजन, जिसके पास कोई खजाना नहीं था, कोई अस्त्र-शस्त्रों का भंडार नहीं था, जिसके पास कोई सेना नहीं थी।

यह लड़ाई किसी जाति या मजहब ने नहीं लड़ी थी। यह लड़ाई जाति, मजहब, वर्ण, वर्ग और समस्त भेद-विभेदों को अलग हटाकर लड़ी जा रही थी। यह लड़ाई जिस साम्राज्य से लड़ी जा रही थी, वह कोई मामूली ताकत नहीं थी, उसने कौन सा दांव नहीं चलाया? उसने राजा- महाराजा तथा जाति-मजहब के नाम पर अनेक नेता तैयार कर लिए थे,जो जनता की एकता को भांति-भांति से तोड़ने का काम कर रहे थे, ताकि जनता की इस लड़ाई को कमजोर किया जा सके। चलते-चलते भी गोरे शासकों के चेहरे पर कुटिल मुसकान थी, वे दुराशा कर रहे थे कि हम जा तो रहे हैं, किंतु हमको बीच रास्ते से ही बुलावा आ जाएगा। ऐसी अनेक बातें उस जमाने के अखबारों में छप रही थीं।

यह बात सूरज की रोशनी की तरह साफ है कि स्वतंत्रता का आंदोलन केवल इतना ही नहीं था कि अंग्रेज यहां से चले जाएं। स्वराज का मतलब यह भी नहीं था कि देश के शासन का सूत्र किसी एक जाति के हाथों में चला जाए अथवा देश के शासन का सूत्र किसी एक पार्टी-सुप्रीमो के हाथ में चला जाए। स्वराज का मतलब था,लोकतंत्र अर्थात शासन में सामान्यजन की भागीदारी सुनिश्चित हो। चुनाव या मतदान लोकतंत्र का एक लक्षण है,लेकिन वह एकमात्र लक्षण नहीं है।

आज हम संसद के न चलने के लिए झींकते हैं, लेकिन यह भी तो बतलाइए कि ये अपराधी- लोग जिनको जेल में होना चाहिए था,संसद में किस रास्ते से पहुंच गए? इनको टिकट किसने दी? क्यों दी? मतदान होता है,लेकिन मतदान में बड़े झोल है। वे कौन सी परिस्थितियां हैं, जिनमें सामान्य आदमी चुनाव लड़ने का सपना भी नहीं देख सकता। यह तो स्वतंत्रता के आंदोलन की परिकल्पना के एकदम विरुद्ध है। दुर्भाग्य यह है कि आज जब स्वतंत्रता आंदोलन की कुत्सित तब नई पीढ़ी उस पर सहज विश्वास कर लेती है,क्योंकि उसने उन स्वतंत्रता आंदोलन के सेनानियों को देखा नहीं,जाना नहीं, समझा नहीं कि आंदोलन के सेनानियों की वह पीढ़ी किस धातु की बनी हुई थी? आज लोकतंत्र के मार्ग में हजार-हजार बाधाएं खड़ी हुई हैं, जैसे-निर्वाचन आयोग को निर्बल बनाना। टीएन शेषन के बाद निर्वाचन आयोग को निर्बल बना दिया गया ताकि बेचारा कोई कार्यवाही न कर सके। निर्वाचन आयोग ने सभी राजनैतिक दलों को निर्देश दिया था कि इस तारीख तक सभी दल अपने आंतरिक चुनाव कर लें, किसने किए? नहीं करेंगे तो वह क्या कर लेगा? चुनाव आयोग ने चुनाव चंदे के लिए नए बांड सिस्टम का विरोध किया था कि इससे चुनाव के खर्चे की गिनती नहीं हो सकेगी। किसने माना? निर्वाचन सुधार के लिए जो समितियां बनी, वे धूल खा रही हैं, उनको पढ़ने वाला भी कोई नहीं है। चुनावी थैली पारदर्शी नहीं है, क्या पता किस कंपनी ने किस दल को कितना चंदा दिया और बदले में उसको क्या मिला? अपराध और राजनीति का गठजोड़ है। प्रशासनतंत्र साम्राज्यवाद वाला ही है,उसमें सुधार हुआ नहीं। उसका रवैया जनतांत्रिक है ही नहीं। यही बात पुलिस सुधार की है। जनता पर डंडे बरसाना नित्य प्रति का खेल है।

अंतर्विरोध यह कि नेता लोग जो लोकतंत्र पर भाषण देते नहीं थकते, किन्तु इनकी निष्ठा न लोक में है और न लोकतंत्र में। कोई भी दल ऐसा नहीं है,जिसमें आंतरिक लोकतंत्र है। सब कहीं न कहीं किसी सुप्रीमो के इशारे (रिमोट) से चल रहे हैं। नेता के प्रति वफादारी ही एकमात्र योग्यता है। रास्ते अलग-अलग होते ही हैं, आज भी हैं और कल भी होंगे,लेकिन मंजिल एक होनी चाहिए और वह है लोकतंत्र,शासन में जनता की भागीदारी। पन्द्रह अगस्त पर लोकतंत्र की बाधाओं पर सोचिए। स्वतंत्रता आंदोलन का लक्ष्य लोकतंत्र ही था।

सोशल फोरम

न्यू इंडिया का विश्वास प्रदर्शन में

प्राचीन भारत दर्शन में विश्वास करता था,न्यू इंडिया प्रदर्शन में करता है। प्रदर्शन विज्ञापनी संस्कृति की विशेषता है,व्यावसायिकता से ओतप्रोत। दर्शन तार्किक चिंतन का जनक है, अंधविश्वासों से अलग। अंधविश्वास और अंधभक्ति हमारी संस्कृति का गुण नहीं है, वह एक आरोपित और आयातित अभ्यास है। इसीलिए प्राचीन भारतवासी चिंतन के वैविध्य की राह पर चलते थे।

अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

हमारे पुरातन दर्शन की परंपराएं अनेक रही हैंः षड्दर्शन, सबके दृष्टिकोण और पद्धति अलग हैं। उनमें नास्तिक दर्शन हैं और आस्तिक दर्शन भी हैं। इन सब विभिन्नताओं को मिटाकर 'एकता' के नाम पर एकरूपता थोपना भारतीयता का विनाश है। एकरूपता व्यापारिक उत्पादन की पहचान है। प्रदर्शन से एकरूपता तक हम भारत की मौलिकता को त्यागकर व्यापारिक बुद्धि से सामाजिक मन की रचना करने में जुटे हैं। हम भारतवासी तो विभिन्नता का इतना आनंद लेते रहे हैं कि एक ही हिंदू-सनातनी परिवार में कोई शिव की उपासना करता है तो कोई विष्णु की,कोई सरस्वती को मानता है तो कोई दुर्गा को। अब तो कपड़ों से पहचानने की बात भी सार्वजनिक तौर पर जिम्मेदार लोग कहते हैं और झिझकते नहीं,लेकिन हमारे पुरखे तो कहीं धोती-कुर्ता (या बंडी) पहनते थे, कहीं उत्तरीय। न खान-पान में एकरूपता रही है, न वेशभूषा में। न सोच-विचार में एकरूपता रही है, न कर्मकांड में। कारण भी है। दर्शन से देखने वाले लोग विभिन्नताओं में निहित एकता को जानते थे। वे कहते थे-एकोहम द्वितीयो नास्ति'!

प्रदर्शन में जीने वाले को उस एकता का दिखावा करना पड़ता है। ऐसा दिखावा हमेशा दमन का रास्ता पकड़ता है। तब हर चीज आडंबर में बदल जाती है, जो लोग जानते थे कि ऊपरी अंतर के रहने पर भी मनुष्य एक हैं,मनुष्य ही क्यों, सभी प्राणी एक हैं, वे जिओ और जीने दो के रास्ते पर चलते थे। जो दिखावटी 'एकता' से समाज को चलाना चाहते हैं वे उनका आचरण है। सिर्फ मैं जिंदा रहूं बाकी सबों को मार दो!' हो भी क्यों न,व्यवसाय प्रतिस्पर्धा से उठता है। भीतर से दुश्मनी, ऊपर से मैत्री-यही प्रदर्शन है।

-फेसबुक वॉल से

चौतरफा चुनौतियों से घिरा भारत

हाल ही में बांग्लादेश में छात्रों के एक आंदोलन ने उग्रता के उस स्तर को प्राप्त कर लिया कि जिसकी परिणति सरकार के तख्तापलट के रूप में हुई। माहौल इस कदर अनियंत्रित हो गया कि बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना को वहां से पलायन करके भारत में शरण लेनी पड़ी। बहरहाल इस तख्तापलट से भारत के समक्ष अनेक चुनौतियां उत्पन्न हो गई हैं। सबसे बड़ी चुनौती सीमा सुरक्षा को लेकर है। यदि बांग्लादेश की हवा अब भारत विरोधी ताकतों के इशारे पर चलती है तो निश्चित रूप से भारत के समक्ष सीमा सुरक्षा का एक गंभीर प्रश्न खड़ा होगा। दूसरी महत्वपूर्ण बात यह है कि जिस तरह से बांग्लादेश में कट्टरपंथियों के द्वारा हिंदुओं पर अत्याचार की खबरें सामने आ रही हैं,उससे तो यही प्रतीत होता है कि बड़ी संख्या में हिंदू जो कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक की भूमिका में हैं,वहां से भारत के लिए पलायन करने को विवश हो जाएंगे। इतनी बड़ी संख्या में शरणार्थियों को अपने यहां समायोजित करना भी भारत के लिए किसी विकट चुनौती से कम नहीं होगा।



शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर
शाहजहांपुर

भारत की नीति हमेशा से ही अपने पड़ोसियों की हर संभव मदद करने की रही है। ऐसी विकराल परिस्थितियों में यदि भारत बांग्लादेश की मदद करता है तो निस्संदेह ही उसे विश्व की बड़ी ताकतों के विरोध का सामना करना पड़ेगा,क्योंकि कहीं न कहीं बांग्लादेश के इन हालातों को जन्म देने में इन बड़ी ताकतों की साजिश की अहम भूमिका है। यदि बांग्लादेश से एक बड़ी संख्या में हिंदू, शरणार्थियों के रूप में भारत आते हैं तो उस दशा में एक संभावना यह भी होगी कि उनके साथ कुछ अराजक एवं भारत विरोधी तत्व भी सीमा पार करके भारत में प्रवेश करने का प्रयास करें। ऐसे तत्वों का भारत में प्रवेश हो जाना अर्थात भारत की आंतरिक शांति एवं सुरक्षा का भंग हो जाना। वर्ष 1971 में भी बांग्लादेश से करीब एक करोड़ लोग शरणार्थी के रूप में आए थे। आज फिर से वैसी ही स्थितियां बन गई हैं। वर्तमान में भारत चौतरफा चुनौतियों से घिरा हुआ है। बांग्लादेश में यदि अंतरिम सरकार कट्टरपंथियों की मुट्ठी में रही, तो निश्चित ही भारत विरोधी गतिविधियों एवं अभियानों का सिलसिला वहां से भी शुरू होने लगेगा। इन सभी कट्टरपंथियों को चीन एवं पाकिस्तान का समर्थन प्राप्त है, लिहाजा उनकी आतंकवादी गतिविधियों को गति पकड़ने में तनिक भी समय नहीं लगेगा। उत्तर में यदि नेपाल की बात की जाए तो वहां पर भी अभी हाल ही में ऐसी सरकार बनी है,जो कहीं न कहीं चीन का समर्थन करती है। भूटान भले ही भारत का हितैषी हो, किंतु चीन ने अपनी विस्तारवादी नीति के तहत भूटान पर भी अपना दबदबा बना रखा है। म्यांमार और मालदीव में भी हालात भारत के पक्ष में नहीं हैं। दोनों देशों में भारत विरोधी हवा बड़ी तेजी से चल रही है। मालदीव में तो हाल ही में 'इंडिया आउट' अभियान चलाया गया था। अतः वर्तमान की स्थिति का सही विश्लेषण किया जाए तो भारत चारों तरफ से ऐसे देशों से घिरा हुआ है,जहां भारत विरोध की तीव्रता लगातार बढ़ती जा रही है।

वर्तमान परिस्थितियों के संदर्भ में पश्चिमी देशों का रुख भी भारत के पक्ष में नहीं दिखता। विशेष तौर से भारत के द्वारा शेख हसीना को शरण दिए जाने से भारत की चुनौतियां कहीं अधिक बढ़ गई हैं। कुल मिलाकर भारत के समक्ष इस समय अनेक ऐसी जटिल समस्याएं हैं,जिनका हल आसानी से निकलने वाला नहीं है। भारत के पड़ोसियों में से कोई राजनीतिक उथल-पुथल एवं अस्थिरता का सामना कर रहा है तो कोई खुल्लम-खुल्ला भारत का दुश्मन बनकर भारत विरोधी गतिविधियों को अंजाम दे रहा है, रहे बचे जो भारत के हितैषी हैं भी,उन पर भी चीन जैसी ताकतें अपना दबदबा कायम करने का भरसक प्रयास कर रही हैं। यह स्थिति निस्संदेह चिंताजनक है। इस पर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए, हमें इस समय सबसे पहले भारत की सुरक्षा एवं पड़ोसियों के साथ सद्भावना को सुनिश्चित करने पर ध्यान देना होगा, अन्यथा चारो ओर से आती हुई भारत विरोध की लहर हमारी एकता एवं अखंडता के लिए एक बड़ा खतरा बन सकती है।

चाय की चाहत

दुनिया में चाय की चाहत किसे नहीं होती दुनियाभर में हर कोने में चाय के पीने वाले मिल जाएंगे। दुनिया में एक जगह ऐसी भी है,जहां के लोग सबसे ज्यादा चाय पीते हैं, वो एक बार में एक कप चाय नहीं पीते,बल्कि एक बार में तीन कप चाय पीते हैं। यह जगह जर्मनी में है कम आबादी वाले इस क्षेत्र को ईस्ट फ्रिंसिया के नाम से जाना जाता है। वैसे सबसे ज्यादा चाय पीने वाले देशों में तुर्की का नाम पहले स्थान पर है,जहां 90 प्रतिशत लोग चाय पीते हैं। केन्या में 83 प्रतिशत, पाकिस्तान में 83 प्रतिशत, मोरक्को में 80 प्रतिशत और भारत में 72 प्रतिशत लोग चाय पीते हैं।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

भारत में चाय के दीवाने हर प्रांत में मिल जाएंगे, लेकिन उत्तर प्रदेश और मुंबई में चाय की खपत सर्वाधिक है, वैसे गुजरात में भी चाय का उपयोग बहुत ज्यादा होता है। अगर चाय उत्पादन की बात की जाए तो भारत में उत्पादित पूरी चाय का लगभग 52 प्रतिशत असम राज्य से आता है।

लखीमपुर, कामरूप, शिवसागर, कछार, नगांव और गोलपारा जिले चाय के प्रमुख उत्पादक हैं,जबकि पश्चिमी बंगाल चाय उत्पादकों की सूची में दूसरे नंबर पर आता है। कई अध्ययनों से पता चला है कि विभिन्न प्रकार की चाय आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा दे सकती है। सूजन से लड़ सकती है और यहां तक कि दिल की बीमारी और कैंसर से भी बचा सकती है। चाय में टैनिन होता है,जो शरीर में आयरन की कमी का कारण बन सकता है। ऐसे में जो लोग एक दिन में पांच से छह कम चाय पीते हैं,उन्हें अपनी इस आदत को बदलना चाहिए और एक दिन में एक से दो कप चाय ही पीनी चाहिए।

सार-संक्षेप

प्रबंधक संघ की काशीपुर इकाई की कार्यकारिणी का गठन

काशीपुर : जागृति पब्लिक स्कूल में मान्यता प्राप्त प्रबंधक संघ की कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस दौरान कार्यकारिणी का गठन रुद्रपुर से आए जिलाध्यक्ष राम कुमार गुप्ता व महामंत्री सत्य प्रकाश चौहान व कोषाध्यक्ष पटवाल द्वारा किया गया। इस दौरान बैठक में कार्यकारिणी में आदर्श सरस्वती ज्ञान मंदिर, लवली फ्यूचर क्रिएशन, कृष्णा पब्लिक, लिटिल रोज प्री स्कूल, डैफोडिल स्कूल आदि के प्रबंधक शामिल रहे।

धूमधाम से मनाई तुलसीदास जयंती

काशीपुर : रामपुरम एक्सटेंशन कॉलोनी वासियों ने महान कवि गोस्वामी तुलसीदास की 527वीं जयंती को धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए गन्ना विभाग के प्रचार एवं जनसंपर्क अधिकारी निलेश कुमार ने तुलसीदास के जीवन चरित्र और उनकी रचनाओं पर प्रकाश डाला। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास एक जन कवि थे, उन्होंने अवधी भाषा में रामचरितमानस की रचना की। रामचरितमानस विश्व के सर्वाधिक प्रसार वाला एक ग्रंथ है। इस अवसर पर उमंग, आयुषी, सौम्या, वंशिका, लक्ष्य, प्रेक्षा, वेलु आदि बच्चों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

वरिष्ठ नागरिकों को दिए बेहतर स्वास्थ्य के टिप्स

काशीपुर। वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति काशीपुर की विशेष बैठक में सिद्धिविनायक हॉस्पिटल की हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रियांक चौहान ने बेहतर स्वास्थ्य के टिप्स दिए। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों को अपनी जीवन शैली में बदलाव लाने पर विशेष ध्यान देने पर बल दिया। साथ ही अपने खान-पान व सामान्य दिनचर्या पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि केवल दवाइयों पर ही निर्भर न रहते हुए शारीरिक व्यायाम कर अधिक आवश्यक है। इस दौरान हरीश कुमार सिंह, सीबी डोभाल, सुरेश शर्मा, प्रमोद तोमर, टीका सिंह सैनी, हरि प्रकाश शर्मा, राजीव घई, गुरुनाम सिंह, शरद विश्नोई, कपशील, एसके कपूर, एसके अग्रवाल, आरपी कोटनाला, एडवोकेट उमेश जोशी, जेपी अग्रवाल, विजय शर्मा, जसवीर सिंह, एसके बाटला मौजूद रहे।

छात्रवृत्ति प्रतियोगिता में जनपद के लिए 71 छात्र चयनित

शक्तिफार्म : राजकीय इंटर कॉलेज शक्तिफार्म में ब्लाक स्तरीय तीन दिवसीय मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन छात्रवृत्ति प्रतियोगिता में जनपद के लिए 71 छात्रों का चयन हुआ। इसमें 44 बालक एवं 27 बालिकाएं शामिल हैं। प्रतियोगिता में ब्लॉक खेल समन्वयक निर्मल सरकार, पंकज राय, बलबीर सिंह, प्रदीप कुमार, त्रिलोचन जोशी, नवीन चंद शर्मा, प्रकाश बोरा, रामजन्म सिंह चौहान, देवेंद्र कुमार राय, नवनीत राव, मुनीष सक्सेना आदि मौजूद रहे।

मौनी बाबा मंदिर में विशाल भंडारा आयोजित

सितारगंज : मौनी बाबा मंदिर में रविवार को हुए भव्य जागरण के समापन के साथ ही सोमवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। प्रतिवर्ष होने वाले इस भंडारे में क्षेत्र की जनता की विशेष आस्था होने के कारण बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। समिति के लोगों के साथ ही समाज के अन्य लोगों ने भी भंडारे में अपनी सेवा प्रदान कीं।

शहीद हरिकिशन शिक्षण संस्थान में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करतीं चिकित्सक।

शिविर में 365 बच्चों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

खटीमा : शहीद हरिकिशन शिक्षण संस्थान अशोक फॉर्म में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम की डॉ. शैलजा और डॉ. संदीप ने टीम के साथ निशुल्क शिविर लगाकर 365 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और दवा वितरित की। डॉक्टर शैलजा ने महिलाओं को बताया कि बरसात के इस मौसम में कई प्रकार बीमारियों की आशंका बढ़ जाती है। इस दौरान नर्सिंग ऑफिसर निर्मला धामी ने हीमोग्लोबिन जांच की गई और बच्चों को पोषण और एनीमिया की जानकारी भी दी गई।

शांतिपुरी में रामलीला कमेटी की बैठक को संबोधित करते ग्रामीण।

शांतिपुरी रामलीला कमेटी के रौतेला अध्यक्ष, जोशी सचिव बने

शांतिपुरी। 30 साल के लंबे अंतराल के बाद शांतिपुरी में फिर से रामलीला मंचन के लिए कमेटी का गठन हुआ है। रविवार देर शाम को पंचायत भवन परिसर शांतिपुरी नंबर 2 में आयोजित चार ग्राम सभाओं की संयुक्त बैठक में क्षेत्र में रामलीला की शुरुआत कराए जाने पर सहमति जताई गई। श्री रामलीला के सफल आयोजन हेतु कमेटियों का गठन किया गया। इसमें सर्व सहमति से शांतिपुरी नंबर चार निवासी पूर्व रामलीला कलाकार गोविंद सिंह रौतेला को अध्यक्ष तथा शांतिपुरी नंबर एक निवासी पूर्व सैनिक कमलेश जोशी को सचिव चुना गया। कार्यकारिणी में चंद्र मोहन जोशी उपाध्यक्ष, हुकम सिंह कार्की उपाध्यक्ष, प्रताप सिंह कोरंगा संयुक्त सचिव व भुवन चंद्र बुधानी कोषाध्यक्ष तथा भुवन चंद्र पांडे डायरेक्टर चुने गए। कार्यकारिणी में शेखर त्रिपाठी, दिगंबर प्रसाद जोशी, प्रताप सिंह राणा, गणेश उपाध्याय, जगतपाल, भोला दत्त पांडे, बाले सिंह कोरंगा, त्रिलोक सिंह रावत, पीतांबर चंदोला व बहादुर सिंह कोरंगा संरक्षक बनाए गए। कार्यकारिणी में तारा सिंह कोरंगा, जगदीश कांडपाल, खीमानंद त्रिपाठी, इंदर सिंह मेहता, बिशन सिंह कोरंगा, कैलाश जोशी, गणेश पांडे, किशन सिंह मेहता, नारायण सिंह कोरंगा, दीवान थापा, पूरन चौहान, विजेंद्र जोशी, विनोद कोरंगा, मनीष, सौरभ पांडा, सोनू कार्की आदि सक्रिय सदस्य बनाए।

दिनेशपुर में निकाली बाइक रैली

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले का विरोध, बाजपुर में बांग्लादेश सरकार का पुतला फूंका

संवाददाता, शक्तिफार्म

अमृत विचार : बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार, मंदिरों को तहस-नहस करने से आक्रोशित बंगाली समाज के लोगों ने मोटरसाइकिल रैली निकाल कर प्रदर्शन किया।

प्रधानमंत्री से हिंदुओं की सहायता एवं मदद करने की मांग को लेकर उपजिलाधिकारी सितारगंज को ज्ञापन दिया। सोमवार को सैकड़ों युवा सहित क्षेत्र के लोग बांग्लादेश में हिंदुओं पर इस्लामिक कट्टर पंथियों द्वारा किए जा रहे हमलों के विरोध में सुरेंद्रनगर के बाबा तारकनाथ धाम मंदिर में एकत्र हुए। वहां से राष्ट्रीय ध्वज के साथ मोटरसाइकिल रैली निकालते हुए बांग्लादेश सरकार मुर्दाबाद आदि के नारे लगाते हुए प्रदर्शन किया। मोटरसाइकिल रैली सुरेंद्रनगर से रुद्रपुर, बैकुंठपुर ,गोविंद नगर, टैगोर नगर, शक्तिफार्म बाजार, निर्मल नगर, अरविंद नगर होते हुए सितारगंज उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंची। लोगों ने प्रधानमंत्री के नाम उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ मोटरसाइकिल रैली निकालते शक्तिफार्म क्षेत्र के लोग।

बाजपुर में भगत सिंह चौक पर प्रदर्शन कर पुतला फूंकते हिंदुवादी संगठन के लोग।

रैली में व्यापार मंडल अध्यक्ष रविंद्र अग्रवाल, देबू मंडल, अजय जायसवाल, रवि मजूमदार, रिपुसुदन मंडल, मुकुल पोद्दार, गोविंद पोखरिया, विपिन डालमिया, कृष्ण कुमार शर्मा, हिंदू रक्षा वाहिनी अध्यक्ष रवि सरकार, राजा हालदार आदि मौजूद रहे।

बाजपुर में विहिप व बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने भगत सिंह चौक पर प्रदर्शन कर बांग्लादेश सरकार का पुतला फूंका। साथ ही एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया गया। इस मौके पर यशपाल राजहंस, वरुण वशिष्ठ, बिट्टू चौहान, विमल शर्मा, भीम सैन, सौरभ कुमार, शिव कौशल, नितिश कुमार, कपिल, अजय कुमार, शिव चैनवाल, ऋषभ, पंकज कुमार, वीरेंद्र, अजय कुमार पाल, मुकेश शाह, नरेंद्र चौधरी आदि मौजूद रहे।

उत्तरांचल संगम के पदाधिकारियों को संबोधित करते अध्यक्ष डॉ. विक्रम माहोड़ी।

पूर्ववत रहेगी उत्तरांचल संगम की कार्यकारिणी

संवाददाता, पंतनगर

- श्रीराम लीला का मंचन भी होगा, वार्षिक आमसभा में लिया गया निर्णय

अमृत विचार : गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि परिसर में 45 वर्ष पुरानी सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था उत्तरांचल संगम की वार्षिक आमसभा सोमवार को आयोजित हुई। जिसमें सर्वसम्मति से वर्तमान कार्यकारिणी को पूर्ववत बनाए रखने सहित श्रीराम लीला मंचन का आयोजन किए जाने का निर्णय लिया गया।

झा कॉलोनी स्थित संगम कार्यालय में वरिष्ठ संरक्षक सदस्य दान सिंह नयाल की अध्यक्षता में आमसभा में कोषाध्यक्ष जगत सिंह ने पिछले वर्ष का वित्तीय लेखा-जोखा रखा। साथ ही संस्था के पूर्व में किए गए कार्यों का पुनरावलोकन कर भविष्य की कार्य योजनाओं पर विचार विमर्श किया गया। सचिव अनिल जोशी ने बताया 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के बाद श्रीराम लीला मानस मंचन की तैयारी आरंभ की जाएगी। संस्था के अध्यक्ष डॉ. विक्रम सिंह माहोड़ी ने सभी का आभार प्रकट किया। इस दौरान एलपी कांडपाल, राजेंद्र राणा, बहादुर सिंह नेगी, संजय बोरा, दीपक भट्ट, नीरज भट्ट, कमलेश तिवारी, उमेश चंद तिवारी, विनोद जोशी आदि मौजूद रहे।

ओरिएंटेशन डे में दी गई नए छात्रों को जानकारी

दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते संस्था के पदाधिकारी।

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : सम्राट पृथ्वीराज चौहान कॉलेज ऑफ फार्मेसी में बी-फार्मा व डी फार्मा के नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। संस्थान के मैनेजिंग डॉयरेक्टर ने सभी नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दीं।

सोमवार को आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के मैनेजिंग डॉयरेक्टर महेश सिंह चौहान, अध्यक्ष गोपाल सिंह चौहान व निदेशक डॉ. कपिल कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। संस्थान के अध्यक्ष गोपाल सिंह चौहान और फार्मेसी के विभागाध्यक्ष अमित सेन ने सभी छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि छात्र जीवन में पढ़ाई का बहुत महत्व है। इस दौरान सीमा कार्की, वैशाली राजपूत, जफर, अंजलि, देवेश, सचिन, शिवम, वसुधा आदि मौजूद रहे।

शिव मंदिर में भक्तों ने किया जलाभिषेक

- सावन के चौथे सोमवार को भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया

संवाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचार: सावन के चौथे सोमवार को प्राचीन शिव मंदिर रामबाग व क्षेत्र के शिव मंदिरों में शिवभक्तों ने उपवास रखकर शिवलिंग पर जलाभिषेक किया।

इस दौरान हरिद्वार से पैदल चलकर आए सैकड़ों कांवड़ियों ने पूजा-अर्चना के साथ जलाभिषेक किया। इस मौके पर प्राचीन शिव मन्दिर रामबाग में शिव भक्तों द्वारा सामूहिक भंडारे का आयोजन किया गया। सोमवार को श्रावण मास के चौथे अंतिम सोमवार को प्राचीन शिव मंदिर रामबाग के मुख्य पुजारी चंदू सिंह लखचौरसिया व पुजारन मंतो देवी ने प्रातः 5 बजे पूजा- अर्चना कर शिवलिंग पर जलाभिषेक किया।

शिव मंदिर में मुख्य पुजारी चंदू सिंह लखचौरसिया व मंतो देवी जलाभिषेक करते हुए।

तत्पश्चात सैकड़ो कांवड़ियों व शिव भक्तों ने कतारो में खड़े होकर जलाभिषेक किया। इस दौरान शिव मंदिर खटोला, मदनापुर, हरिपुरा, चरनपुर, कूल्हा, चक्कीमोड़, ललपुरी दलीपनगर, लालपुरी व तिलपुरी आदि शिव मंदिरों में भीड़ उमड़ी रही। इस मौके पर भाजपा जिला मंत्री अमित नारंग, अशोक चावला, विभूति हालदार, विजय ढाली, गीता ढाली, दीनबंधु विश्वास, मुकेश मिस्त्री, सूरज दास, देवाशीष, विक्की यादव,अशोक कालड़ा, प्रियांशु मंडल, चेतन सुखीजा, दीपक मक्कड़, सागर सिंह, पंकज गोयल उर्फ सोनू, सुनील बंसल, गोपाल चक्रवर्ती, पवन अग्रवाल, सूरज राय आदि थे।

रामबाग में अव्यवस्थाओं के बीच हुई पूजा-अर्चना

दिनेशपुर : प्राचीन शिव मंदिर रामबाग में भारी अव्यवस्थाएं रहीं। सोमवार को प्रात : 6 बजे से सायं पांच बजे तक हजारों शिवभक्तों ने कतारों में खड़े होकर जलाभिषेक किया। आदिवासी शिव मंदिर कमेटी रामबाग की ओर से कोई सदस्य व्यवस्था में मौजूद नहीं रहा। शिवभक्तों ने तीन-चार घंटों के इंतजार के बाद जलाभिषेक किया।

हुनरबाज सीजन-3 का ऑडिशन

- अलक्ष्या पब्लिक स्कूल में किया गया आयोजन
- खटीमा के अलावा रुद्रपुर, हल्द्वानी व यूपी से भी पहुंचे बच्चे

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार : अलक्ष्या पब्लिक स्कूल में द राकेश डांस एकेडमी द्वारा हुनरबाज सीजन-3 का ऑडिशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें खटीमा के अलावा रुद्रपुर, हल्द्वानी, टनकपुर, बनबसा, बरेली और शाहजहांपुर सहित कई क्षेत्रों के बच्चों ने ऑडिशन में अपना हुनर दिखाया।

विद्यालय परिसर में आयोजित ऑडिशन का शुभारंभ प्रबंधक विनोद बोरा, राकेश कुमार रॉक्सी, केसर पारुथी और रेनू भंडारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान सोलो डांस और सुपर मॉम कार्यक्रम को सराहा गया। सोलो डांस में 172 बच्चों और सुपर मॉम में 67 महिलाओं ने ऑडिशन दिया। निर्णायक की भूमिका आयोजक एवं कोरियोग्राफर राकेश कुमार रॉक्सी, कल्पना आर्या और काजल चावला ने निभाई। हुनरबाज सीजन 3 के ग्रैंड फिनाले जीतने वाले को उपहार, ट्रॉफी के साथ 10 हजार की रुपये की धनराशि दी जाएगी। कार्यक्रम आयोजक राकेश कुमार ने सभी आगंतुकों का आभार जताते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन आगे भी होते रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में दिनेश चिलकोटी, जगदीश सामंत, वीरेन्द्र कुमार, रोनित कुमार, राहुल कुमार, नेहा पोखरिया, रिया बिष्ट, कनिका गोस्वामी, मनीषा गोस्वामी, दीपिका आदि ने सहयोग किया।

अलक्ष्या पब्लिक स्कूल में आयोजित हुनारबाज सीजन-3 ऑडिशन में शामिल बच्चे।

पंत विवि के नौ विद्यार्थियों को मिला प्लेसमेंट

पंतनगर। जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के सेवायोजन परामर्श निदेशालय के माध्यम से ग्रांटली एडुटेक कंपनी ने ऑनलाइन साक्षात्कार के आधार पर विवि के नौ विद्यार्थियों का चयन किया है। जिनमें जगदीश सिंह मेहरा, यश अरोडा व मानसी मेहरा (बीटेक बायोटेक्नोलॉजी), जितेंद्र कुमार (बीटेक एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग), आदित्य सेन (एमएससी एग्रीकल्चर बायोटेक्नोलॉजी), अंशुल अग्रवाल, वैभव राज सिंह, कपिल जोधी व अंकिता (इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग) शामिल हैं। कंपनी चयनित विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के बाद 4.50 से छह लाख रुपये सालाना पैकेज व अन्य सुविधाएं मुहैया कराएगी।

खटीमा के नोजगे पब्लिक स्कूल में गठित छात्र संसद के पदाधिकारियों के साथ प्रबंधिका।

नोजगे में छात्र संसद का गठन

खटीमा। नोजगे पब्लिक स्कूल के छात्र संसद का गठन हुआ। जिसमें नितेश जोशी को हेड ब्यॉय और अनुष्का गुप्ता को हेड गर्ल चुना गया। गठित सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। विद्यालय परिसर में आयोजित समारोह का शुभारंभ प्रबंधिका ट्विंकल दत्ता ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। इसके साथ ही संसद का गठन किया गया। इसमें नितेश जोशी को हेड ब्यॉय, अनुष्का गुप्ता को हेड गर्ल, युवराज सिंह को डिप्टी हेड ब्यॉय, प्राची भट्ट को डिप्टी हेड गर्ल प्राची भट्ट, दिनेश कुमार को स्पोर्ट्स कप्तान ब्यॉय, इशप्रीत कौर को स्पोर्ट्स कप्तान गर्ल, साहिल राणा को वाइस स्पोर्ट्स ब्यॉय प्रीति भट्ट को वाइस स्पोर्ट्स गर्ल चुना गया। वहीं तनिषा चुफाल को ग्रीन हाउस कप्तान और वंश गुप्ता को उप कप्तान, आकांक्षा तिरवा को ब्लू हाउस का कप्तान और हरमान कौर को उपकप्तान, प्रियांशु चंद को ऑरेंज हाउस कप्तान और श्रीयांशी सामंत को उप कप्तान, अंशिका भट्ट को रेड हाउस कप्तान और समनदीप कौर को उप कप्तान मनोनित किया गया। अंत में डॉ. विनय जैन ने सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य शैफाली अग्रवाल, सुनीता वर्मा, अमित शर्मा, प्रिया पांडे, विवेक राना, मुकेश भट्ट, विमला जोशी, गायत्री जोशी, मो. नसीम, रश्मि मिश्रा, प्रियंका जोशी, लवली सुनील आदि उपस्थित थे।

पहल | जनपद में विभिन्न कार्यालयों, विद्यालयों, आईटीआई, पॉलिटेक्निक, उच्च शिक्षण संस्थानों में नशा मुक्ति के संबंध में शपथ दिलायी गयी

ऊधमसिंह नगर जिले में 19559 लोगों ने ली नशा मुक्ति की शपथ

कलेक्ट्रेट में शपथ लेते अधिकारी-कर्मचारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जनपद में विभिन्न कार्यालयों, विद्यालयों, आईटीआई, पॉलिटेक्निक, उच्च शिक्षण संस्थानों में नशा मुक्ति के संबंध में शपथ दिलायी गयी। इस दौरान कुल 19559 छात्र-छात्राओं, शासकीय कार्मिकों, स्थानीय नागरिकों, प्रेस प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया।

सोमवार को कलेक्ट्रेट में अभियान के तहत जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाई। वहीं अभियान के तहत कार्यक्रम के अतिरिक्त विकसित भारत का मंत्र-भारत हो नशे से स्वतंत्र कार्यक्रम के तहत विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में पेंटिंग प्रतियोगिता, गोष्ठियां, पौधारोपण व रैली आदि गतिविधियां आयोजित हुई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में सीएमओ डॉ. मनोज कुमार शर्मा, शिक्षा विभाग में मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत सभी अधिकारी व कर्मचारियों को नशा मुक्त की शपथ दिलायी गयी।

टीडीसी कर्मियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई

पंतनगर : भारत को नशा मुक्त बनाने के लिए सोमवार को उत्तराखंड बीज एवं तराई विकास निगम (टीडीसी) मुख्यालय हल्दी में महाप्रबंधक डॉ. अभय सक्सेना ने कर्मचारियों एवं अधिकारियों को शपथ दिलाई। इस दौरान यहां मुख्य बीज उत्पादन अधिकारी डॉ. दीपक पांडेय, रोहन सांगुडी, दिगंबर प्रसाद, आरके अग्रवाल, पीके सिंह, सुनील श्रीवास्तव, उपेंद्र सिंह, इंद्रावती, अंगद सिंह, धर्मेंद्र मिश्रा, विजय शर्मा, आरएस शर्मा व रीता आर्या आदि मौजूद थे।

टीडीसी कर्मियों को शपथ दिलाते महाप्रबंधक डॉ. अभय सक्सेना। ● अमृत विचार

नानकमत्ता में नशामुक्ति के लिए जागरूकता रैली निकालते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

नानकमत्ता में जागरूकता रैली निकाली

नानकमत्ता : श्री गुरुनानक देव स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली और शपथ दिलाने के बाद पौधरोपण किया। प्रधानाचार्या सीता मेहता ने बताया कि आज विद्यालय के छात्रों ने नशामुक्ति जागरूकता रैली निकाली और पौधा रोपण कर पर्यावरण को स्वस्थ बनाने का संदेश दिया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. इंदु बाला ने विद्यार्थियों को नशे से होने वाली हानियों से अवगत कराया। संस्कृत प्राध्यापक डॉ. मनोज कुमार जोशी, सहायक प्राध्यापक डॉ. गोपाल सिंह, कवींद्र सिंह, मनोज कुमार, रोशन कुमार, ज्योति, वर्षा सक्सेना, शोभा बोरा, आरती राना, कामिनी राना, डॉ. किरन टम्टा, रेनू थापा, डॉ. राधा बिष्ट, ईशा गुप्ता, काजल बर्मन, डॉ.नीतू, शिक्षणेत्तर, पंकज बोहरा, प्रगति राना, पूनम राना आदि शामिल थे।

स्कूलों में लिया नशे से दूर रहने का संकल्प

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : नशा मुक्त भारत अभियान के तहत विभिन्न स्कूलों, सरकारी कार्यालयों एवं महाविद्यालय आदि में बच्चों एवं कर्मचारियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई।

एसडीएम बाजपुर राकेश चंद्र तिवारी द्वारा राजस्व कर्मियों, कोतवाली में तैनात एसआई देवेंद्र मनराल द्वारा इंटर कालेज बाजपुर, प्रधानाचार्या मीता बोस एवं पतंजलि योग समिति की योग प्रशिक्षिका चंचल चौधरी द्वारा पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कालेज बाजपुर, मंडी समिति कार्यालय में सचिव कैलाश चंद्र शर्मा, नगरपालिका में ईओ मनोज कुमार दास द्वारा शपथ दिलाई गई। इसके अलावा राइंका बरहैनी, हरिपुरा, बेरिया दौलत, केलाखेड़ा बन्नाखेड़ा, गांव बाजपुर, महेशपुरा, राउमावि रेंहटा में भी शपथ ली गई।

बाजपुर में नशा मुक्त भारत की शपथ दिलाते एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी।

सार-संक्षेप

जिला क्रिकेट लीग में मैच खेलते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

नोजगे अकादमी ने मौर्य क्रिकेट अकादमी को हराया

किच्छा : क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ ऊधमसिंह नगर के तत्वावधान में चल रही अंडर 14 जिला क्रिकेट लीग प्रतियोगिता के लीग मैच में नोजगे क्रिकेट अकादमी खटीमा और मौर्य क्रिकेट अकादमी गदरपुर के मध्य रोमांचक मैच खेला गया। नोजगे क्रिकेट अकादमी खटीमा ने मौर्य क्रिकेट अकादमी को 15 रनों से मैच हराकर दो अंक प्राप्त कर लिए। इस मैच के अंपायर आदित्य तिवारी और योगेश कुमार और ऑनलाइन स्कोरिंग बलवंत सिंह द्वारा की गई। मौके पर गौरव तिवारी, आफताब आलम, मुकेश कुमार, पुलिन विश्वास मौजूद रहे।

दुकानों में अवैध रूप से बिक रहा मीट पकड़ा

खटीमा : इस्लामनगर, गोटिया की मीट की दुकानों पर नगर पालिका के ईओ दीपक शुक्ला और पुलिस उपनिरीक्षक चंचल सिंह ने अवैध रूप से भैंस का मीट बिकने की शिकायत पर छापा मारा। टीम को दुकानों पर मीट बिकता मिला। इस पर टीम ने मीट को जब्त कर लिया। कुछ दिन पहले ही भाजपा नेता कामिल खान आदि ने एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर अवैध बिक्री की बात कही थी।

बाजपुर दोराहा में ध्वज वितरित करते ज्ञानदीप ग्लोबल स्कूल के बच्चे।

ज्ञानदीप स्कूल के छात्रों ने झंडे बांटे

बाजपुर : हर घर तिरंगा अभियान के तहत ज्ञानदीप ग्लोबल स्कूल के विद्यार्थियों ने सोमवार को दोराहा स्थित घरों व दुकानों पर तिरंगा ध्वज वितरित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन सुरेंद्र सिंह काहलो व डायरेक्टर राजिंदर कौर काहलो ने किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य भुवन चंद्र कांडपाल, मोहिता कांडपाल, कोच मनोज राजहंस, राहुल कुमार, रमेश चंद्र, रविंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

गडरी नदी से हो रहे भू-कटाव को रोकने की मांग

बाजपुर : केलाखेड़ा क्षेत्र में गडरी नदी से हो रहे भू-कटाव को रोकने के लिए आबादी की तरफ पिचिंग कार्य करवाने की मांग को लेकर प्रभावित परिवारों ने उपजिलाधिकारी से मुलाकात करके ज्ञापन सौंपा। सोमवार को नगर पंचायत केलाखेड़ा के कुछ महिला-पुरुष एसडीएम कार्यालय पहुंचे और वहां मौजूद एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। उनका कहना था कि वह लोग नगर पंचायत केलाखेड़ा वार्ड नंबर-3, 6 व 8 में निवासरत हैं और मजदूर व गरीब हैं। प्रति वर्ष गडरी नदी हमारे घरों की तरफ कटान करती है, जोकि भू-कटान करते हुए घरों के काफी नजदीक पहुंच गई है जिससे उनके घरों को खतरा उत्पन्न हो गया है। वह समय-समय पर शासन-प्रशासन में अपनी समस्या रखते आ रहे हैं, लेकिन समाधान नहीं हुआ है। इस मौके पर अब्दुला पठान, नीतू आदि मौजूद रहे।

भारत-नेपाल की कानूनी विधियों को साझा करने का किया आह्वान

नेपाल में सात दिवसीय तालीम कार्यशाला का आयोजन, बार एसोसिएशन ने की शिरकत

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: नेपाल देश में नेपाल कानूनी व्यवसायी परिषद के 31वें स्थापना दिवस के मौके पर सात दिवसीय तालीम कार्यशाला का आयोजन हुआ। दो दिवसीय कार्यशाला में जिला बार एसोसिएशन ऊधमसिंह नगर के प्रतिनिधि मंडल ने नेपाल की कार्यशाला में शिरकत की और भारतीय कानून पर चर्चा और मंथन किया। जहां बार कौंसिल ऑफ नेपाल ने भारत से आए कानूनी विशेषज्ञों का नेपाली परंपरा के अनुसार स्वागत किया।

कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य न्यायाधीश दिनेश प्रसाद यादव एवं विशिष्ट अतिथि नेपाल सरकार के कानून मंत्री हीरा सार्की द्वारा किया गया था। इस दौरान एसोसिएशन के अध्यक्ष अधिवक्ता दिवाकर पांडेय ने कार्यकाल में एक जुलाई से लागू तीन नये कानूनों, न्याय व्यवस्था, जिला न्यायालय, उच्च न्यायालय, सर्वोच्च न्यायालय में अपनाई जाने वाली कानूनी प्रक्रिया का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। वहीं नेपाल देश के मुख्य न्यायाधीश दिनेश अग्रवाल ने भारत-नेपाल मैत्रीय संबंध को बढ़ावा देने और भारत-नेपाल की कानूनी विधियों को साझा करने का आह्वान किया।

नेपाल में हुई कार्यशाला के दौरान मौजूद भारतीय अधिवक्ताओं का दल। ● अमृत

कार्यक्रम की अध्यक्षता नेपाल बार काउंसिल अधिवक्ता प्रकाश बहादुर पांडे ने की।

इस मौके पर प्रमुख सचिव ऑफ नेपाल हरि लमसाल, सचिव सुशील वैद्य, पूर्व अटार्नी जनरल ऑफ नेपाल प्रोफेसर डॉ. युवराज सनहौला, वर्तमान अटॉर्नी जनरल ऑफ नेपाल रमेश बादल, सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज अनिल यादव, गोपाल कृष्ण गिवरे, जिला जज लीला राज अधिकारी, दंड पानी लामीछाने, बार उपाध्यक्ष तुलाराम गिरी, वरिष्ठ अधिवक्ता राजेंद्र साउत, अधिवक्ता इंद्र प्रसाद लेखक, भारत के प्रतिनिधि मंडल में सर्वेश सिंह, शिव कुंवर सिंह, नवीन चंद आदि मौजूद रहे।

दिनेशपुर में प्रेस वार्ता करते आम आदमी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष व्यापारी।

सिसोदिया को जमानत लोकतंत्र की है जीत

संवाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचार : आम आदमी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष व्यापारी ने बांग्लादेश में हो रहे अल्पसंख्यक हिंदुओं पर अत्याचार पर चिंता जताई। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से मनीष सिसोदिया को जमानत मिलने पर लोकतंत्र की जीत बताया। सोमवार को प्रेस वार्ता के दौरान व्यापारी ने कहा कि क्षतिग्रस्त मटकोटा-गदरपुर मार्ग के पुनर्निर्माण की मांग को लेकर आप ने 2023 में छह बार सांकेतिक धरना दिया था। आप द्वारा लगातार धरना प्रदर्शन को देखते हुए प्रशासन ने मार्च 2024 से मार्ग पर पैच वर्क करवाना शुरू किया। व्यापारी ने बांग्लादेश की घटना को लेकर बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में आम आदमी पार्टी के किसी भी प्रतिनिधि को न बुलाए जाने पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर राजनीति हावी हो रही है। इस मौके पर राघवेंद्र जलाल, सुनील भक्त, राकेश कुमार, पवन राय, बृजेश राठौर, मनोज बैरागी, सुभाष माझी आदि मौजूद थे।

खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते मुख्य अतिथि विधायक अरविंद पांडेय।

कालागढ़ ने नैनीताल को 7-0 से हराया

दिनेशपुर,अमृत विचार : पवित्र यंग क्लब के तत्वावधान में स्व .गुरुपद विश्वास मेमोरियल अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट "दिनेशपुर कप" के उद्घाटन मैच में कालागढ़ की टीम ने नैनीताल को 7-0 से हराकर टूर्नामेंट के अगले राउंड में प्रवेश किया। कालागढ़ के खिलाड़ी फैजान को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। सोमवार शाम शहीद खुदीराम बोस स्टेडियम में पवित्र यंग क्लब के तत्वावधान में स्व . गुरुपद विश्वास मेमोरियल अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट 'दिनेशपुर कप' का शुभारंभ मुख्य अतिथि अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री विधायक अरविंद पांडेय व नपं अध्यक्ष सीमा सरकार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। तत्पश्चात अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय लेकर खेल शुरू कराया। कालागढ़ की ओर से फैजान ने तीन ने गोल करने पर मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया। निर्णायक की भूमिका अखिलेश मंडल एवं पीयूष सैनी व अमित वैद्य ने सहायक निर्णायक की भूमिका निभाई। संचालन व कमेंट्री सरोज मंडल, रवि सरकार व प्रसन्नजीत शाह ने किया।

150 से अधिक चालकों की हुई स्लीप एपनिया की जांच

रुद्रपुर, अमृत विचार : टुकटुक वाहन चालकों को स्लीप एपनिया यानी सांस फूलने की बीमारी से मुक्त कराने के उद्देश्य से एसएसपी के आदेश पर यातायात पुलिस चौकी परिसर में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जहां 150 से अधिक चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ और उपचार की सही जानकारी दी गई।

सोमवार को इंदिरा चौक पर यातायात पुलिस चौकी प्रांगण में एसएसपी मंजूनाथ टीसी और एसपी यातायात चंद्रशेखर घोडके व सीओ यातायात बीएस चौहान की मौजूदगी में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जहां टुक टुक-बस, ट्रक और ऑटो चालकों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस दौरान स्लीप एपनिया रोग विशेषज्ञ जितेश कुमार की टीम ने आधुनिक मशीनों के जरिए चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और लक्षण पाए जाने वाले चालकों को सही उपचार कराने की जानकारी भी दी।

कार्यकारिणी ने संभाला कार्यभार

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: रोटरी क्लब के नवनियुक्त कार्यकारिणी का कार्यभार ग्रहण समारोह धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। जहां डिस्ट्रिक्ट गवर्नर की मौजूदगी में पदाधिकारियों को कार्यभार ग्रहण करवाया गया और अपने दायित्वों का निस्वार्थ भाव से निर्वहन का आह्वान किया गया।

समारोह का शुभारंभ डिस्ट्रिक्ट गवर्नर नीरव निमेश, डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी सोनल अग्रवाल, असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन अनुराग सिंह, उद्यमी संजय सिंघल, दीपक सोनी, अनिल सिंह और आरएएन स्कूल के एमडी मोहित राय ने विधिवत ढंग से किया गया। इस दौरान आतंकियों की मौजूदगी में रोटरी क्लब के नवनियुक्त अध्यक्ष रोटेरियन सीए जयप्रकाश अग्रवाल को पदभार ग्रहण कराया गया और रोटेरियन डॉ. नितिका पांडे सचिव और रोटेरियन चंचल जीत सिंह को कोषाध्यक्ष पद की शपथ भी दिलाई गई। इस दौरान नवनियुक्त अध्यक्ष सीएम जयप्रकाश अग्रवाल ने कहा कि आने वाले समय में रोटरी क्लब शहर में सामुदायिक सेवा के नये लक्ष्यों की प्राप्ति का प्रयास करेगा। इस मौके पर जिला टेनिस कमेटी के चेयरमैन जगदीश सिंह बिष्ट, अंतरराष्ट्रीय पीस कमेटी के चेयरमैन रोटेरियन ओम सिंघल, डिस्ट्रिक्ट इंटरसिटी मीट के चेयरमैन रोटेरियन मनोज अग्निहोत्री आदि मौजूद रहे।

कार्यभार ग्रहण के दौरान अतिथियों को स्मृति चिन्ह देते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

धर्म दर्शन

लघु रुद्री मंत्र

यजुर्वेदांतर्गत शिव अर्चना के
आठ अध्याय 'रुद्र अष्टाध्यायी'
या 'रुद्री' कहलाते हैं, जो
रुद्राभिषेक के अनिवार्य अंग हैं।
इसका छठा अध्याय लघु रुद्री
कहलाता है, जिसके एकादश
बार पाठ से संपूर्ण फल मिल
जाता है। इसका पांचवां मंत्र
विश्व प्रसिद्ध "महामृत्युंजय मंत्र
है और छठा कुमारी कन्याओं
के लिए। इन मंत्रों का हिंदी
पद्यानुवाद।
संतति युत हम व्रत स्वरूप
तव,विग्रह में कर मन का योग।
सोम रूप जगदीश्वर पावें, पावन
सकल सुखों का भोग।।1।।
यह तव भाग भोगिये भगिनी अंबा
के संग हे वृषकेतु!
तथा अन्य अर्पण भी है यह, तुम्हें
खननकारी पशु हेतु।।2।।
करता ध्यान आपका त्रिनयन!
सकल दुखों को हरें समूल।
उत्तम वास, सुनिश्चय क्षम कर,
श्रेष्ठ बना दें हे कर-शूल।।3।।
औषधिरूप! कीजिए मम गो,
अश्व, मेष, अनुचर नीरोग।
तथा मुझे वाह्यांतर से प्रभु! इस
विधि करूं सकल सुख भोग।।4।।
हे त्रिनेत्र! यश वर्द्धक भजता तुम्हें
अहो! जग पालनहार।
मृत्यु मुक्त अमृत से करिए, जैसे
ककड़ी छोड़े नार।।5।।
पति की लिए कामना, करती हूं
तव यजन अहो त्रय-नेत्र!
रहे संग जब तक ककड़ी के नार
सदृश छूटे तन-क्षेत्र।।6।।
अर्पित रुद्र! 'अवस' हवि, धनु
ढक, मूजवान पर्वत के पार
करें गमन, हिंसा तज, शुभकर,
अहो चर्मपट, जगताधार।।7।।
ऋषि कश्यप, जमदग्नि, सुरों के
तीन अवस्था के सु-चरित्र।
विद्यमान कर दें हम भक्तों में भी हे
शिव! परम पवित्र।।8।।
हिंसा रहित सदा शिव तुमको
नमन कर रहा हूं नत भाल।
दें सु-दीर्घ वय, धन, बल संतति
भोज्य तथा सामर्थ्य विशाल।।9।।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

औढरदानी भगवान शिव

भगवान शिव और उनका नाम समस्त मंगलों का मूल है। वेद तथा आगमों में भगवान शिव को विशुद्ध ज्ञान स्वरूप बताया गया है। समस्त विद्याओं के स्वतः संभूत मूल स्थान भी भगवान शिव ही हैं। ज्ञान, बल, इच्छा और क्रिया में उनके समान कोई नहीं है। सभी के मूल कारण, रक्षक, पालक तथा नियंता होने के कारण वे महेश्वर कहे जाते हैं। आदि और अंत न होने के कारण अनंत हैं। भगवान शंकर दिगंबर होते हुए भी भक्तों को अतुल ऐश्वर्य प्रदान करने वाले, अनंत राशियों के अधिपति होने पर भी भस्म विभूषण, श्मशान वासी होने पर भी त्रिलोक के अधिपति, योगीराज होने पर भी अर्धनारीश्वर, पार्वती जी के साथ रहने पर भी कामजित तथा सबके कारण होते हुए भी अकारण हैं। आशुतोष और अवढरदानी होने के कारण यह शीघ्र प्रसन्न होकर अपने भक्तों के संपूर्ण दोषों को क्षमा कर देते हैं।

भगवान शिव का परिवार बहुत बड़ा है। वहां सभी द्वंद्वों और द्वैतों का अंत दिखाई पड़ता है। एकादश रुद्र, रुद्राणियां चौसठ योगिनीयां, षोडश मातृकाएं, भैरव आदि उनके सहचर तथा सहचरी हैं। गणपति परिवार में उनकी पत्नी सिद्धि, बुद्धि तथा शुभ लाभ दो पुत्र हैं। उनका वाहन मूषक है। कार्तिकेय का वाहन मयूर है। भगवती पार्वती का वाहन सिंह है तथा स्वयं भगवान शंकर धर्मावतार नंदी पर आरुढ़ होते हैं। भगवान शंकर सर्वत्र व्याप्त हैं, तथापि काशी और कैलाश उनके मुख्य स्थान हैं। भक्तों के हृदय में तो वह सर्वदा निवास करते हैं। भगवान शंकर के चरित्र बड़े ही उदात्त एवं अनुकंपा पूर्ण हैं। वे ज्ञान, वैराग्य व साधुता के परम आदर्श हैं। भयंकर रुद्र रूप हैं तो भोलानाथ भी हैं। दुष्ट दैत्यों के संहार में कालरूप हैं तो दीन-दुखियों की सहायता करने में दयालुता के समुद्र हैं,जिसने आप को प्रसन्न कर लिया उसको मुंह मांगा वरदान मिला। रावण को अटूट बल मिला, भस्मासुर को सबको भस्म करने की शक्ति दी। यदि भगवान विष्णु मोहिनी रूप धारण करके न आते तो स्वयं भी संकटग्रस्त हो जाते।

ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

भगवान शंकर का त्याग अनुपम है। अन्य सभी देवता समुद्र मंथन से निकले हुए लक्ष्मी, कामधेनु, कल्पवृक्ष और अमृत ले गए और भगवान शंकर अपने भाग का हलाहल पान करके संसार की रक्षा के लिए नीलकंठ बन गए। वह एक पत्नी व्रत के अनुपम आदर्श हैं। माता सती पार्वती रूप में आपकी अनन्या पत्नी हैं।

भगवान शिव योगियों के भी महायोगी हैं। योगियों की आयु बढ़ाने के लिए पारद शास्त्र का आविष्कार उन्हीं के द्वारा किया गया। भगवान शंकर संगीत और नृत्यकला के आदि आचार्य हैं। तांडव नृत्य करते समय उनके डमरू से ही स्वरों का प्रादुर्भाव हुआ तथा इनका तांडव ही नृत्य कला का आरंभ है। व्याकरण के मूल तत्वों का विकास भी शिवजी की डमरू ध्वनि का ही परिणाम है। देवाधिदेव महादेव एकमात्र देवता हैं, जिनकी शिवलिंग रूप में निराकार तथा शंकर रूप में साकार पूजा की जाती है।

वर्ग पहेली-160

बाएं से दाएं

2.1. प्राचीन लिपि में लिखा गया लेख, किसी शिला पर लिखा लेख या लिपि

3. शब्दों के अंत में जुड़कर 'करने वाला' का अर्थ देता है

5. प्रशंसा, बहुत अच्छा

6. मिथुन राशि।

7.1. किसी को दिया जाने वाला धन 2. दान 3. पैतृक संपत्ति में हिस्सा, बांट 4. दहेज आदि के रूप में दिया जाने वाला धन।

ऊपर से नीचे

1. बेरहम दिल वाला, क्रूर।

2.1. किसी मशीन या यंत्र का अंग-प्रत्यंग, अवयव 2. पर्ची, कागज़ का टुकड़ा 3. खंड, टुकड़ा, कतरन। (मु.) चलता पुरज़ा होना : चालाक व्यक्ति होना -ढीला होना : बुद्धि की कमी होना, सनकी होना।

4. लकड़ी का वह चौड़ा टुकड़ा जिसपर ठठेरे बरतन रखकर रेती से रेतते हैं।

5. बावला, पागल।



वर्ग पहेली -159 का हल

			1 ग		2 चु
	3 उ	क	ता	ह	ट
4 वृ	त		नु		क
	ना		ग		ना
		5 औ	ति	6 क	
			7 क	ल	मा
8 ढ	हा	ना		ल	

सुडोकू -73

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

			7		1			8
	6		9			2		
3		2		6				5
		3		8	2	4		7
	7						1	
1		4	5	9		3		
4				5		1		2
		8			4		6	
9			6		3			

सुडोकू -72 का हल

8	9	4	6	5	3	1	7	2
3	1	7	8	9	2	6	4	5
5	2	6	4	7	1	3	9	8
9	3	8	1	6	4	2	5	7
4	6	5	3	2	7	8	1	9
2	7	1	5	8	9	4	3	6
7	4	2	9	1	6	5	8	3
6	8	3	7	4	5	9	2	1
1	5	9	2	3	8	7	6	4

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 13 अगस्त मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-श्रावण, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-अष्टमी 09 .31 तक तत्पश्चात नवमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। **ऋतु**-वर्षा।
चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-विशाखा 10 .44 तक तत्पश्चात अनुराधा।

मेष — आज पुराने मित्रों से मुलाकात होगी लेकिन आपको इससे ज्यादा प्रसन्नता होगी। अपनी व्यक्तिगत समस्याओं को किसी से शेयर न करें। रक्तचाप की समस्या होने की आशंका है। अनावश्यक क्रोध करने की आदत से आपको बचना चाहिये।

वृष — आज अपनी जिम्मेदारियों के प्रति निष्ठावान रहें। जीवनसाथी आपके एक अच्छे मित्र की भूमिका निभाएगा। अपने मन की बातें उनसे साझा कर सकते हैं। इस समय सारी परिस्थितियां आपके अनुकूल हैं। घर के लोग आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे।

मिथुन — आज किसी बड़ी समस्या का समाधान होने से निश्चिंत होंगे। स्वास्थ्य काफी अच्छा और संतुलित रहेगा। आपकी रचनात्मक क्षमता में वृद्धि होगी। यदि मन में किसी प्रकार का कोई भय था तो वह दूर हो सकता है।

कर्क — आज मित्रों के परामर्श पर गम्भीरता से ध्यान दें। संतान को लेकर कुछ परेशानी होने की आशंका है। गृह निर्माण के कार्य तेजी से पूर्ण होंगे। प्रेम संबंधी मामलों में निराशा हांथ लग सकती है। कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है।

सिंह — आज निजी रिश्तों को लेकर गंभीर रहें। काम न बनने के कारण मन निराश हो सकता है। आत्मविश्वास में कमी महसूस कर सकते हैं। योग और प्राणायाम करना उत्तम होगा। इस समय नया कार्य शुरू करना उचित नहीं है।

कन्या — आज रिलेशनशिप के मामलों में भाग्यशाली रहेंगे। आप कुछ दिनों की छुट्टियों को लेकर योजना बना सकते हैं। लोग आपके ऊपर पूर्ण विश्वास रखेंगे। विदेश में शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों को कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

तुला — आज कमीशन से जुड़े मामलों के लिए दिन बहुत अच्छा है। अनुभवी व्यक्तियों से मार्गदर्शन लेना लाभकारी होगा। व्यर्थ की गतिविधियों में समय नष्ट न करें। महत्वपूर्ण अवसर आपकी प्रतीक्षा कर रहे हैं इसलिए लापरवाही भारी पड़ सकती है।

वृश्चिक — आज परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे। कारोबार में सबकुछ आपके अनुसार ही होता प्रतीत होगा। इससे आपका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। आप बेहद आनंदित रहने वाले हैं। मित्रों से लंबी बातचीत हो सकती है। आपकी कार्य-कुशलता में वृद्धि होगी।

धनु — आज नशीले पदार्थों का सेवन न करें। दांपत्य संबंधों के लिए समय अवश्य निकालें। कोई जरूरी निर्णय अचानक लेना पड़ेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सहयोगी आपसे किसी बात को लेकर असहमत हो सकते हैं।

मकर — आज दोपहर के बाद शुभ समाचार मिल सकते हैं। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धैर्यपूर्वक किए गए कार्यों में सफलता मिलेगी। परिवार की जरूरतों पर धन खर्च करना पड़ेगा। प्रेमी जन की भावनाओं की कद्र करें।

कुंभ — आज दूसरों की बातों को ज्यादा तूल न दें। व्यावसायिक लक्ष्य समय पर पूर्ण हो जाएंगे। संतान की उन्नति से गौरवान्वित महसूस करेंगे। नए घर या जमीन में निवेश सकते हैं। जीवनसाथी से सलाह लेना आपके लिए हितकर होगा।

मीन — आज आपको पड़ोसियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिए। लोग आपके विरुद्ध गलत धारणा बना सकते हैं। काल्पनिक विचारों से दूरी बनाकर रखें। आपके काम रुक-रुक कर होंगे। शत्रु पक्ष अचानक से आपके विरुद्ध सक्रिय हो सकता है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
रन — सुबह : 09 .00
विक्की डोनर — रात : 09 .00

&pictures
अंतिम — सुबह : 10 .57
वीरे दी वेडिंग — रात : 08 .00

SONY PIX
टर्मिनेटर सैल्वेशन — दोपहर : 12 .00
द मैकेनिक — रात : 07 .34

ZEE CINEMA
जय सिंबा — सुबह : 11 .18
घूमर — रात : 08 .00

colors CINEPLEX
मेरी ताकत मेरा फैसला — सुबह : 08 .54
दृश्यम 2 — शाम : 04 .55

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर रात : 08 .00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

संजू अपना लेसन याद करके नहीं आया
टीचर- अपना लेसन याद क्यों नहीं किया?
संजू- जी मैम, कल रात को जैसे ही पढ़ने बैठा, लाइट चली गई।
टीचर- तो फिर लाइट नहीं आई क्या?
संजू- आई, पर फिर से जैसे ही पढ़ने बैठा फिर चली गई।
टीचर- अरे! तो फिर लाइट नहीं आई क्या?
संजू- आई थी, पर मैं फिर इस डर से पढ़ने नहीं बैठा कि फिर लाइट न चली जाए।

प्रेमिका (प्रेमी से)- अरे बाबा, जल्दी खिड़की से कूदो पापा आ रहे हैं।
प्रेमी- लेकिन यह तो 13 वीं मंजिल है।
प्रेमिका- अरे, यह शगुन-अपशगुन सोचने का वक्त नहीं है।

भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने तिरंगा पद यात्रा निकाली

लमगड़ा जीआईसी से कौमारी विद्यालय तक आयोजित हुई पद यात्रा, बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने जोश के साथ लिया हिस्सा

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार: भाजयुमो ने सोमवार को विकासखंड लमगड़ा में तिरंगा यात्रा के तहत पद यात्रा निकाली। यात्रा क्षेत्र के जीआईसी से मुख्य बाजार होते हुए कौमारी विद्यालय तक निकाली गई। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

तिरंगा पद यात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि जागेश्वर विधायक मोहन सिंह मेहरा ने किया। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा करने का उद्देश्य यह है कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति में राष्ट्रवाद की भावना जागृत हो। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राजन चंद्र जोशी ने कहा कि तिरंगा यात्रा पूरे जिले की सभी विधानसभाओं में युवा मोर्चा द्वारा कराई जा रही है। बताया कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य समाज के हर व्यक्ति को गौरव की अनुभूति करना है और उन वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानीयों की वीरता व संघर्ष को समाज के हर व्यक्ति तक पहुंचाना है। पदयात्रा ब्लॉ प्रमुख विक्रम बगड़वाल, राजेंद्र बिष्ट, त्रिलोक रावत, संजय डालाकोटी, पुष्कर नैनवाल, मोहित रौतेला, विजय सतवाल, दिनेश पांडे, तारा बजेठा, हरीश सिजवाली, हरीश बिष्ट, भगवत फर्त्याल, इंद्र डसिला, नीमा ढैला, ललिता ढैला, हरीश सतवाल, हरीश बोरा समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अल्मोड़ा में भाजयुमो ने सोमवार को लमगड़ा में तिरंगा पद यात्रा निकाली। ● अमृत विचार

बनबसा में तिरंगा रैली निकालते महाविद्यालय के छात्र। ● अमृत विचार

भाजपाइयों ने नगर में निकाली तिरंगा यात्रा

रानीखेत : भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुभाष चौक से सदर बजार होते हुए विजय चौक तक तिरंगा यात्रा निकाली। इस अवसर पर भाजपाई भारत माता की जय, जय जवान जय किसान, वंदे मातरम के नारे भी लगा रहे थे। तिरंगा यात्रा में सह सयोजक सोनू फर्त्याल, युवा मोर्चा अध्यक्ष पावस जोशी, मुकेश पांडे, राम सिंह, उमेश पंत, मोहन नेगी, रामेश्वर गोयल, दर्शन बिष्ट, कैलाश बिष्ट, शाहिल बेलवाल, मनीष जोशी, अरुण वर्मा, पूरन सिंह, भावना पालीवाल, कमला पांडे, रेनू जोशी, ममता बेलवाल रहे।

छात्र-छात्राओं ने हर घर तिरंगा रैली निकाली

बनबसा : राजकीय महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा रैली निकालकर स्वतंत्रता सेनानियों और वीर सपूतों को याद किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. आभा शर्मा की अध्यक्षता और डॉ. मुकेश कुमार के निर्देशन में छात्र- छात्राओं की हर घर तिरंगा और नशा मुक्त भारत अभियान रैली महाविद्यालय से शुरू होकर नगर के मीना बाजार, पाटनी तिराहे, मुख्य बाजार होते हुए महाविद्यालय पहुंचकर संपन्न हुई। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. आभा शर्मा ने कहा कि राष्ट्र की युवा शक्ति का समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। प्राचार्य ने छात्रों को परिवार, मित्र व समाज को नशामुक्त करने की शपथ दिलाई। यहां डॉ. राजीव कुमार, डॉ. भू नारायण दीक्षित, सुधीर मलिक, हेम कुमार गहतोड़ी आदि मौजूद रहे।

टनकपुर महाविद्यालय में हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन

टनकपुर : टनकपुर राजकीय महाविद्यालय में हर घर तिरंगा कार्यक्रम अभियान के अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हर घर तिरंगा, तिरंगा संगीत कार्यक्रम तथा तिरंगा प्रतिज्ञा की गई साथ ही स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय में रावत राधे हरि राजकीय इंटर कॉलेज, सरन राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, विवेकानंद विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, दयानंद इंटर कॉलेज और सेंट फ्रांसिस विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अनुपमा तिवारी ने झंडे की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हर घर तिरंगा अभियान से नई पीढ़ी के साथ-साथ देश के सभी लोगों में देश के और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति गौरव और सम्मान बढ़ेगा। डॉ. एसके कटियार व डॉ. एएस खान ने छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान रखने के लिए प्रेरित किया। संचालन डॉ. पंकज उप्रेती ने किया। कार्यक्रम में डॉ. सुमन कुमारी, डॉ. सुषमा मक्कड़, डॉ. विमन, डॉ. ब्रह्मानंद आदि रहे।

टनकपुर महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते छात्र-छात्राएं।

अल्मोड़ा कलक्ट्रेट में डीएम ने स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक ली।

स्वतंत्रता दिवस पर सुबह नौ बजे होगा झंडारोहण

संवाददाता, अल्मोड़ा

▸▸ डीएम ने तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बैठक ली

अमृत विचार: आगामी स्वतंत्रता दिवस को भव्य रूप देने के लिए प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। सोमवार को कलक्ट्रेट में स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक हुई। इस दौरान डीएम विनीत तोमर ने समस्त विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि प्रत्येक कार्यालयों में सुबह 9 बजे झंडारोहण किया जाएगा।

बैठक के दौरान डीएम ने कहा कि नगर के नंदादेवी मंदिर से मुख्य बाजार होते हुए प्रभात फेरी सुबह 7 बजे से आयोजित की जाएगी। इसके लिए संबंधित विभाग पर्याप्त व्यवस्थाएं दुरुस्त रखें। बैठक में कार्यक्रमों का निर्धारण करने समेत जनपद मुख्यालय के साथ साथ तहसील स्तर पर भी आयोजित किए जाएंगे, जिसके लिये उन्होंने अधिकारियों को पूर्ण तैयारी करने के निर्देश दिए। बताया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। डीएम ने ईओ नगर पालिका को नगरीय क्षेत्रों में स्थापित सभी स्मारकों, मूर्तियों और प्रतिमाओं की सफाई करने के निर्देश दिए और 14 व 15 अगस्त को स्मारकों पर प्रकाश व्यवस्था करने को भी कहा। बैठक में सीडीओ आकांक्षा कोंडे, एडीएम सीएस मर्तोलिया, एसडीएम सदर जयवर्धन शर्मा, सीएमओ डॉ. आरसी पंत, संभागीय परिवहन अधिकारी डॉ. गुरदेव सिंह समेत अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

रोजगार मेले में 48 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

अल्मोड़ा : मॉडल कैरियर सेंटर क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय अल्मोड़ा की ओर से सोमवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इसमें 290 अभ्यर्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया। साक्षात्कार के बाद 48 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। सोबन सिंह जीना परिसर अल्मोड़ा में आयोजित रोजगार मेले में फ्लिपकार्ट फरीदाबाद, सिक्योरिटी सर्विस इंडिया लिमिटेड, ब्राइट प्यूचर, यशस्वी ग्रुप, जीनियय ग्रुप एसबीआई कार्ड, एलआईसी इंडिया, वर्ल्डसवॉर्थ देहरादून की कंपनी ने हिस्सा लिया।

रोजगार मेले में साक्षात्कार के लिए पहुंचे अभ्यर्थी।

राइंका धौलछीना में सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर मौजूद छात्र-छात्राएं।

इंडियन यूथ फोरम ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस

अल्मोड़ा : राइंका धौलछीना में इंडियन यूथ फोरम की ओर से सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान युवाओं की रैली, जलवायु परिवर्तन और शिक्षा, जलवायु परिवर्तन और स्वास्थ्य एवं जलवायु परिवर्तन और जेंडर विषय पर गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता धीरज और विनीता ने कहा कि जलवायु परिवर्तन आज के समय में युवाओं के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है और उससे निपटने के लिए प्रयास करने होंगे। इस मौके पर अन्य वक्ताओं ने भी अपने-अपने विचार रखे। यहां कार्यक्रम में आईवाईएफ की नेशनल कन्वीनर भारती पांडे, ममता बिष्ट, शिवकुमार, भारती पांडे मौजूद रहे।

अल्मोड़ा में जल निगम अधीक्षण अभियंता का घेराव करते लोग।

अल्मोड़ा में जल निगम के अधीक्षण अभियंता का घेराव

अल्मोड़ा : नगर के मालरोड पर डामरीकरण के दो माह के भीतर ही डामर उखड़ने से लोगों में रोष व्याप्त है। नाराज लोगों ने सोमवार को मामले की जांच की मांग को लेकर जल निगम अधीक्षण अभियंता का घेराव किया। जल्द सड़क में बने गड्ढों को शीघ्र ठीक करने समेत जांच की मांग उठाई। इस मौके पर पूर्व दर्जा राज्य मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने कहा कि माल रोड पर डामरीकरण कार्य गुणवत्ता पूर्वक नहीं किया गया। इस वजह से दो माह के भीतर ही डामर उखड़ने लगा है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं, जो हर समय बड़ी दुर्घटना को दावत दे रहा है। चेतावनी दी कि जल्द सड़क पर बने गड्ढो को नहीं भरा गया तो उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। वहीं, उन्होंने जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग उठाई। यहां लीलाधर कांडपाल, पूरन चंद्र तिवारी, जगदीश चंद्र तिवारी, दिनेश चंद्र जोशी, शाहबुद्दीन, नूर खान, हयात सिंह बिष्ट, रमेश चंद्र जोशी, देवेंद्र कर्नाटक, हेम जोशी, रोहित शैली, सुधीर कुमार, हिमांशु कनवाल, भूपेंद्र भोज, भगवत आर्या, प्रकाश मेहता आदि मौजूद रहे।

दीवारों पर पेड़ उगने से मंदिरों को पैदा हुआ खतरा

बागेश्वर : पुरातत्व विभाग के अधीन बाबा बागनाथ मंदिर समूह के गुंबदों पर पेड़ जमने से मंदिरों को खतरा बना हुआ है। भक्तों ने पुरातत्व विभाग की इस अनदेखी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मंदिर का निरीक्षण करके सुरक्षा उपाय करने की मांग की है। इधर पुरातत्व विभाग की टीम के बुधवार को यहां पहुंचने की संभावना है। बागनाथ मंदिर में पुरातत्व काल के कई मंदिरों का समूह है। जिसमें प्रमुख मंदिर बाबा बागनाथ का है जबकि अन्य मंदिर भी पुरातत्व शैली के बने हुए हैं। पुरातत्व विभाग के अधीन होने के कारण इन मंदिरों में मंदिर समिति को कोई लघु निर्माण आदि करने की इजाजत नहीं है। साथ ही मंदिरों की ऊंचाई अधिक होने के कारण यहां पर सुरक्षा की दृष्टि से मंदिर समिति के सदस्य भी नहीं जाते हैं। बीते दिनों से भक्तों ने सोशल मीडिया में मंदिर की फोटो डाली है। मंदिर समिति के सदस्यों समेत स्थानीय भक्तों ने इस पर चिंता व्यक्त करते हुए मंदिर की सुरक्षा व देखरेख करने की मांग पुरातत्व विभाग से की है। इधर अल्मोड़ा के क्षेत्रीय पुरातत्व अधिकारी चंद्रमोहन सिंह ने बताया कि उन्हें मंदिर समिति से जानकारी मिली है। बुधवार को विभाग की टीम मंदिर की स्थिति का अवलोकन करेगी तथा आवश्यक उपाय करेगी।

वृद्धा से लूटपाट करने का आरोपी किया गिरफ्तार

▸▸ आरोपी के कब्जे से लूटे गए जेवरात किए बरामद

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार: सल्ट के पीपना गांव में बुजुर्ग महिला से लूटपाट का आरोपी को पुलिस गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से लूटे गए जेवरात भी बरामद कर लिए है।

पीपना गांव निवासी कौशल्या देवी के साथ अज्ञात व्यक्ति ने शनिवार को दिनदहाड़ लूटपाट कर दी। आरोपी वृद्धा के कानों से सोने के कुंडल, गले से सोने की माला तथा एक गलोबंद लूटकर फरार हो गया। पीड़ित बुजुर्ग के भतीजे रघुवीर सिंह ने पुलिस में तहरीर दी। पुलिस ने लूटपाट के आरोपी कैलाश उर्फ किशोर मनराल, निवासी सैंणमानुर सल्ट हाल निवासी वेस्ट गोंडा थाना भजनपुर दिल्ली को सल्ट से गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष अजेंद्र प्रसाद ने बताया कि आरोपी से लूटे जेवरात भी बरामद कर लिए हैं।

पुलिस की गिरफ्त में लूटपाट का आरोपी।

जलभराव से निजात दिलाने की मांग

बनबसा : गौरव सेनानी कल्याण समिति पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष कैप्टन भानी चंद ने उपजिलाधिकारी टनकपुर को ज्ञापन देकर ग्राम भजनपुर में स्थित रेलवे क्रॉसिंग के आसपास निवास करने वाले लोगों को जलभराव से निजात दिलाने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि क्षेत्र में लगभग डेढ़ सौ से भी ज्यादा परिवार निवास करते हैं। मार्ग न होने से लोग आने जाने के लिए रेलवे ट्रैक का इस्तेमाल करते हैं। कहा कि रेलवे द्वारा रेलवे ट्रैक पर मिट्टी भरान के लिए बरसों पहले जो गड्ढे बनाए थे उनमें पानी भर जाता है। जिसमें मच्छर पैदा होते हैं। साथ ही बरसात के मौसम में यहां से पानी सीधे घरों में घुस जाता है। कहा कि सालों से यहां के लोग समस्या से निजात दिलाने की मांग करते आ रहे हैं लेकिन समस्या जस की तस बनी है।

बांग्लादेश की घटनाओं से रोष

▸▸ हिन्दू सेवा समिति ने पुतला फूंक सरकार से उचित कदम उठाने की मांग की

▸▸ हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार पर नाराजगी जताई

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार: बांग्लादेश में हो रही घटनाओं पर अल्मोड़ा के लोगों में आक्रोश है। सोमवार को हिन्दू सेवा समिति ने बांग्लादेश का पुतला फूंक जमकर नारेबाजी की। सरकार से जल्द मामले में उचित कदम उठाने की मांग की।

सोमवार को हिन्दू सेवा समिति के बैनर तले व्यापारी और विभिन्न संगठनों के लोग मालरोड स्थित चौघानपाटा में एकत्रित हुए। जहां उन्होंने बांग्लादेश का पुतला फूंका। कहा कि बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार किए जा रहे हैं। मंदिरों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। हिन्दुओं को निशाना बनाकर उनकी हत्या की जा रही है।

इसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। उन्होंने सरकार से मामले को गंभीरता से लेते हुए ठोस कदम उठाने की मांग की। यहां पुतला फूंकने वालों में सुशील साह, अजीत कार्की, जगमोहन बिष्ट, विनोद तिवारी, विनय तिवारी, भुवन वर्मा, ललित मिश्रा, मुकेश जोशी, चन्दन बहुगुणा, अजय वर्मा, युवम बोहरा, अर्जुन बिष्ट, विनोद गिरी, दर्शन रावत, अमित साह, भैरव गोस्वामी, आशु गोस्वामी, हरीश कनवाल, नीरज बोहरा, मनीष कनवाल, राहुल बोहरा आदि मौजूद रहे।

अल्मोड़ा में हिन्दू सेवा समिति ने बांग्लादेश का पुतला फूंका। ● अमृत विचार

असम राइफल में तैनात चम्पावत निवासी जवान मणिपुर में शहीद

संवाददाता,चम्पावत

अमृत विचार : चम्पावत जिले के सुंई खैसकांडे गांव निवासी असम राइफल के जवान गुणानंद चौबे उग्रवादी हमले में देश के लिए शहीद हो गए। अर्धसैनिक बल की ओर से दिल्ली में रहने वाले जवान के परिजनों को इसकी जानकारी दी गई। जवान के शहीद होने की सूचना से क्षेत्र में शोक की लहर है।

मूल रूप से लोहाघाट के पास सुंई खैसकांडे गांव निवासी 56 वर्षीय गुणानंद चौबे असम राइफल की 22वीं बटालियन में वारंट आफिसर पद पर तैनात थे। शहीद जवान के बड़े भाई गोविंद चौबे ने बताया कि बल की ओर से दिल्ली द्वारिका में रहने वाले परिवार को दी जानकारी के मुताबिक गुणानंद अन्य जवानों के साथ गश्त पर थे। सोमवार तड़के चार बजे के आसपास उग्रवादियों ने गोलीबारी की। एक गोली वाहन चला रहे गुणानंद को लगी। जिसके बाद वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हमले में गुणानंद शहीद हो गए। उनके शहादत की जानकारी मिलते ही चम्पावत जिला शोक में डूब गया।

ग्राम प्रधान भुवन चौबे ने बताया कि शहीद जवान की पत्नी मंजू चौबे दिल्ली में रहती हैं। दो बेटियों की शादी हो गई है। बेटा राजू चौबे इंजीनियर है। गुणानंद चार भाइयों में सबसे छोटे थे। बड़े भाई गंगा दत्त चौबे असम राइफल से सेवानिवृत्त हैं। दूसरे भाई गोविंद चौबे व्यापारी हैं। तीसरे भाई गिरीश चौबे शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त हैं।

जवान का पार्थिव शरीर मंगलवार को दिल्ली पहुंचने की उम्मीद है। उनका अंतिम संस्कार दिल्ली में होगा। जबकि शेष क्रियाकर्म उनके पैतृक घर सुंई खैसकांडे में होंगे।

गुणानंद चौबे। (फाइल फोटो)

छात्रों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई

टनकपुर : राजकीय महाविद्यालय टनकपुर में सोमवार को नशा मुक्त भारत अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम का आरंभ करते हुए प्राचार्य डॉ. अनुपमा तिवारी ने समाज को नशे से बचाने के लिए सभी से आगे आने का आह्वान किया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. पंकज उप्रेती ने नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। इस दौरान वक्ताओं ने नशे के दुष्परिणामों के बारे में बताया। उन्होंने सभी से नशे से दूर रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर डॉ. एसके कटियार, डॉ. सुमन कुमारी, डॉ. सुल्तान सिंह, डॉ. विजय डालाकोटी, भरत प्रकाश, रजत शाही, धर्मेंद्र गिरी मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

छात्र-छात्राओं को दी नशे से दूर रहने की नसीहत

रानीखेत : सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 'विकसित भारत का मंत्र भारत हो नशे से स्वतंत्र' प्रसंग पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय प्रशासनिक भवन में किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पुष्पेश पांडे ने छात्र-छात्राओं, शिक्षकों व कर्मचारियों को नशे से होने वाले नुकसान और प्रतिकूल प्रभाव के बारे में बताया। तत्पश्चात वरिष्ठ अध्यापक डॉ. प्रसून कुमार जोशी ने नशे के दुष्प्रभाव बताते हुए नशे से दूर रहने की अपील की। कार्यक्रम का समापन प्राचार्य ने नशा मुक्ति की शपथ दिलाकर की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. पारुल भारद्वाज ने किया। कार्यक्रम में एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट शंकर कुमार, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कमला बिष्ट, डॉ. दीपा पांडे, बृजेश कुमार जोशी, नमिता मिश्रा, निधि पांडे, महाराज मेहरा, बरखा रौतेला, डॉ. पंकज, पारुल बोहरा, नीतिका, हिमानी नेगी आदि रहे।

नशामुक्त समाज का निर्माण करने की शपथ ली

बागेश्वर। विकसित व समृद्ध राष्ट्र निर्माण के लिए नशा मुक्त भारत अभियान के तहत विभिन्न कार्यालयों में कर्मचारियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। इस दौरान सभी ने नशामुक्त समाज का निर्माण करने की शपथ ली। जिला सूचना अधिकारी कार्यालय में जिला सूचना अधिकारी सुरेंद्र कुमार ने कर्मचारियों को नशा मुक्त समाज का निर्माण करने की शपथ दिलाई। इस दौरान नरेंद्र भंडारी, सुरेंद्र करोड़ा, सुनील कुमार, सुरेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे। उधर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सीओ अंकित कंडारी ने पुलिस कर्मचारियों को नशा मुक्त समाज का निर्माण करने की शपथ दिलाई। इसके अलावा जनपद के विभिन्न थानों व चौकियों में भी पुलिस कर्मचारियों ने नशा मुक्त भारत बनाने की शपथ ली।

चोरी की बाइक के साथ आरोपी दबोचा

बनबसा : पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। नगर के मीना बाजार निवासी जय प्रकाश अग्रवाल ने 26 जुलाई को थाने में तहरीर देकर घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी होने की तहरीर दी थी। थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह जगवाण ने बताया कि सुराग मिलने पर एसआई जितेन्द्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में पुलिस टीम ने टनकपुर में डबल हेयर कट सैलून की दुकान से रात्रि एक बजे आरोपी रिजवान सैफी उर्फ आका पुत्र रफीक, निवासी ग्राम मनिहारगोठ से चोरी हुई बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध 303(2)317(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह जगवाण आदि रहे।

चिलियानौला में पेयजल संकट

▸▸ गुस्साए लोगों ने जल संस्थान कार्यालय का घेराव कर किया प्रदर्शन

संवाददाता रानीखेत

अमृत विचार: चिनियानौला नगर पालिका क्षेत्र में विगत एक सप्ताह से पेयजल का गंभीर संकट मंडराया हुआ है। विभाग को कई बार सूचना देने के बावजूद भी पेयजल उपलब्ध न होने पर सोमवार को क्षेत्रवासियों का गुस्सा फूट पड़ा।

गुस्साए लोगों ने जल संस्थान कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। चेतावनी दी कि मंगलवार तक पेयजल व्यवस्था सुचारू न करने पर कार्यालय में तालाबंदी व आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा। चिनियानौला नगर पालिका क्षेत्र में विगत एक सप्ताह से पेयजल का संकट गहराया है। गौरतलब है कि चिलियानौला के लिए गगास तारीख पंपिंग योजना व तिपोला पंपिंग योजना से पेयजल उपलब्ध होता है। लेकिन दो-दो पेयजल योजनाओं के बावजूद जल संस्थान द्वारा पेयजल वितरण में कोताही बरती जा रही है। एक दिन छोड़कर पेयजल वितरण किया जाता है। विगत एक सप्ताह से क्षेत्र में पेयजल उपलब्ध नहीं करने से लोगों के सामने पेयजल का संकट खड़ा हो गया है। लोग दूर-दराज क्षेत्रों से पानी लाने को मजबूर है। सोमवार को गुस्साए लोगों ने जल संस्थान कार्यालय का घेराव कर नारेबाजी की। धरना प्रदर्शन करने वालों में व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष कमलेश बोरा, पूर्व सभासद अरुण रावत, मनोज बिष्ट, रोहित शर्मा, उमा रावत, हेमा देवी, कमला देवी, नवीन कुर्वाबी रहे।

रानीखेत में जल संस्थान कार्यालय का घेराव करते लोग। ● अमृत विचार

टनकपुर तहसील में एसडीएम आकाश जोशी को ज्ञापन देते ग्रामीण।

शारदा नदी व किरोड़ा नाले से हो रहे भू कटाव को रोकने की मांग

टनकपुर : शारदा नदी व किरोड़ा नाले के तेज बहाव से पूर्णागिरि मार्ग से लगे गांव थ्वालखेड़ा और खेतखेड़ा में भू कटाव काफी हो रहा है। जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। इस संबंध में ग्रामीणों ने टनकपुर तहसील पहुंचकर एसडीएम आकाश जोशी के माध्यम से डीएम के नाम संबोधित ज्ञापन देकर ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे भू कटाव की रोकथाम के लिए कारगर कदम उठाने की पुरजोर वकालत की है। सोमवार को ग्राम प्रधान दीपा बोहरा और सुंदर सिंह बोहरा के नेतृत्व में ग्रामीण तहसील पहुंचे जहां उन्होंने एसडीएम आकाश जोशी को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि हर वर्ष शारदा नदी और किरोड़ा नाले के तेज ऊफान से गांव थ्वालखेड़ा और उससे लगा गांव खेतखेड़ा में भारी भू कटाव होता है। इस बार भी इन गांव में शारदा नदी व किरोड़ा नाले से भारी भू कटाव हो रहा है जिससे कई किसानों की उपजाऊ भूमि नदी नालों के भेंट चढ़ चुकी है। साथ ही इससे जान माल का भी खतरा उत्पन्न हो गया है। ज्ञापन देने वालों में हेमा पांडे, माया जोशी, रेखा जोशी, विमला भट्ट, संगीता देवी, जानकी देवी, खेमा देवी, नीलम देवी, गणेश सिंह आदि रहे।

एक नजर

सीएसबी, यूनियन बैंक व अन्य पर लगा जुर्माना

मुंबई। आरबीआई ने सोमवार को सीएसबी बैंक, यूनियन बैंक और मुथूट हाउसिंग फाइनेंस सहित पांच इकाइयों पर जुर्माना लगाया। यह जुर्माना विभिन्न नियामकीय मानदंडों के उल्लंघन पर लगाया गया है। आरबीआई ने सीएसबी बैंक पर 1.86 करोड़, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया पर 1.06 करोड़, मुथूट हाउसिंग फाइनेंस पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। निडो होम फाइनेंस पर पांच लाख और अशोका विनियोग पर 3.1 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।

मोहाली में विकसित हुई नई इलेक्ट्रॉनिक प्रौद्योगिकी

नई दिल्ली। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के नैनो विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान (आईएनएसटी) के वैज्ञानिकों ने पहली बार एक ऐसी प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन किया है जिससे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के विभिन्न घटकों के बीच डाटा का प्रवाह बहुत कम बिजली खर्च और कमरे के तापमान पर बहुत तेज गति से संभव हो सकता है। विभाग ने कहा है कि 2डी इलेक्ट्रॉन गैस इंटरफेस पर आधारित अति-तीव्र गति से काम करने वाले इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के विकास की संभावनाएं पैदा करती है। इन उपकरणों में बिजली की खपत कम होगी और गर्मी न के बराबर छोड़ेंगे।

हल्द्वानी मंडी

चावल : शरबती- 5700 मसूरी- 5400 बासमती- 9400 परमल- 3800

दाल दलहन : काला चना- 8000 साबुत चना दाल- 8500 मूंग साबुत- 10400 राजमा- 12200-12500 दाल उड़द- 10700 साबुत मसूर दाल- 7500 मसूर दाल- 7800 उड़द साबुत- 11500 काबुली चना- 12500 अरहर दाल- 16400 लोबिया/करमानी- 9400 सोयाबीन- 4500 मूंगफली- 11500 मटर (सूखी)- 6500 मक्का- 2400

गिरावट से उबरा बाजार, सेंसेक्स 57 अंक टूटा

शुरुआत में सेबी को लेकर हिंडनबर्ग की नई रिपोर्ट का बाजार पर हुआ असर, बैंकों में लाभ से उबरा

मुंबई, एजेंसी

अमेरिकी शोध कंपनी हिंडनबर्ग की सेबी प्रमुख माधबी पुरी बुच और उनके पति के खिलाफ विदेशी कोष में अघोषित निवेश को लेकर रिपोर्ट से बाजार शुरू में गिरा लेकिन बाद में निजी बैंकों में लाभ से नुकसान से उबरने में सफल रहा। सेंसेक्स में शुरुआत में तेज गिरावट आई हालांकि, बाद में यह 56.99 अंक यानी 0.07% की मामूली गिरावट के साथ 79,648.92 अंक पर बंद हुआ।

सुबह कारोबार के दौरान अडाणी समूह और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी कंपनियों के शेयरों में लिवाली से यह 479.78 अंक लुढ़का था। बाद में इसमें तेजी आई और यह दिन के निचले स्तर से 880 अंक चढ़ गया। कारोबार समाप्ति से पहले यह नीचे आ गया। सेंसेक्स की 18 में से 12 कंपनियां लाभ में रहीं। एनएसई का निफ्टी भी 20.50 अंक यानी 0.08% की गिरावट के साथ 24,347 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह नीचे में 24,212.10 अंक तक आया और

- कारोबार के दौरान 24,212.10 अंक तक लगाया गोता, बाद में आया उछाल

ऊंचे में 24,472.80 अंक तक गया। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि भारतीय बाजार स्थिर बंद हुआ। शुरुआत में बाजार पर अडाणी-हिंडनबर्ग-सेबी रिपोर्ट का असर हुआ। हालांकि, बाजार ने इसको नकार दिया और वैश्विक स्तर पर सकारात्मक रुख से संकेत लिया। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में अडाणी पोर्ट्स, एनटीपीसी, पावर ग्रिड, भारतीय स्टेट बैंक, नेस्ले, महिंद्रा एंड महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज नुकसान में तो एक्सिस बैंक, जेएसब्ल्यू स्टील, टाटा मोटर्स, एचडीएफसी बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर लाभ में रहे।

मेहता इक्विटीज लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा कि हिंडनबर्ग की रिपोर्ट से शुरुआती कारोबार में बाजार धारणा पर असर पड़ा। हालांकि, बाद में इसमें तेजी आई यह कारोबार के दौरान बढ़त में रहा पर कारोबार समाप्ति से चुनिंदा मुनाफावसूली से पहले मामूली नीचे आ गया।

मिडकैप और स्मॉलकैप के शेयरों में आया मामूली उछाल

छोटी कंपनियों के शेयरों वाला स्मॉलकैप 0.51 प्रतिशत चढ़ा जबकि मझोली कंपनियों से संबंधित मिडकैप मामूली 0.04 प्रतिशत चढ़ा। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट नुकसान में रहा। जापान में टोक्यो बाजार अवकाश के कारण बंद था। यूरोपीय बाजारों में कारोबार के दौरान तेजी का रुख था। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को लाभ में रहा था। शेयर बाजार के अनुसार विदेशी निवेशक शुक्रवार को शुद्ध लिवाल रहे। उन्होंने 406.72 करोड़ के शेयर खरीदे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.83 प्रतिशत चढ़कर 80.32 डॉलर प्रति बैरल रहा।

अटकलों के बजाय परिणामों पर निर्णय लें

हिंडनबर्ग ने हालिया रिपोर्ट में सेबी प्रमुख पर अडाणी मामले में फंड ट्रांसफर में शामिल होने का आरोप लगाया है। आइए समझते हैं कि मामला क्या है और क्या निवेशकों को इन आरोपों पर चिंता करने की जरूरत है।

वित्तीय जगत में हिंडनबर्ग की हालिया रिपोर्ट को लेकर हलचल मची है, जिसमें अडाणी मामले में कथित फंड ट्रांसफर में सेबी प्रमुख की संलिप्तता पर सवाल उठे हैं। इससे निवेशकों, बाजार सहभागियों और जनता के बीच व्यापक चिंताएं पैदा हो गई हैं। इस विवाद का न केवल अडाणी समूह बल्कि वित्तीय बाजार और नियामक वातावरण पर भी प्रभाव है। देश के सबसे बड़े समूहों में से एक अडाणी, 2023 की शुरुआत से गहन जांच के दायरे में है, जब अमेरिकी निवेश अनुसंधान फर्म हिंडनबर्ग ने हानिकारक रिपोर्ट जारी की थी। रिपोर्ट में अडाणी समूह पर स्टॉक मूल्य में हेरफेर, लेखांकन धोखाधड़ी और अपतटीय संस्थाओं के अनुचित उपयोग सहित विभिन्न कदाचार का आरोप लगाया गया, जिससे अडाणी समूह की कंपनियों के शेयर में गिरावट आई, जिससे अरबों डॉलर का बाजार मूल्य समाप्त हो गया।

रजत मेहरोत्रा
आर्थिक विशेषज्ञ

क्या निवेशकों को चिंतित होना चाहिए ?

जांच की प्रतीक्षा: हिंडनबर्ग गंभीर सवाल उठाती है, यह अंततः सेबी और संभावित रूप से अन्य सरकारी एजेंसियों सहित संबंधित अधिकारियों पर निर्भर है कि वे जांच करें। निवेशकों को इनकी प्रगति की निगरानी करनी चाहिए और अटकलों के बजाय परिणामों पर निर्णय लेना चाहिए।

विविधीकरण महत्वपूर्ण है: किसी भी निवेश की तरह, जोखिम प्रबंधन के लिए विविधीकरण महत्वपूर्ण है। अडाणी समूह में महत्वपूर्ण निवेश वाले निवेशकों को संभावित घाटे को कम करने के लिए अपने पोर्टफोलियो में विविधता लाने पर विचार करना चाहिए। इसमें अन्य क्षेत्रों या बाजारों में धनराशि पुनः आवंटित करना शामिल हो सकता है जो विवाद से कम प्रभावित हैं।

बुनियादी बातें: विवाद के बावजूद, यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि कंपनी का दीर्घकालिक मूल्य उसके बुनियादी सिद्धांतों, जैसे राजस्व वृद्धि, लाभप्रदता और प्रतिस्पर्धी से तय होता है। निवेशकों को इन मैट्रिक्स पर अडाणी समूह का आकलन कर यह तय करना चाहिए कि क्या मौजूदा स्टॉक कीमतें आंतरिक मूल्य को दर्शाती हैं।

रिपोर्ट में कई प्रमुख मुद्दे शामिल

हितों का टकराव : हिंडनबर्ग का आरोप है कि समूह से जुड़ी संस्थाओं के साथ पिछले संबंधों या लेनदेन को देखते हुए, सेबी प्रमुख को अडाणी समूह की जांच की निगरानी में हितों का टकराव हो सकता है। इससे जांच की निष्पक्षता पर सवाल उठता है और क्या नियामक संस्था अडाणी के खिलाफ आरोपों का निष्पक्ष मूल्यांकन कर सकती है।

अघोषित फंड ट्रांसफर : रिपोर्ट से पता चलता है कि सेबी प्रमुख और अडाणी समूह से जुड़ी संस्थाओं के बीच अघोषित फंड ट्रांसफर हुआ हो सकता है। यदि सच है, तो यह संभावित बदले की व्यवस्था का संकेत दे सकता है, जहां वित्तीय लाभ के बदले अदानी समूह को अनुकूल व्यवहार दिया गया था।

नियामक चूक : हिंडनबर्ग वर्तमान सेबी नेतृत्व के तहत संभावित नियामक चूक की ओर भी इशारा करते हैं, जो सुझाव देते हैं कि अदानी समूह की जांच उतनी गहन या पारदर्शी नहीं है जितनी होनी चाहिए। इससे बाजार को प्रभावी ढंग से विनियमित करने की सेबी की क्षमता में जनता का विश्वास कमजोर हो सकता है।

आरोपों से वित्तीय समुदाय सदमे में

बाजार की धारणा और स्टॉक की कीमतें : रिपोर्ट के बाद निवेशक अडाणी समूह के शेयरों को रखने के बारे में सतर्क हैं। किसी भी आगे के विकास या आरोपों की पुष्टि से नए सिरे से बिकवाली हो सकती है, जिससे अडाणी के शेयर की कीमतों पर अतिरिक्त दबाव पड़ेगा।

नियामक अनिश्चितता : यदि सेबी प्रमुख के खिलाफ आरोप सही होते हैं, तो इससे भारत के नियामक संस्थानों में विश्वास का संकट पैदा हो सकता है। यह अनिश्चितता अपर्याप्त नियामक निरीक्षण और गड़बड़ी के जोखिमों के डर से घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों निवेशकों को रोक सकती है।

संभावित कानूनी और वित्तीय परिणाम : यदि नियामक चूक की पुष्टि हो जाती है, तो इसके परिणामस्वरूप सेबी प्रमुख और इसमें शामिल अन्य अधिकारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई हो सकती है। इससे जुर्माना, सेबी में नेतृत्व में **बदलाव और संभवत :** नियामक ढांचे में सुधार भी हो सकता है। इस तरह के घटनाक्रम से बाजार पर असर पड़ सकता है, निवेशकों का विश्वास प्रभावित हो सकता है और संभावित रूप से पूंजी का बहिर्प्रवाह हो सकता है।

सुधार बाजार को मजबूत कर सकते हैं : लंबे समय में यदि आरोपों से सार्थक नियामक सुधार होते हैं, तो यह वास्तव में भारतीय बाजार को मजबूत कर सकता है। पारदर्शिता, कड़ी निगरानी और बेहतर कॉर्पोरेट प्रशासन बाजार को निवेशकों के लिए अधिक आकर्षक बना सकता है, जिससे अधिक स्थिरता और विकास हो सकता है।

टेक प्रतिभाओं की मांग से सॉफ्टवेयर की नौकरियों में उछाल : इनडीड

बेंगलुरु, एजेंसी

अगले साल आईटी की भर्तियों में 8.5% वृद्धि होने का अनुमान है जिससे प्रतीत होता है कि मंदी के बाद कुशल आईटी प्रतिभाओं की मांग बढ़ रही है, जिससे व्यवसायों के लिए आने वाले साल में भर्ती की रणनीतियां तैयार करना जरूरी हो गया है। ग्लोबल हायरिंग प्लेटफॉर्म इनडीड के मुताबिक टेक्नोलॉजी की 70% नौकरियां वर्तमान में सॉफ्टवेयर के क्षेत्र में हैं।

जहां ऑपरेशनल एफिशियंसी और इनोवेशन के लिए व्यवसायों की सॉफ्टवेयर पर निर्भरता बढ़ रही है, वहीं डेवलपरों के लिए सिस्टम का निर्माण करने और उसे बनाए रखने की मांग बढ़ी

- आईटी की भर्तियों में 8.5% वृद्धि होने का अनुमान

है। एआई, मशीन लर्निंग, और ब्लॉकचेन जैसी टेक्नोलॉजी में हुई तेज प्रगति से प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए विशेषज्ञ सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट की जरूरत में भी काफी वृद्धि हुई है। इसमें विकसित होता हुआ स्टार्टअप परिवेश महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है क्योंकि नए व्यवसाय अपने उत्पादों का निर्माण और विकास करने के लिए डेवलपर्स की नियुक्ति को प्राथमिकता दे रहे हैं।

आंकड़ों के मानकीकरण पर रिजर्व बैंक ने की विशेषज्ञ समिति गठित

मुंबई। आरबीआई ने सोमवार को अपने नियमित रूप से जारी होने वाले आंकड़ों को वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाने के लिए समिति गठित करने की घोषणा की। समिति का गठन डिप्टी गवर्नर माइकल देबब्रत पात्रा की अध्यक्षता में हुआ है और इसमें 10 सदस्य होंगे। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के मानकीकरण पर विशेषज्ञ समिति को नवंबर, 2024 के अंत तक रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है। पात्रा की अध्यक्षता वाली समिति अन्य नियमित आंकड़ों की गुणवत्ता का भी अध्ययन करेगी। समिति के अन्य सदस्य आर बी बर्मन (पूर्व चेयरमैन, राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग), सोनाली देसाई (राष्ट्रीय अनुप्रयुक्त आर्थिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली और मैरीलैंड विश्वविद्यालय, यूएसए), पार्थ रे (निदेशक, राष्ट्रीय बैंक प्रबंधन संस्थान, पुणे) और विमल रॉय (पूर्व अध्यक्ष, राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग शामिल हैं।

राष्ट्रीय

एक नजर

विहिप नेता विकास बग्गा की हत्या के मामले में वांछित संदिग्ध गिरफ्तार

लुधियाना। पंजाब में काउंटर इंटेलिजेंस (सीआई) लुधियाना और लुधियाना कमिश्नरेट पुलिस ने नंगल स्थित विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) के नेता मुकुल मिश्रा की हत्या में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए को वांछित अपराधी को गिरफ्तार किया है। पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने सोमवार को यहां बताया कि की हत्या के मामले की जांच एनआईए द्वारा जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार, इस साल 13 अप्रैल की शाम को रेलवे रोड नंगल में स्थित उनकी दुकान पर दो अज्ञात हमलावरों ने वीएचपी नंगल मंडल के प्रधान विकास प्रभाकर उर्फ विकास बग्गा की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

मप्रः मदरसे में 10 वर्षीय लड़के से कुकर्म का आरोपी गिरफ्तार

इंदौर। मध्यप्रदेश के इंदौर जिले के मदरसे में 10 वर्षीय लड़के से कुकर्म के आरोप में इस संस्थान के कर्मचारी को सोमवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि बड़गोंदा थाना क्षेत्र के मदरसे में रहकर पढ़ने वाले 10 वर्षीय लड़के से संस्थान के 20 वर्षीय पुरुष कर्मचारी ने दो अगस्त को दोपहर में कथित तौर पर कुकर्म किया। आरोपी ने कुकर्म के दौरान लड़के के साथ गाली-गलौज और मारपीट करते हुए उसे धमकाया कि अगर उसने किसी को आपबीती सुनाई, तो वह उसे जान से मार डालेगा। अधिकारी ने कहा कि पीड़ित बालक का मदरसे के दूसरे लड़कों से झगड़ा हुआ था। मदरसे के शिक्षक ने बालक से कहा था कि विवाद शांत होने तक वह आरोपी कर्मचारी के कमरे में सो जाया करे।

पुलिस मामला सुलझाए, नहीं तो जांच सीबीआई को देंगे

पीड़िता के परिजनों से मिलीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, पुलिस को दिया 18 तक का अल्टीमेटम

कोलकाता, एजेंसी

कोलकात्ता में महिला प्रशिक्षु चिकित्सक से दरिंदगी

प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को कहा कि अगर पुलिस आरजी कर अस्पताल में महिला चिकित्सक की हत्या का मामला रविवार 18 अगस्त तक सुलझाने में विफल रही तो जांच सीबीआई को दी जाएगी। बनर्जी ने कहा कि मामले की सुनवाई त्वरित अदालत में की जाए। बनर्जी महिला चिकित्सक के घर गईं और पीड़ित परिवार से मुलाकात की।

बनर्जी ने कहा कि अगर पुलिस मामले को सुलझा नहीं पाती है, तो जांच सीबीआई को सौंप देंगे। बनर्जी ने कहा कि मृतक डॉक्टर के परिजनों को संदेह है कि इसमें कोई भीतर का व्यक्ति शामिल है। मैंने पुलिस से कहा है कि पीड़िता के दोस्तों और अन्य से पूछताछ होनी चाहिए। बनर्जी ने कहा कि छाती रोग विभाग के प्रमुख और सुरक्षा प्रभारी कोलकाता पुलिस के एसीपी को भी हटा दिया गया है। कोलकाता पुलिस आयुक्त विनीत गोयल भी बनर्जी के साथ पीड़िता के घर गए। गोयल ने कहा कि घटनास्थल के पास मौजूद लोगों को बुलाया जा रहा है। हमें यकीन है कि अगर और भी अपराधी होंगे तो हम उन्हें चार से पांच दिनों में गिरफ्तार कर लेंगे।

सख्त कार्रवाई करे प. बंगाल सरकारः प्रियंका

नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने कहा कि महिला चिकित्सक के मामले में पश्चिम बंगाल सरकार को त्वरित और सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा बहुत बड़ा मुद्दा है और इसके लिए ठोस प्रयास की जरूरत है। प्रियंका गांधी ने एक्स पर कहा कि ट्रेनी डॉक्टर से हुई दरिंदगी दिल दहलाने वाली है। कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा के लिए ठोस प्रयास की जरूरत है।

संस्थान के प्रधानाचार्य ने दिया इस्तीफा, हड़ताल जारी

कोलकाता में महिला चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या मामले पर आलोचनाओं का सामना कर रहे संस्थान के प्रधानाचार्य संदीप घोष ने पद से सोमवार को इस्तीफा दे दिया। जूनियर चिकित्सकों ने अस्पताल कर्मियों को सुरक्षा मुहैया कराने में नाकामी के लिए उनके इस्तीफे की मांग की थी। मामले की मजिस्ट्रेट जांच की मांग को लेकर जूनियर चिकित्सक, प्रशिक्षु और परास्नातक प्रशिक्षु चिकित्सकों की हड़ताल सोमवार को चौथे दिन भी जारी रहने से अस्पतालों में सेवाएं बाधित हैं। एक दिन पहले बंगाल सरकार ने चिकित्सा अधीक्षक सह उप-प्रधानाचार्य संजय वशिष्ठ को हटा दिया और उनकी जगह छात्र मामलों की डीन प्रोफेसर बुलबुल मुखोपाध्याय को अधीक्षक का अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया।

दिल्ली के अस्पतालों में अनिश्चितकालीन हड़ताल

नई दिल्ली। दिल्ली में केंद्र द्वारा संचालित एम्स, आरएमएल और सफदरजंग समेत कई अस्पतालों के रेजीडेंट चिकित्सकों ने कोलकाता में महिला चिकित्सक से हुई दरिंदगी पर सोमवार को अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी। फेडरेशन ऑफ रेजीडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन के अनुसार, हड़ताल के दौरान सभी बाह्यरोगी विभाग, ऑपरेशन थिएटर और वार्ड ड्यूटी बंद रहेंगी लेकिन आपातकालीन सेवाएं चालू रहेंगी ताकि यह सुनिश्चित हो कि आपात चिकित्सा वाले रोगियों को परेशानी न हो।

हिंडनबर्ग आरोपों पर जेपीसी की मांग कांग्रेस का ढकोसला

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा ने सोमवार को सेबी अध्यक्ष के खिलाफ हिंडनबर्ग के आरोपों की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच कराने की कांग्रेस की मांग को खारिज करते हुए कहा कि यह भारतीय अर्थव्यवस्था को कमजोर करने और देश में निवेश को नष्ट करने के लिए एक ढकोसला है। भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने दोहराया कि शॉर्ट सेलिंग कंपनी का आरोप और विपक्ष द्वारा सेबी की आलोचना एक व्यापक साजिश का हिस्सा है।

उन्होंने कहा कि भारत को वैश्विक स्तर पर सुरक्षित, स्थिर और बेहतर बाजार के तौर पर देखा जा रहा है लेकिन कांग्रेस ऐसा माहौल बनाना चाहती है कि देश का निवेश परिदृश्य सुरक्षित नहीं है। अरबपति निवेशक जॉर्ज सोरोस हिंडनबर्ग में निवेशक हैं और उन्हें सरकार के खिलाफ दुष्प्रचार अभियान चलाने के लिए जाना जाता है।

हिंडनबर्ग पर होगी सख्त कार्रवाईः केंद्रीय मंत्री

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि हिंडनबर्ग ने कांग्रेस के साथ मिलकर देश को बदनाम किया है और अमेरिकी कंपनी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होगी। केंद्रीय कपड़ा मंत्री सिंह ने राहुल गांधी और जयराम रमेश पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और जयराम रमेश... यह देश को बदनाम करने वाला गिरोह है। गांधी को बड़े बाप का बेटा करार देते हुए सिंह ने कहा कि राहुल को देश और देश की दिशा के बारे में कुछ भी पता नहीं है।

सरकार के पास सेबी से अलग बोलने को कुछ नहीं

नई दिल्ली। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि उसके पास हिंडनबर्ग की रिपोर्ट पर सेबी के बयान के बाद कुछ अतिरिक्त बोलने को नहीं है। वित्त मंत्रालय में आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ ने कहा कि सेबी ने बयान दे दिया है। चेयरपर्सन ने भी बयान दिया है। सरकार को इसपर और कुछ नहीं कहना है। आरोपों के जवाब में बुच दंपति ने रविवार को संयुक्त बयान में कहा था कि ये निवेश 2015 में किए गए थे, जो 2017 में सेबी के पूर्णकालिक सदस्य के रूप में उनकी नियुक्ति तथा मार्च ,2022 में चेयरपर्सन के रूप में उनकी पदोन्नति से काफी पहले था।

माधवी बुच इस्तीफा दें, उच्चतम न्यायालय जांच सीबीआई या एसआईटी को सौंपेः कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने सेबी प्रमुख माधवी बुच के खिलाफ हिंडनबर्ग के आरोपों को लेकर सोमवार को उनके इस्तीफे की मांग की और उच्चतम न्यायालय से आग्रह किया कि वह इस मामले की जांच सीबीआई या एसआईटी को सौंपे। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने अदाणी मामले में सेबी के समझौता करने की आशंका जताई और फिर से यह मांग दोहराई कि एक संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) का गठन होना चाहिए ताकि वह मोदानी महा घोटाले की पूरी जांच कर सके क्योंकि यह मामला एक नॉन-बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री और एक नॉन-बायोलॉजिकल कारोबारी से जुड़ा हुआ है।

कोर्ट ने कविता की जमानत पर सीबीआई, ईडी से जवाब मांगा

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली की आबकारी नीति में कथित घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार और धनशोधन के मामलों में बीआरएस नेता के. कविता की जमानत अर्जियों पर सोमवार को सीबीआई और ईडी से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने उक्त मामलों में कविता को जमानत देने से इनकार करने के दिल्ली हाईकोर्ट के एक जुलाई के फैसले के खिलाफ बीआरएस नेता की याचिकाओं को सुनने पर सहमति जता दी। कविता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने पीठ से कहा कि वह पांच महीने से हिरासत में हैं और सीबीआई तथा ईडी आरोप पत्र तथा अभियोजन शिकायत दाखिल कर चुके हैं। अभियोजन शिकायत ईडी के लिए उसी तरह है जिस तरह आरोप पत्र होता है। रोहतगी ने कहा कि इन दोनों मामलों में करीब 500 गवाह थे।

आबकारी नीति मामला

केजरीवाल की याचिका पर शीघ्र सुनवाई के संकेत

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सीबीआई की ओर से गिरफ्तारी की वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर शीघ्र सुनवाई का सोमवार को संकेत दिया। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता एएम सिंघवी और चंद्र उदय सिंह से मामले से संबंधित अनुरोध ईमेल भेजने को कहा।

दोनों अधिवक्ताओं ने विशेष उल्लेख के दौरान केजरीवाल का पक्ष रखते हुये उनकी याचिका को तत्काल सूचीबद्ध का अनुरोध किया था। दिल्ली हाईकोर्ट ने केजरीवाल के खिलाफ सीबीआई की ओर से दर्ज मुकदमा रद करने और जमानत याचिकाएं पांच अगस्त को खारिज कर दी थी। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने अपना आदेश सुनाते हुये कहा था कि सीबीआई के पास श्री केजरीवाल को गिरफ्तार करने का पर्याप्त कानूनी आधार था। न्यायमूर्ति कृष्णा ने कहा था कि यह नहीं कहा जा सकता कि गिरफ्तारी बिना किसी न्यायोचित कारण के की गयी।

उपराज्यपाल को पत्र विशेषाधिकार का दुरुपयोग, केजरीवाल को लिखे पत्र में तिहाड़ के अधिकारियों ने कहा

नई दिल्ली। तिहाड़ जेल प्राधिकारियों ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सूचित किया है कि उपराज्यपाल वीके सक्सेना को लिखा गया उनका पत्र दिल्ली जेल नियमों के तहत उन्हें दिए गए विशेषाधिकारों का दुरुपयोग है और उसे उपराज्यपाल को नहीं भेजा गया। केजरीवाल ने पत्र में लिखा था कि कैबिनेट मंत्री आतिशी स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा फहराएंगी। तिहाड़ जेल नंबर 2 के अधीक्षक ने दिल्ली कारागार नियम, 2018 के प्रावधानों का हवाला देते हुए केजरीवाल को एक पत्र में सलाह दी कि ऐसी किसी भी अनुचित गतिविधि से दूर रहें अन्यथा उनके विशेषाधिकारों में कटौती कर दी जाएगी। पिछले सप्ताह उपराज्यपाल को लिखे पत्र में केजरीवाल ने कहा था कि दिल्ली सरकार के स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम के दौरान उनकी जगह आतिशी राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगी।

न्यायालय ने सेंथिल बालाजी की जमानत पर फैसला सुरक्षित रखा

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल धनशोधन के एक मामले में ईडी द्वारा गिरफ्तार तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी. सेंथिल बालाजी की जमानत याचिका पर सोमवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति अगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने ईडी की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और बालाजी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी एवं सिद्धार्थ लूथरा की दलीलें सुनीं। मेहता ने द्रमुक नेता को जमानत देने का विरोध करते हुए कहा कि मुकदमे में देरी पूर्व मंत्री के कारण हो रही है। रोहतगी ने दलील दी कि बालाजी एक साल से जेल में हैं। उन्होंने बालाजी की ओर से कहा कि उस समय आरोप लगाया गया था कि मैं प्रभावशाली व्यक्ति हूं, लेकिन अब मेरे पास विभाग नहीं है। अभी मेरी सर्जरी हुई है। और क्या चाहिए?

युवती से दुष्कर्म करने के आरोप में दो लोगों पर मुकदमा

ठाणे। नवी मुंबई पुलिस ने युवती से कई बार दुष्कर्म करने के आरोप में दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। खांडेश्वर थाने के अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने 2021 में हुए दुष्कर्म के लिए रविवार को मुकदमा दर्ज किया। शिकायत के अनुसार, एक आरोपी ने 15 जनवरी, 2021 को नागपुर में युवती से दुष्कर्म किया और 27 जनवरी को दोस्त के साथ मिलकर फिर से दुष्कर्म किया।

अदालत ने पूजा खेडकर को गिरफ्तारी से अंतरिम सुरक्षा दी

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने धोखाधड़ी करने और अन्य पिछड़ा वर्ग व दिव्यांगता के आरक्षण का गलत तरीके से लाभ उठाने के आरोप में आईएएस की पूर्व प्रशिक्षु अधिकारी पूजा खेडकर को सोमवार को गिरफ्तारी से 21 अगस्त तक अंतरिम सुरक्षा प्रदान की।

न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने खेडकर की अग्रिम जमानत याचिका पर संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के साथ ही दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया और उनसे जवाब देने को कहा। न्यायमूर्ति प्रसाद ने कहा कि मौजूदा मामलों में तथ्यों पर गौर करते हुए अदालत का यह मानना है कि याचिकाकर्ता को सुनवाई की अगली तारीख तक गिरफ्तार न किया जाए।

धोखाधड़ी मामला

राजमार्ग पार्किंग नहीं, किसानों को मनाए सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पंजाब सरकार से कहा कि वह शंभू बॉर्डर पर 13 फरवरी से प्रदर्शन कर रहे किसानों को सड़क से ट्रैक्टर और ट्रॉलियां हटाने के लिए राजी करे। न्यायालय ने कहा कि राजमार्ग पार्किंग स्थल नहीं है।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और उज्जल भुइयां की पीठ ने पंजाब और हरियाणा के पुलिस प्रमुखों को अंतर्राज्यीय शंभू बॉर्डर पर राजमार्ग को आंशिक रूप से फिर से खोलने के लिए एक सप्ताह के भीतर पड़ोसी पटियाला और अंबाला जिलों के पुलिस अधीक्षकों के साथ बैठक करने का निर्देश दिया। पीठ ने पंजाब सरकार से कहा कि हम निर्देश तो नहीं दे रहे हैं, लेकिन पंजाब सरकार पर दबाव जरूर डाल रहे हैं कि वह किसानों को तुरंत अपने ट्रैक्टर और ट्रॉलियां हटाने के लिए राजी करे। यहां तक कि पार्किंग से भी समस्या होगी। अब, हम इस मुद्दे पर विचार कर रहे हैं और हम इसे तब तक लंबित रखेंगे जब तक कि सभी समस्याओं का कोई सम्मानजनक, सौहार्दपूर्ण और निष्पक्ष और न्यायसंगत समाधान नहीं मिल जाता। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कोई भी नहीं चाहता कि किसानों या कृषि समुदाय को किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना करना पड़े। पीठ ने कहा कि आखिरकार, हम भी चिंतित हैं। दोनों राज्य चिंतित हैं और हर कोई इसके बारे में चिंतित है। कोर्ट ने कहा कि पंजाब और हरियाणा के पुलिस महानिदेशकों और पटियाला तथा अंबाला के पुलिस अधीक्षकों के साथ दोनों जिलों के उपायुक्तों को एक सप्ताह में बैठक कर राजमार्ग को शुरुआत में एम्बुलेंस, वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं, छात्राओं, आवश्यक सेवाओं और आसपास के क्षेत्रों के दैनिक यात्रियों के लिए आंशिक रूप से खोलने की रूपरेखा तय करनी है।

शंभू बॉर्डर

- 13 फरवरी से प्रदर्शन कर रहे किसानों को सड़क से ट्रैक्टर और ट्रॉलियां हटाने के लिए करें राजी

खेल डायरी

मुश्फिकुर और तस्किन बांग्लादेश की टेस्ट टीम में

ढाका। पाकिस्तान दौरे के लिए अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज मुश्फिकुर रहीम और तेज गेंदबाज तस्किन अहमद को बांग्लादेश की 16 सदस्यीय टेस्ट टीम में जगह दी है। तस्किन इस सीरीज में भी केवल 30 अगस्त को कराची में होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए उपबलब्ध होंगे, हालांकि इससे पहले वह 20 अगस्त से शुरू हो रहे दूसरे अनाधिकृत टेस्ट में बांग्लादेश ए टीम का हिस्सा होंगे। उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश ए की टीम भी पाकिस्तान दौरे पर है। इस टेस्ट टीम के छह सदस्य बांग्लादेश ए दल का भी हिस्सा हैं और शनिवार को पाकिस्तान पहुंच चुके हैं। 13 अगस्त से शुरू होने वाले पहले चार-दिवसीय मैच में मुश्फिकुर और मोमिनुल हक भी खेलेंगे। अनुभवी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन टेस्ट टीम का हिस्सा हैं। शाकिब ने पिछले महीने ही ख़ुद को चयन के लिए उपलब्ध बताया था। इस टी में मुश्फिकुर, मोमिनुल और शाकिब जैसे अनुभवी खिलाड़ी हैं, जिनके पास कुल 216 टेस्ट मैचों का अनुभव है। तैजुल इस्लाम और मेहदी हसन मिराज स्पिन विभाग की अगुवाई करेंगे।

स्ट्रेस फ्रेक्चर के कारण यूटीटी से बाहर श्रीजा

चेन्नई। भारतीय टेबल टेनिस स्टार श्रीजा अकुला स्ट्रेस फ्रेक्चर के कारण अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) लीग के आगामी सत्र से बाहर हो गई हैं। श्रीजा और दुनिया की 25वें नंबर की खिलाड़ी मनिका बत्रा ने पेरिस ओलंपिक में व्यक्तिगत स्पर्धा के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनकर इतिहास रचा था। श्रीजा विश्व रैंकिंग में 22वें स्थान के साथ भारत की शीर्ष रैंकिंग वाली खिलाड़ी हैं। दो बार की राष्ट्रीय चैंपियन अकुला को यूटीटी में जयपुर पैट्रियट्स की ओर से खेलना था लेकिन सोमवार को जारी बयान में इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने सूचित किया कि उन्हें छह हफ्ते आराम करने की जरूरत है। श्रीजा ने कहा मुझे यह साझा करते हुए दुख हो रहा है कि मुझे स्ट्रेस फ्रेक्चर हुआ है और अपने डॉक्टर की सलाह पर मुझे छह हफ्ते आराम करने की जरूरत है, दुर्भाग्य से इसका मतलब है कि मैं यूटीटी में हिस्सा नहीं ले पाऊंगी। यूटीटी का आगामी सत्र 22 अगस्त से सात सितंबर तक चेन्नई में खेला जाएगा।

टेस्ट के लिए न्यूजीलैंड टीम में पांच स्पिनर शामिल

आकलैंड। न्यूजीलैंड ने अगले महीने अफगानिस्तान के खिलाफ अगले महीने एक टेस्ट और श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए टीम में पांच स्पिनरों को जगह दी है। अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट भारत में ग्रेटर नोएडा में 9 से 13 सितंबर तक खेला जाएगा। वहीं श्रीलंका में दो टेस्ट 18 और 26 सितंबर से शुरू होंगे। अनुभवी तेज गेंदबाज टिम साउदी कप्तान होंगे जबकि टीम में केन विलियमसन, डेवोन कॉंवे, ग्लेन फिलिप्स और रचिन रविंद्र जैसे खिलाड़ी भी हैं। कोच गैरी स्टीड ने कहा उपमहाद्वीप के टेस्ट दौरे के लिए कठिन फैसले लेने पड़ सकते हैं। उमस और गर्मी के अलावा पिचों को देखते हुए तेज गेंदबाजों को बाहर रहना पड़ सकता है। टिम और मैने इस पर बात की है और तेज गेंदबाजों के कार्यभार प्रबंधन के लिए भी यह जरूरी है जिसमें टिम भी शामिल है। स्पिन हरफनमौला मिचेल ब्रासवेल चोट के बाद 18 महीने बाद वापसी कर रहे हैं। उनके साथ मिचेल सेंटनेर, ऐजाज पटेल, ग्लेन फिलिप्स और रविंद्र स्पिन का जिम्मा संभालेंगे।

जसप्रीत का जू. एशियाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप में चयन

भोपाल। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में स्थित बॉक्सिंग बोर्डिंग अकादमी के खिलाड़ी जसप्रीत का जूनियर एशियाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए चयन हुआ है। अकादमी के मुख्य कोच रोशनलाल ने सोमवार को बताया कि जसप्रीत का चयन 63 किलोग्राम वर्ग में हुआ है। जसप्रीत दुबई में 27 अगस्त से प्रारंभ होने वाली जूनियर एशियाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह प्रतियोगिता 10 सितंबर तक चलेगी। रोशनलाल के अनुसार चैंपियनशिप में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों के चयन के लिए रोहतक (हरियाणा) में सात से 11 अगस्त तक ट्रायल आयोजित किया गया था। इसी में प्रदर्शन के आधार पर जसप्रीत का चयन किया गया है। राज्य के खेल एवं युवा कल्याण विभाग की ओर से यहां टीटीनगर स्टेडियम में बॉक्सिंग बोर्डिंग अकादमी संचालित की जाती है।

नीरज की स्वदेश वापसी में देरी परामर्श के लिए जर्मनी गए

नई दिल्ली, एजेंसी

● पारिवारिक सूत्र ने दी जानकारी, अगले डेढ़ महीने तक भारत नहीं लौटेंगे भाला फेंक खिलाड़ी चोपड़ा

स्टार भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीतने के बाद संभावित सर्जरी के बारे में चिकित्सा सलाह और आगामी डाइमंड लीग प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के बारे में निर्णय लेने के लिए जर्मनी रवाना हो गए हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

एक पारिवारिक सूत्र ने बताया कि वह जर्मनी के लिए रवाना हो गए हैं और कम से कम एक महीने तक उनके भारत लौटने की संभावना नहीं है। पेरिस में भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के सूत्रों ने भी पुष्टि की कि नीरज जर्मनी के लिए रवाना हो गए हैं। एक पारिवारिक ने बताया चोपड़ा जर्मनी के लिए रवाना हो गए हैं और वह अगले डेढ़ महीने तक भारत नहीं लौटेंगे। मुझे ज्यादा जानकारी नहीं है लेकिन निश्चित रूप से वह वहां (जर्मनी) एक डॉक्टर से परामर्श लेंगे। नीरज ने कहा था कि वह अपनी चोट के संबंध में पेरिस ओलंपिक के बाद चिकित्सकों से परामर्श लेंगे।

मुक्केबाजों से निराशा, फिर आजमाएंगे जोर

नई दिल्ली, एजेंसी

निकहत ज़रीन और लवलीना बोरगोहेन जैसे मौजूदा विश्व चैंपियन खिलाड़ियों के बावजूद भारतीय मुक्केबाज पेरिस ओलंपिक में उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाए और उन्हें बिना पदक के वापस लौटना पड़ा।

विजेंदर सिंह के बीजिंग ओलंपिक 2008 में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीतने के बाद भारतीय मुक्केबाजों से ओलंपिक में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद की जाने लगी थी। इसके चार साल बाद एमसी मैरी कॉम ने लंदन ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। रियो ओलंपिक 2016 में भारतीय मुक्केबाज पदक नहीं जीत पाए लेकिन तोक्यो ओलंपिक में लवलीना कांस्य पदक हासिल करने में सफल रही थीं। इस परिदृश्य में उम्मीद की जा रही थी कि भारतीय मुक्केबाज पदक जीतने का सिलसिला जारी रखेंगे लेकिन उनका प्रदर्शन निराशाजनक रहा। खेल के जानकारों का मानना था कि क्वालीफाई करने वाले छह मुक्केबाजों से दो नहीं तो कम से कम एक पदक की उम्मीद की जा सकती है।

● जरीन, लवलीना और निशांत देव में कोई भी पोडियम तक नहीं जा सका

दो बार की विश्व चैंपियन जरीन (50 किग्रा), लवलीना (75 किग्रा) और विश्व चैंपियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता निशांत देव (71 किग्रा) सभी को पोडियम पर पहुंचने का मजबूत दावेदार माना जा रहा था, लेकिन जब वास्तविक प्रतिस्पर्धा की बात आई तो भारतीय खिलाड़ियों में आवश्यक गति की कमी नजर आई। निशांत को अपवाद माना जा सकता है क्योंकि क्वार्टर फाइनल में विवादास्पद परिणाम के कारण वह पदक से वंचित हो गए। जहां तक जरीन और लवलीना का सवाल है तो वह अपनी मजबूत प्रतिद्वंदियों के सामने संघर्ष करती हुई नजर आई।

पेरिस का सफर खत्म, लॉस एंजिल्स की तैयारी

ओलंपिक में उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे बैडमिंटन खिलाड़ी बिना पदक लौटे

लक्ष्य सेन

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों का लंदन ओलंपिक (2012) से शुरू हुआ पदक जीतने का सिलसिला 12 साल के बाद पेरिस ओलंपिक में थम गया, जो प्रशंसकों के लिए किसी निराशा की तरह था। लक्ष्य सेन ने पुरुष एकल के सेमीफाइनल में पहुंच कर पदक की उम्मीद जगाई थी लेकिन सेमीफाइनल और कांस्य के मुकाबले में अच्छी स्थिति में होने के बावजूद उनकी हार चिंताजनक रही।

रियो (2016) और तोक्यो (2021) में पदक जीतने वाली पीवी सिंधू से पेरिस में हैट्रिक की उम्मीद थी तो वहीं सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी को पदक का सबसे बड़ा दावेदार माना गया था। इन खिलाड़ियों के साथ पुरुष एकल में एच एस प्रणय और महिला युगल में अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी भी दबाव में बिखर गईं। ओलंपिक के पेरिस चक्र के दौरान सरकार की तरफ से बैडमिंटन को भी काफी समर्थन मिला, जिसमें 13 राष्ट्रीय शिविर और 81 विदेशी अनुकूलन दौरे शामिल थे। इनका खर्च टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) के तहत किया गया।

भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के मिशन ओलंपिक सेल ने बैडमिंटन के लिए 72.03 करोड़ रुपये आवंटित किए, जो भारत की ओलंपिक तैयारियों के लिए 16 खेल में खर्च किए गए लगभग 470 करोड़ रुपये में से दूसरी सबसे बड़ी राशि है। इस बड़े निवेश के बावजूद, पेरिस में नतीजे उम्मीदों के अनुरूप नहीं रहे, जिससे ओलंपिक प्रतियोगिता में कड़े मुकाबले और मजबूत मानसिकता की अहमियत और बढ़ जाती है। इस दौरान सिंधू को 3.13 करोड़ रुपये की मदद मिली लेकिन वह प्री-क्वार्टर फाइनल से आगे बढ़ने में नाकाम रही।

विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी सात्विक और चिराग की जोड़ी की अप्रत्याशित हार सबसे चौंकाने वाली थी क्योंकि उन्हें स्वर्ण पदक का दावेदार माना जा रहा था। सरकार ने खिलाड़ियों को बड़े पैमाने पर समर्थन दिया था, जिसमें जर्मनी और फ्रांस में सिंधू और लक्ष्य के प्रशिक्षण के लिए क्रमशः 26.60 लाख रुपये और 9.33 लाख रुपये मंजूर किए गए थे। सरकार ने पेरिस चक्र के लिए सात्विक और चिराग की जोड़ी पर कुल 5.62 करोड़ रुपये खर्च किए, लेकिन क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के आरोन चिया और सोह वूई यिक ने उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया। इस हार के बाद डेनमार्क के उनके कोच माथियास बो ने कोचिंग छोड़ने की घोषणा कर दी। लॉस एंजिल्स में 2028 में होने वाले अगले ओलंपिक में यह देखना होगा कि 29 साल की सिंधू फिटनेस बरकरार रखती है या नहीं। सात्विक और चिराग की जोड़ी के साथ ही लक्ष्य पेरिस से मिली सीख का इस्तेमाल कर वापसी करना चाहेंगे। प्रियांशु राजावत और तृषा जॉली एवं गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जैसी उभरती प्रतिभाओं को देखते हुए भारत की बैडमिंटन संभावनाएं अगले चार वर्षों के लिए आशाजनक बनी हुई हैं।

कोच के साथ सात्विक और चिराग।

पीवी सिंधू

72.03

करोड़ रुपये भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के मिशन ओलंपिक सेल ने बैडमिंटन को दिए

470 करोड़ रुपये लगभग ओलंपिक तैयारियों के लिए 16 खेल में खर्च किए गए जिसमे से बैडमिंटन को मिली राशि दूसरी सबसे बड़ी राशि है

26.60

लाख सिंधू और लक्ष्य को 9 .33 लाख रुपये जर्मनी और फ्रांस में प्रशिक्षण के लिए मिले थे

प्रधानमंत्री ने की भारतीय दल की सराहना

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फ्रांस के पेरिस में आयोजित ओलंपिक के समापन पर भारतीय दल के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने भारतीय एथलीटों को नायक बताते हुए उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया पेरिस ओलंपिक के समापन पर, मैं खेलों के माध्यम से पूरे भारतीय दल के प्रयासों की सराहना करता हूं। सभी एथलीटों ने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है और हर भारतीय को उन पर गर्व है।

निशानेबाजों को अभियान पर गर्व होना चाहिए : बिंद्रा

मुंबई। ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा का मानना है कि पेरिस खेलों में भारत के और अधिक निशानेबाजों के पास अपने प्रदर्शन को पदक में बदलने का मौका था लेकिन कुल मिलाकर यह एक ऐसा अभियान था जिस पर उन्हें गर्व होना चाहिए। भारत ने निशानेबाजी में तीन सहित कुल मिलाकर छह पदक जीते। इस दौरान मनु भाकर आजादी के बाद ओलंपिक के एक ही सत्र में दो पदक जीतने वाली देश की पहली खिलाड़ी बनी। महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में कांस्य पदक जीतने के बाद मनु ने सरबजोत सिंह के साथ 10 मीटर

रोहित, कोहली और बुमराह नहीं खेलेंगे दलीप ट्रॉफी

बेंगलुरु, एजेंसी

रोहित शर्मा, विराट कोहली, आर अश्विन और जसप्रीत बुमराह पांच सितंबर से शुरु होने वाली दलीप ट्रॉफी में नहीं खेलेंगे। इस टूर्नामेंट के लिए खिलाड़ियों का चयन इस महीने के आखिर में होगा। इस टूर्नामेंट में केएल राहुल और ऋषभ पंत भी हिस्सा ले सकते हैं। शुभमन गिल, यशस्वी जयसवाल, सरफराज खान, सूर्यकुमार यादव और रजत पाटीदार भी चार टीमों के इस टूर्नामेंट का हिस्सा होंगे। दलीप ट्रॉफी में भारत ए, भारत बी, भारत सी और भारत डी नाम की चार टीमें हिस्सा लेंगी।

चोट से उबर रहे मोहम्मद शमी के भी इस टूर्नामेंट में खलने की संभावना है, लेकिन इससे पहले उन्हें फिटनेस साबित करने को कहा जा सकता है। वह फिलहाल एनसीए बेंगलुरु में हैं और स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। पांच सितंबर को इस टूर्नामेंट के दो मैच खेले जाएंगे, जिसमें एक मैच अनंतपुर से बेंगलुरु जा सकता है। कर्नाटका क्रिकेट एसोसिएशन ने अनौपचारिक रूप से इन मैचों को कराने के लिए स्वीकृति दे दी है।

इस बार पूर्व कोच राहुल द्रविड़, एनसीए प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण, मुख्य चयनकर्ता अजीत आगरकर और बीसीसीआई के महाप्रबंधक एबे कुरूविला की कमेटी की सलाह पर दलीप ट्रॉफी की संरचना को बदला गया है। चार टीमों के इस टूर्नामेंट में अब प्रत्येक टीम को राउंड रॉबिन के आधार पर तीन मैच खेलने हैं।

रोहित दो विराट पांच साल खेल सकते है: हरभजन

नई दिल्ली। भारत के पूर्व दिग्गज स्पिनर खिलाड़ी हरभजन सिंह का मानना है कि विराट कोहली अपनी बेहतरीन फिटनेस के साथ अगले पांच साल तक अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के व्यस्त कैलेंडर से आसानी से तालमेल बैठा सकते हैं जबकि टेस्ट और एकदिवसीय कप्तान रोहित शर्मा भी आराम से अगले दो साल तक खेल सकते हैं। हरभजन ने कहा रोहित आसानी से दो साल और खेल सकते हैं। आप विराट कोहली की फिटनेस की तुलना किसी और से नहीं कर सकते हैं। आप उन्हें आसानी से पांच साल तक खेलते हुए देख सकते हैं। वह शायद टीम में सबसे फिट खिलाड़ी हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 700 से अधिक विकेट लेने वाले इस पूर्व ऑफ स्पिनर ने कहा आप किसी भी 19 साल के युवा को फिटनेस के मामले में विराट को टक्कर देने के लिए कह सकते हैं और विराट उसे हरा देंगे। वह इतने फिट है।

प्रज्ञानानंदा को मिला-जुला ड्रॉ

सेंट लुई (अमेरिका), एजेंसी

आर प्रज्ञानानंदा को सेंट लुई रेपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट में मिला-जुला ड्रॉ मिला है और यह भारतीय ग्रैंडमास्टर यहां अपने अभियान की शुरुआत काले मोहरों से अमेरिका के लेवोन अरोनियन के खिलाफ करेगा। प्रज्ञानानंदा को मैक्सिम वाचियेर-लाग्रेव और अलीरेजा फिरोजा की फ्रांसीसी जोड़ी, ग्रैंड शतरंज टूर में शीर्ष पर चल रहे अमेरिका के फाबियानो करुआना और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसोत्तोरोव खिलाफ सफेद मोहरों से खेलना है जिससे उनके पास टूर पर अपनी वर्तमान तीसरी रैंकिंग से सुधार करने का अच्छा अवसर है।

साल के शुरुआती हिस्से में अच्छा प्रदर्शन करने के बाद प्रज्ञानानंदा बील मास्टर्स में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाए और कुछ महत्वपूर्ण रेटिंग अंक गंवाकर विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 से बाहर हो गए। 19 साल के प्रज्ञानानंद को उम्मीद है कि वह अपनी गलतियों को सुधारेंगे और यहां आखिरी दो प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। कुल इनामी राशि एक लाख 75 हजार डॉलर है और मौजूदा फॉर्म को देखते हुए करुआना खिताब के सबसे बड़े दावेदार माने जा रहे हैं। अमेरिकी खिलाड़ी ने रोमानिया के बुखारेस्ट में सुपरबेट क्लासिक में चार खिलाड़ियों के टाईब्रेकर में जीत हासिल की थी और फिर क्रोएशिया के जाग्रेब में सुपरयूनाइटेड रेपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट में पांच दौर शेष रहते जीत दर्ज की। हिकारू नाकामूरा एक ऐसे खिलाड़ी हैं जो कभी भी पासा पलट सकते हैं। वह टूर के लिए नौ खिलाड़ियों के पूल में शामिल नहीं होने के बावजूद यहां अपने हमवतन लेनियर डोमिन्गुएज और अरोनियन के साथ तीन वाइल्ड कार्ड प्रतिभागियों में से एक के रूप में खेलेंगे।

ग्रैंड शतरंज टूर

● अमेरिका के फाबियानो करुआना माने जा रहे खिताब के सबसे बड़े दावेदार

फाइनल में पहुंचीं अमांडा-जेसिका

टोरंटो, एजेंसी

अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा ने तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में हवतन आठवीं वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो को पराजित करके नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई जहां उनका सामना एक और अमेरिकी खिलाड़ी जेसिका पेगुला से होगा।

विश्व रैंकिंग में 132वें नंबर की खिलाड़ी अनिसिमोवा ने नवारो को 6-3, 2-6, 6-2 से हराया। मौजूदा चैंपियन और तीसरी वरीयता प्राप्त पेगुला ने एक अन्य सेमीफाइनल में रूस की 14वीं वरीयता प्राप्त डायना श्नाइडर को 6-4, 6-3 से हराया। अनिसिमोवा ने पिछले साल टेनिस से मानसिक स्वास्थ्य ब्रेक लिया था। इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने अभी तक दो डब्ल्यूटीए टूर खिताब जीते हैं।

132 वें नंबर की खिलाड़ी अनिसिमोवा ने नवारो को हराया

<< मैच के दौरान शॉट लगातीं अमांडा अनिसिमोवा।

नेशनल बैंक ओपन के फाइनल में रुबलेव

मॉन्ट्रियल। रूस के पांचवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी आंद्रे रुबलेव ने बारिश से प्रभावित मैच में माटेओ अर्नाल्डी को सीधे सेटों में हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। इस साल मैड्रिड और हांगकांग में खिताब जीतने वाले 26 वर्षीय रुबलेव ने अर्नाल्डी को 6-4, 6-2 से हराया। फाइनल में उनका मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के एलेक्सी पोपिरिन से होगा। पोपिरिन ने अमेरिका के सेबेस्टियन कोर्डा को 7-6 (0), 6-3 से हराया। इससे पहले रविवार को क्वार्टर फाइनल में पोपिरिन ने चौथी वरीयता प्राप्त ह्यूबर्ट हर्काज़ को 3-6, 7-6 (5), 7-5 से और कोर्डा ने दूसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 7-6 (5), 1-6, 6-4 से हराया था।

श्रीलंका श्रृंखला से पहले इंग्लैंड के स्टोक्स चोटिल

मैनचेस्टर। इंग्लैंड की टेस्ट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स घरेलू क्रिकेट प्रतियोगिता हंड्रेड में खेलते समय चोटिल हो गए जिससे उनके श्रीलंका के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला में भाग लेने पर सवालिया निशान लग गया है।

नॉर्दर्न सुपर चार्जस की तरफ से मैनचेस्टर ओरिजिनल्स के खिलाफ खेलते हुए तेजी से रन चुराने के प्रयास में 33 वर्षीय स्टोक्स के बाएं पांव की मांसपेशियां खिंच गई और उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। वह दो रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हो गए। अभी तक उनकी चोट की गंभीरता का पता नहीं लगा है और उनके सामने जल्द ही पूरी तरह से फिट होने की चुनौती होगी। स्टोक्स की अगुवाई में इंग्लैंड ने पिछले महीने वेस्टइंडीज को तीन टेस्ट मैच की श्रृंखला में 3-0 से हराया था। श्रीलंका के खिलाफ उसका पहला मैच 21 अगस्त से ओल्ड ट्रैफर्ड में खेला जाएगा। इस श्रृंखला का तीसरा और अंतिम मैच छह सितंबर से ओवल में खेला जाएगा।

द. अफ्रीका-वेस्टइंडीज का टेस्ट मैच ड्रा

पोर्ट ऑफ स्पेन, एजेंसी

ऐलेक ऐथनेज की (92) रनों की जुझारु पारी की बदौलत वेस्टइंडीज ने दूसरी पारी में पांच विकेट पर 201 रन बनाकर दक्षिण के साथ खेले गए पहले टेस्ट मैच को ड्रा करा दिया। दक्षिण अफ्रीका ने पांचवें दिन दूसरी पारी को तीन विकेट पर 173 रन पर पारी घोषित कर वेस्टइंडीज को जीत के लिए 298 रनों का लक्ष्य दिया। जिसके जवाब में दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत खराब रही और एक समय उसने 64 रन पर अपने तीन विकेट गवां दिये थे। ऐसा लग रहा था दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाज केशव महाराज वेस्टइंडीज की दूसरी पारी को जल्द ही समेट देंगे।

कप्तान क्रेग ब्रैथवेट(शून्य), मिकाइल लुईस (9) रन बनाकर आउट हुए। ऐसे संकट के समय ऐलेक ऐथनेज ने पहले केसी कार्टी के साथ मिलकर चौथे विकेट लिए 63 रनों की साझेदारी की। केसी कार्टी (31) और उसके बाद केवम हॉज (29) रन बनाकर आउट हुए। ऐलेक ऐथनेज ने 92 रनों की जुझारू पारी खेली। जेसन होल्डर (31) रन बनाकर नाबाद रहे। वेस्टइंडीज ने 56.2 ओवर में पांच विकेट पर 201 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका की ओर से केशव महाराज ने चार विकेट लिए। कगिसो रबाडा ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 30 रन से आगे खेलना शुरु किया। टोनी 45 रन एवं एडन मारक्रम 38 रन बनाकर आउट हुये। दोनों ही बल्लेबाजों को जोमेल वारिकन ने आउट किया। ट्रिस्टन स्टब्स ने 68 रनों की शानदार पारी खेली। उन्हें केमार रोच ने बोल्ड आउट किया। स्टब्स के आउट होने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने तीन विकेट पर 173 रन पर पारी घोषित कर दी। और वेस्टइंडीज को पहली पारी की 124 रनों की बढ़त और दूसरी के 173 रनों के आधार पर जीत के लिए 298 रनों का लक्ष्य दिया। वेस्टइंडीज की ओर से जोमेल वारिकन ने दो विकेट लिए।

विकेट लेने के बाद साथियों संग जश्न मनाते दक्षिण अफ्रीका के केशव महाराज। ● एजेंसी

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

एक नजर

लंदन : चाकू से हमले में एक व्यक्ति गिरफ्तार

लंदन। मध्य लंदन में 11 वर्षीय एक बच्चे और 34 वर्षीय एक व्यक्ति पर चाकू से हमला करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। लंदन की मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, घटना लेस्टर स्क्वायर पर हुआ, जहां साल के इस समय पर्यटकों की भारी भीड़ होती है। चाकू से हमले की यह घटना ऐसे समय में हुई, जब ब्रिटेन में एक सप्ताह से अधिक समय से अशांति का माहौल है।

परमाणु वार्ता फिर से शुरू करने पर की चर्चा

तेहरान। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेशकियान और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल ने रविवार को 2015 के परमाणु समझौते के पुनरुद्धार पर वार्ता बहाल करने को लेकर चर्चा की। ईरानी राष्ट्रपति के कार्यालय की वेबसाइट पर प्रकाशित एक बयान के अनुसार, एक फोन कॉल में दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ साझा हित के क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा की, जिसमें दुनिया में बहुपक्षवाद को बढ़ावा देना और गाजा में विकास शामिल है।

पाकिस्तान में सड़क हादसे में छह लोगों की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में पंजाब प्रांत के भक्कर जिले में कार और बस के बीच टक्कर से कम से कम छह लोगों की मौत हो गयी और एक अन्य घायल हो गया। बचाव सेवा सूत्रों के मुताबिक दुर्घटना जिले के मनकेरा इलाके में झांग रोड पर रविवार की शाम को उस समय हुई, जब विपरीत दिशा से आ रहे दो वाहन क्रॉसिंग से गुजरते समय आपस में टकरा गये। घटना में कार में सवार छह लोगों की मौत हो गयी। मृतकों में तीन बच्चे हैं, जबकि एक महिला घायल हुई है।

पश्चिम सूडान में झड़पों में 28 लोगों की मौत

खार्तूम। पश्चिमी सूडान में उत्तरी दारफुर राज्य की राजधानी अल फशर पर शनिवार को अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के हमले में 28 नागरिक मारे गए और 46 अन्य घायल हो गए। राज्य के कार्यवाहक राज्यपाल अल-हाफिज बखेत ने रविवार को कहा कि आरएसएफ मिलिशिया ने बाजारों और नागरिक सुविधाओं पर व्यवस्थित गोलाबारी और नागरिकों के घरों पर धावा बोलकर उन्हें नष्ट करने के बाद नए नरसंहारों का सहारा लिया।

ईरान के उपराष्ट्रपति जरीफ पद से देंगे इस्तीफा

तेहरान। सरकार के गठन पर मतभेद के कारण ईरान के उपराष्ट्रपति जरीफ इस्तीफा देंगे। जरीफ को गत 02 अगस्त को ईरान के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने रणनीतिक मामलों के लिए उपराष्ट्रपति नियुक्त किया था। कयास लगाए जा रहे हैं कि जरीफ़ के संभावित इस्तीफ़े का कारण देश के नए मंत्रिमंडल की संरचना पर असहमति हो सकती है।

अनंतनाग में आतंकियों की तलाश का दायरा बढ़ाया

- सुरक्षाबलों का खोज अभियान तीसरे दिन भी जारी रहा

श्रीनगर, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के वन क्षेत्र में आतंकवाद विरोधी अभियान सोमवार को तीसरे दिन भी जारी रहा और सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के खात्मे के लिए तलाशी क्षेत्र का दायरा बढ़ा दिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। शनिवार को आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में दो सैनिक शहीद हो गए थे और एक अन्य व्यक्ति की जान चली गई थी, जिसके बाद अनंतनाग जिले के अहलान गगरमांडू वन क्षेत्र में आतंकवादियों के खात्मे के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया गया।

भौगोलिक रूप से चुनौतीपूर्ण हालात के बावजूद आतंकवादियों को पकड़ने के लिए अभियान तीसरे दिन भी जारी है। सुरक्षा बलों ने अहलान गगरमांडू जंगल में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में खुफिया रिपोर्ट मिलने के बाद शनिवार को घेराबंदी और तलाश अभियान शुरू किया था। इसी दौरान शाम के समय सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हो गई। आतंकवादियों के एक समूह ने अर्द्ध सैनिक बल सहित सेना के जवानों और स्थानीय पुलिस के संयुक्त तलाशी दल पर गोलीबारी की। अधिकारियों का मानना है कि आतंकियों के समूह में तीन से चार आतंकवादी हो सकते हैं।

ओली ने प्रधानमंत्री मोदी को दिया नेपाल आने का निमंत्रण

काठमांडू। नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने अपने भारतीय समकक्ष नरेन्द्र मोदी को नेपाल की आधिकारिक यात्रा के लिए आमंत्रित किया है।

प्रधानमंत्री ओली ने भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्री के माध्यम से यह निमंत्रण दिया, जिन्होंने रविवार को सिंह दरबार में उनसे मुलाकात की। मिस्री की दो दिवसीय यात्रा पिछले महीने प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के नेतृत्व में नई सरकार के गठन के बाद नेपाल में भारतीय विदेश सचिव की पहली यात्रा है। दो दिवसीय नेपाल यात्रा पर आए विदेश सचिव मिस्री ने सोमवार को उप प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री बिष्णु पौडेल से शिष्टाचार भेंट की।

तिरंगे ने देश को एकता के सूत्र में पिरोया

राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे की एक लंबी और समृद्ध यात्रा रही है। देश की आजादी में तिरंगे का अत्यधिक महत्व रहा है। स्वाधीनता संग्राम का प्रतीक होने के साथ ही राष्ट्रीय ध्वज ने आजादी की लड़ाई और राष्ट्रीय एकता में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। देश की आज़ादी के 75वें वर्ष के उपलक्ष्य में सरकार ने हर घर तिरंगा अभियान शुरू किया है। जिसके तहत 13 से 15 अगस्त के बीच लोग घरों-मुहल्ले में तिरंगा फहराएंगे। आइए जानते हैं इस यात्रा के कुछ पहलू...।

विरासत का प्रतिनिधित्व

- **स्वतंत्रता का प्रतीक :** तिरंगा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का प्रतीक बन गया और देश की स्वतंत्रता की लड़ाई में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- **एकता का प्रतीक :** तिरंगा भारतीय एकता का प्रतीक है, जो देश के विभिन्न समुदायों और क्षेत्रों को एक साथ जोड़ता है।
- **सांस्कृतिक विरासत :** तिरंगा भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है, जो देश के इतिहास और परंपराओं को दर्शाता है।
- **राष्ट्रीय गौरव :** तिरंगा भारतीयों के लिए राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है, जो देश की स्वतंत्रता और संप्रभुता को दर्शाता है।
- **स्वतंत्रता सेनानियों की याद :** तिरंगा उन स्वतंत्रता सेनानियों की याद दिलाता है जिन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी।

विस्तृत और समृद्ध यात्रा

- **1906 :** सबसे पहले तिरंगे का अविष्कार बंगाल के एक क्रांतिकारी ने किया था, जिसमें लाल, पीले और हरे रंग की पट्टियां थीं।
- **1916 :** पिंगली वेंकैया ने एक नए डिजाइन का प्रस्ताव दिया, जिसमें केसरिया, सफेद और हरे रंग की पट्टियां थीं।
- **1921 :** महात्मा गांधी ने चरखा (स्पिनिंग व्हील) को शामिल करने का सुझाव दिया।
- **1931 :** कांग्रेस ने तिरंगे को अपनाया, जिसमें केसरिया, सफेद और हरे रंग की पट्टियां थीं।
- **1947 :** स्वतंत्रता के बाद, तिरंगे को भारत के राष्ट्रीय ध्वज के रूप में अपनाया गया।
- **1950 :** अशोक चक्र को शामिल करने के लिए डिजाइन में संशोधन किया गया।
- **1951 :** तिरंगे के उपयोग के लिए दिशा निर्देश तय किए गए।
- **1971 :** तिरंगे को युद्ध और सैन्य बेड़े में शामिल किया गया।
- **2002 :** तिरंगे के उपयोग के लिए दिशा निर्देशों में संशोधन किया गया।

हिंदुओं पर हमले, सड़क पर उतरे लोग

बांग्लादेश को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन से तत्काल निर्णायक कदम उठाने की अपील

ह्यूस्टन, एजेंसी

बांग्लादेश में इस्लामी चरमपंथियों द्वारा हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों को निशाना बनाकर किए गए जघन्य कृत्यों के खिलाफ प्रदर्शन के लिए 300 से अधिक भारतीय-अमेरिकी और बांग्लादेशी मूल के हिंदू रविवार सुबह ह्यूस्टन के शुगर लैंड सिटी हॉल में एकत्र हुए। प्रदर्शनकारियों ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन से अपील की कि वह बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ अत्याचार को रोकने और कमजोर समुदायों की रक्षा करने के लिए निर्णायक कदम उठाएं।

हिंदू समुदायों के खिलाफ हिंसा की घटनाओं में हालिया वृद्धि क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए एक गंभीर खतरा बन गई है। प्रदर्शन के आयोजकों ने बांग्लादेश में सभी धार्मिक अल्पसंख्यकों की तत्काल सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की और बाइडन प्रशासन से आग्रह किया कि वह मानवता के खिलाफ हो रहे इन जघन्य अपराधों के दौरान मूकदर्शक न बना रहे। आयोजकों ने बांग्लादेशी हिंदुओं को सतर्क रहने, ताजा स्थिति पर नजर रखने और किसी भी आपात स्थिति में मिलकर आवश्यक कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। 'बांग्लादेश में हिंदुओं को बचाओ' प्रदर्शन का आयोजन 'ग्लोबल वॉयस फॉर बांग्लादेश माइनॉरिटीज' ने किया। यह ह्यूस्टन के प्रमुख हिंदू समूहों का प्रतिनिधित्व करने वाला प्रमुख संगठन है, जिसमें मैत्री, विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ऑफ अमेरिका, हिंदूएक्शन, हिंदूपैक्ट, ह्यूस्टन दुर्गाबाड़ी सोसाइटी, इस्कॉन, ग्लोबल कश्मीरी पंडित डायस्पोरा और कई अन्य समूह शामिल हैं। विहिप ऑफ अमेरिका और हिंदू एक्शन का प्रतिनिधित्व करने वाले अचलेश अमर ने कहा कि हम हिंदू समुदाय पर उनकी बहुलवादी आस्था के लिए किए गए हमले की कड़ी निंदा करते हैं। हम बांग्लादेश में अपने भाइयों-बहनों के साथ एकजुटता से खड़े हैं।

प्रदर्शनकारी एक सप्ताह में अवैध हथियार जमा करें

ढाका। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के गृह मामलों के सलाहकार ब्रिगेडियर जनरल (सेवानिवृत्त) एम सखावत हुसैन ने सोमवार को प्रदर्शनकारियों से 19 अगस्त तक सभी अवैध और अनधिकृत हथियार जमा करने को कहा, जिनमें हालिया हिंसा के दौरान एजेंसियों से लूटी गई राइफल भी शामिल हैं। तय तिथि के बाद अधिकारी तलाशी अभियान चलाएंगे, किसी के पास अनधिकृत शस्त्र पाए जाते हैं तो कार्रवाई होगी।

बांग्लादेश के ढाका में आयोजित एक विरोध रैली में मौजूद हिंदू समुदाय के लोग।। • एजेंसी

त्रिपुरा में घुसपैठ की कोशिश नाकाम

अगरतला। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के प्रवक्ता ने बताया कि 12 से 15 बांग्लादेशियों का एक समूह दिन के समय खराब मौसम और क्षेत्र में कम दृश्यता का फायदा उठाकर जिले की पहरमुरा सीमा चौकी क्षेत्र से सीमा पार करने की कोशिश कर रहा था। घुसपैठ को रोकने के लिए जवानों ने एक गोली भी चलाई।

सीमाओं का भेद न हो : आईएमएसडी

नई दिल्ली। इंडियन मुस्लिम्स फॉर सेक्युलर डेमोक्रेसी (आईएमएसडी) ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदायों पर हमलों की कड़ी निंदा करते हुए सोमवार को कहा कि सांप्रदायिकता उपमहाद्वीप की समस्या है और इससे मुकाबला करने के लिए सीमाओं का भेद नहीं रखना चाहिए।

अनियमितता पर होगी कड़ी कार्रवाई

ढाका। बांग्लादेश के नवनियुक्त प्रधान न्यायाधीश सैयद रेफात अहमद ने सोमवार को चेतावनी दी कि यदि न्यायपालिका का कोई भी व्यक्ति किसी गलत काम में संलिप्त पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अटॉर्नी जनरल के कार्यालय और सुप्रीम कोर्ट बार द्वारा अपीलीय प्रभाग में आयोजित स्वागत समारोह में अहमद ने कहा कि न्यायपालिका में किसी भी तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। न्यायपालिका से जुड़ा कोई भी व्यक्ति किसी भी गलत काम में संलिप्त पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

प. एशिया: परमाणु पनडुब्बी की तैनाती करेगा अमेरिका

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका ने यूएसएस जॉर्जिया परमाणु पनडुब्बी को पश्चिम एशिया में तैनात करने और अब्राहम लिंकन विमानवाहक पोत की तैनाती में तेजी लाने का आदेश दिया है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय 'पेंटागन' ने रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन की इजराइली रक्षा मंत्री योव गैलेंट के साथ बातचीत के बाद रविवार को यह जानकारी दी।

कहा कि रक्षा मंत्री ऑस्टिन ने एफ-35सी लड़ाकू विमानों से लैस यूएसएस अब्राहम लिंकन कैरियर स्ट्राइक ग्रुप को केंद्रीय कमान क्षेत्र में पारगमन में तेजी लाने का आदेश दिया है, जो यूएसएस थियोडोर रूजवेल्ट कैरियर स्ट्राइक ग्रुप की ओर से पहले से प्रदान की जा रही क्षमताओं में इजाफा करेगा। पेंटागन ने बताया कि रक्षा मंत्री ने यूएसएस जॉर्जिया (एसएसजीएन 729) निर्देशित मिसाइल पनडुब्बी को मध्य कमान क्षेत्र में भेजने का भी आदेश दिया है।

हिजबुल्ला ने उत्तरी इजराइल में दागे रॉकेट

लेबनान। दक्षिणी लेबनान के गांवों पर इजराइली हमलों के जवाब में हिजबुल्ला ने सोमवार सुबह उत्तरी इजराइल में एक सैन्य अड्डे पर लगभग 30 कत्युशा रॉकेट दागे। गनीमत रही कि रॉकेट हमलों में कोई हताहत नहीं हुआ है।

युद्ध विराम की वार्ता में शामिल नहीं होगा हमास

गाजा। फिलीस्तीनी आंदोलन हमास ने गाजा पट्टी में युद्ध विराम पर इजराइल के साथ 15 अगस्त को होने वाली अंतिम वार्ता में भाग लेने के लिए अमेरिका, कतर और मिस्र के निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया है। यह जानकारी एक्सियोस पोर्टल ने रिपोर्ट में हमास के बयान का हवाला देते हुए दी है।

सैन्य अभ्यास शुरू करेंगे दक्षिण कोरिया-अमेरिका

सियोल। दक्षिण कोरिया और अमेरिका, उत्तर कोरिया के बढ़ते परमाणु खतरों से निपटने की संयुक्त क्षमताओं में सुधार पर ध्यान केंद्रित करते हुए अगले सप्ताह अपना वार्षिक संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू करेंगे। दोनों देशों ने सोमवार को यह जानकारी दी। दक्षिण कोरियाई और अमेरिकी सैन्य अधिकारियों ने कहा कि 19 से 29 अगस्त तक होने वाले उल्ची फ्रीडम शील्ड अभ्यास में मिसाइलों, जीपीएस जैमिंग और साइबर हमलों के खिलाफ तैयारी मजबूत करने वाले अभ्यास शामिल होंगे।

भारत-श्रीलंका नौका सेवा 16 को फिर से शुरू

कोलंबो। भारत और श्रीलंका के बीच यात्री नौका सेवा का परिचालन 16 अगस्त को श्रीलंका के कांकेसंथुराई और तमिलनाडु के नागापट्टिनम के बीच फिर से शुरू किया जाएगा। नौका परिवहन कंपनी इंडश्री फेरी सर्विस प्राइवेट लिमिटेड ने सोमवार को यह जानकारी दी। ऑनलाइन टिकटों की बिक्री 13 अगस्त की मध्यरात्रि से नागापट्टिनम बंदरगाह पर शुरू होगी। कंपनी के प्रबंध निदेशक एस. निरंजन नंदगोपन ने कहा कि हमारा यात्री जहाज शिवगंगा दोनों देशों के बीच नौका सेवाओं को फिर से शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

चीनी नृत्यांगना ने अपनी प्रस्तुति से रचा इतिहास

- भारतीय राजनयिकों के समक्ष अरंगेत्रम की प्रस्तुति दी

बीजिंग, एजेंसी

स्कूली छात्रा लेई मुजी ने चीन में भरतनाट्यम अरंगेत्रम की प्रस्तुति देकर इतिहास रच दिया। इसे पड़ोसी देश में लोकप्रियता हासिल कर रही प्राचीन भारतीय नृत्य शैली की यात्रा में एक मील के पत्थर के तौर पर देखा जा रहा है।

लेई (13) ने रविवार को यहां प्रसिद्ध भरतनाट्यम नृत्यांगना लीला सैमसन, भारतीय राजनयिकों और बड़ी संख्या में चीनी प्रशंसकों के समक्ष अपनी नृत्य प्रस्तुति दी। भारतीय शास्त्रीय कला और नृत्य शैलियों को सीखने और उनके प्रदर्शन के लिए दशकों तक अपना जीवन समर्पित करने वाले उत्साही चीनी प्रशंसकों के लिए मंच पर उनका पदार्पण एक ऐतिहासिक क्षण और मील का पत्थर था, क्योंकि यह चीन में पहली बार अरंगेत्रम- भरतनाट्यम का दीक्षांत समारोह था।

रूसी आक्रमण रोकने का प्रयास : पुतिन

कीव। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को कहा कि कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेन द्वारा घुसपैठ डोनबास में मास्को के आक्रमण को रोकने की कीव द्वारा की जा रही एक कोशिश है। पुतिन ने रक्षा विभाग के शीर्ष अधिकारियों के साथ एक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि यूक्रेन द्वारा पिछले मंगलवार को किया गया यह हमला भविष्य में वार्ता में अपनी स्थिति को मजबूत करने के कीव के प्रयास को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन को रूस में घुसकर घरेलू स्थिति को अस्थिर करने की उम्मीद होगी लेकिन उम्मीदों पर पानी फिर गया।

बुशरा की जमानत याचिका खारिज

- दंगों से जुड़े मामलों में आतंकवाद रोधी अदालत का फैसला

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान में आतंकवाद रोधी एक अदालत ने पिछले वर्ष नौ मई को हुई हिंसा से जुड़े 12 मामलों में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी की जमानत याचिका सोमवार को खारिज कर दी। आतंकवाद रोधी अदालत के न्यायाधीश मलिक एजाज आसिफ ने बुशरा बीबी की जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा कि बुशरा बीबी के मामले में जांच की जरूरत है।

पूर्व आईएसआई प्रमुख फैज हमीद सैन्य हिरासत में

इस्लामाबाद। पूर्व आईएसआई प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल फैज हमीद को आवास योजना घोटाले के सिलसिले में कोर्ट मार्शल से पहले सेना ने गिरफ्तार कर लिया है। पाकिस्तान की सेना ने सोमवार को यह जानकारी दी।

काबुल में बम धमाके में एक की मौत

इस्लामाबाद। अफगानिस्तान की राजधानी में एक मिनीवैन में किए गए बम धमाके में एक व्यक्ति की मौत हो गई। आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) ने सोमवार को इस हमले की जिम्मेदारी ली। आतंकवादी संगठन ने एक बयान में कहा कि उसने रविवार को शिया अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों को निशाना बनाते हुए विस्फोटक उपकरण से धमाका किया और इसमें घायल और मारे गए लोगों की संख्या 13 बताई। पुलिस के प्रवक्ता खालिद जादरान ने सोमवार को काबुल शहर के पश्चिमी हिस्से में बम धमाके की घटना की पुष्टि की।

बॉलीवुड हलचल

कैंसर का दौर बहुत कठिन था: मनीषा कोइराला

मुंबई। कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से उबर चुकीं अभिनेत्री मनीषा कोइराला का कहना है कि आज युवाओं के लिए स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। वह नहीं चाहतीं कि किसी को भी कैंसर जैसी बीमारी का सामना करना पड़े। मनीषा कोइराला (53) को 2012 में ओवेरियन कैंसर का पता चला था और लंबे उपचार के बाद 2014 में उन्हें कैंसर मुक्त घोषित कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि किसी भी बीमारी या स्वास्थ्य समस्या को मात देने के लिए जागरूकता बहुत जरूरी है। कोइराला ने कहा, आज के समय में युवा पीढ़ी को बहुत सारी स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें उचित स्वास्थ्य योजना बनानी चाहिए। मैं भी एक कैंसर रोगी थी, जो जागरूकता की वजह से बच गई। कोइराला ने एजेंसी से कहा, अगर मैं कैंसर को हरा सकती हूं, तो कोई और क्यों नहीं? जब मुझे कैंसर होने का पता चला तो मेरे लिए बहुत मुश्किल समय था। मैं नहीं चाहती कि किसी को भी इस तरह की बीमारी का सामना करना पड़े।

फिल्म किंग के लिए वजन कम करेंगे शाहरुख

मुंबई। बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख खान अपनी आने वाली फिल्म किंग के लिये वजन कम करेंगे। सिद्धार्थ आनंद की कंपनी मारफ्लिक्स पिक्चर्स और शाहरुख खान की होम प्रोडक्शन कंपनी रेड चिलीज एंटरटेनमेंट की आने वाली फिल्म किंग में शाहरुख खान और उनकी बेटी सुहाना की मुख्य भूमिका है। फिल्म किंग में अभिषेक बच्चन की भी एंट्री हो गई है। फिल्म किंग का निर्देशन सुजॉय घोष करेंगे।फिल्म किंग में जोरदार एक्शन देखने को मिलेगा। शाहरुख खान ने कहा कि मेरी अगली फिल्म किंग है, जिसमें मैं नजर आऊंगा। इस फिल्म पर मुझे काम शुरू करना है। अपना वजन भी कम करना पड़ेगा। इस बार मुझे अपने कंफर्म जोन से बाहर जाने की जरूरत है, जिससे एक्शन सीन्स करने के बाद मेरा दर्द किसी को दिखाई न दें। यह सब बहुत ही दर्दनाक होता है। एक्शन मुश्किल है, आपको इसे सीखना पड़ता है और कुछ खतरनाक स्टंट डबल्स करते हैं।

पाकिस्तानी संगीतकार हानिया असलम का निधन

मुंबई। पाकिस्तान की मशहूर गायिका हानिया असलम का इंतकाल (निधन) हो गया है। उनकी रिश्ते की बहन और संगीतकार जेब़ बंगश ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी है। असलम को कोक स्टूडियो के लैली जान, बीबी सनम, पैमोना और चुप जैसे गानों के लिए जाना जाता है। बंगश ने इंस्टाग्राम पर हानिया की तस्वीरें साझा कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने पुष्टि की कि रविवार को उनका इंतकाल हुआ। स्थानीय मीडिया की खबरों के मुताबिक, असलम की मौत दिल का दौरा पड़ने की वजह से हुई है।

खगोल विज्ञान दूसरे ग्रहों पर जीवन की तलाश में नासा ने लोगों को दिया आमंत्रण

नासा के साथ ग्रहों की खोज कर सकेंगे आम नागरिक

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : खगोल विज्ञान के प्रति दिलचस्पी रखने वाले नागरिक अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के साथ मिलकर परग्रहियों (बाहरी ग्रह) की खोज में शामिल हो सकते हैं। नासा के वैज्ञानिक परग्रहियों की खोज को लेकर ट्रांजिट विधि (पारगमन) का परीक्षण देंगे। खुली विज्ञान नीति के जरिए नासा ने एक्सोप्लैनेट विज्ञान से जुड़ने का मार्ग आम लोगों के लिए खोला है।

हमारे अपने सौर परिवार का एकमात्र ग्रह पृथ्वी है, जहां जीवन है। अन्य ग्रह जीवन योग्य नही हैं। हालांकि सूक्ष्म जीवन के संकेत कुछ ग्रहों के चांद पर मिलते रहे हैं। मगर वास्तविकता यह है कि लाख प्रयास के बाद भी दूसरे ग्रह पर जीवन की तलाश अभी तक पूरी नहीं हो सकी है। अभी तक 5000 से अधिक एक्सोप्लैनेट की खोज की जा चुकी है। जिसके चलते वैज्ञानिकों का अनुमान है कि आकाश में प्रत्येक तारे के लिए कम से कम एक एक्सोप्लैनेट मौजूद है। जिनकी तलाश आम लोगों के जरिए खत्म की जा सकती है। नासा के खगोल भौतिकी मिशन के तहत नैन्सी ग्रेस रोमन स्पेस टेलीस्कोप और हैबिटेबल वल्ड्र्स ऑब्जर्वेटरी बाहरी ग्रहों की खोज में लगाई जाएगी, जो हमारे सौर मंडल के बाहर के ग्रहों की खोज में मदद करेगी। नासा के एक्सोप्लैनेट अनुसंधान का नागरिक विज्ञान के साथ लंबा जुड़ाव रहा है। नासा के ट्रांजिटिंग एक्सोप्लैनेट सर्वे सैटेलाइट मिशन और केपलर मिशन ने अधिकांश एक्सोप्लैनेट की खोज की है।

एक्सोप्लेनेट वॉच के प्रोजेक्ट लीड व प्रोजेक्ट साइंटिस्ट, एस्ट्रोफिजिसिस्ट रॉब ज़ेलेम के अनुसार दुनिया भर में कोई भी व्यक्ति जिसके पास स्मार्टफोन या लैपटॉप है, वह ब्रह्मांड के बारे में और अधिक जानने में हमारी मदद करने के लिए इन नागरिक विज्ञान प्रयासों में पूरी तरह से भाग ले सकता है। बाहरी ग्रहों की खोज में बड़ी संख्या में लोगों का वैज्ञानिकों के साथ शामिल होना जरूरी है। तभी दूसरे ग्रह पर जीवन की तलाश आसान हो सकेगी।



अपने तारे के साथ ग्रह की काल्पनिक तस्वीर।

2027 तक लॉन्च होने की उम्मीद

रोमन एंड हैबिटेबल वल्ड्र्स ऑब्ज़र्वेटरी नागरिक विज्ञान के लिए अधिक संभावनाए प्रदान करते हैं। इसके मई 2027 तक लॉन्च होने की उम्मीद है। रोमन प्रत्यक्ष इमेजिंग, पारगमन और गुरुत्वाकर्षण माइक्रोलेंसिंग के माध्यम से एक्सोप्लैनेट की खोज करेगा। इसके बाद हैबिटेबल वल्ड्र्स ऑब्ज़र्वेटरी संभावित रूप से रहने योग्य ग्रहों को खोजने और उनके वायुमंडल का अध्ययन करेगा।